www.epaper.azadsipahi.in

29 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 10, अंक 71









# अलविदा मनमोहनः राजकीय सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार, बेटी ने दी मुखाग्नि

- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री समेत तमाम नेता हुए अंतिम संस्कार में शामिल
- सेना के तीनों अंगों ने पार्थिव शरीर को दी अंतिम सलामी



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** अलविदा मनमनोहनः पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का शनिवार को निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। इससे पहले सुबह 8:30 बजे से उनका पार्थिव शरीर कांग्रेस मुख्यालय में रखा गया था, जहां पार्टी कार्यकर्ता और आम जनता ने उनके दर्शन किये। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी भी पार्टी कार्यालय में उपस्थित थीं। यहां पूर्व पीएम के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी गयी। उसके बाद राजकीय सम्मान से अंतिम यात्रा निकाली गयी। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हुआ था। वे 92 साल के थे। वे लंबे समय से बीमार थे। घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8:06 बजे दिल्ली एम्स लाया गया था। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक, रात 9:51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली।

**तमाम बड़े नेता और परिजन थे मौजूदः** कांग्रेस मुख्यालय से पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनके पार्थिव शरीर को निगमबोध घाट लाया गया। घाट पर डॉ मनमोहन सिंह के परिवार के अलावा तमाम बड़े नेता और आमलोग मौजूद थे। मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर, बड़ी बेटी उपिंदर सिंह (65), दूसरी बेटी दमन सिंह (61) और तीसरी बेटी अमृत सिंह (58) निगमबोध घाट पर थीं। मनमोहन सिंह की बेटी ने मुखाग्नि दी। इससे पहले तीनों सेनाओं ने मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर को अंतिम सलामी दी। अंतिम संस्कार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत देश के तमाम बड़े नेता निगमबोध घाट पर मौजूद थे। कांग्रेस मुख्यालय से निगमबोध घाट जिस वाहन से पार्थिव शरीर लाया गया, उसमें राहुल गांधी भी मौजूद थे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को कंधा भी दिया। वहीं, भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और मॉरीशस के विदेश मंत्री मनीष गोबिन ने भी निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।





## इन फैसलों के लिए हमेशा याद किये जायेंगे मनमोहन

- जुलाई 1991: अर्थव्यवस्था में उदारीकरण, औद्योगिक लाइसेंसिंग खत्म
- जून 2005: सूचना का अधिकार
- सितंबर 2005: रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा)
- मार्च 2006: अमेरिका से न्यूक्लियर डील
- जनवरी 2009: आधार स्कीम
- अप्रैल 2010: शिक्षा का अधिकार

## न्यूज रील्स

### कोलकाता में बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

कोलकाता। कोलकाता के पार्क स्ट्रीट इलाके से पुलिस ने एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। यह शख्स 2023 से शहर के खिदिरपुर इलाके में किराये के मकान में रह रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पकड़े गये बांग्लादेशी नागरिक ने उत्तर 24 परगना के पते वाला फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड भी बनवा लिया था।

### वैष्णो देवी में रोपवे प्रोजेक्ट का विरोध जारी

कटरा। श्री माता वैष्णो देवी में प्रस्तावित रोपवे प्रोजेक्ट के खिलाफ बंद शनिवार को चौथे दिन भी जारी रहा। कटरा में पुलिस हिरासत में लिये गये 18 लोगों की रिहाई के लिए प्रदर्शनकारी भूख हड़ताल पर हैं। जम्मू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने भी प्रदर्शनकारियों को अपना समर्थन दिया है। गौरतलब है कि श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने 25 दिसंबर से शुरुआत में इलाके में सभी व्यापारिक गतिविधियां बंद करने की घोषणा की थी। समिति ने 27 दिसंबर की रात को बंद 72 घंटे के लिए बढ़ा दिया था।

# जो कहा, उसे रिकॉर्ड समय में पूरा किया : हेमंत सोरेन




**मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर मंईयां सम्मान योजना को लेकर किया पोस्ट**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना को लेकर कहा है कि जो बोला, उसे रिकार्ड समय में पूरा किया। इस बाबत उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। दरअसल, सम्मान योजना का कार्यक्रम होनेवाला था, लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण कार्यक्रम को टाल दिया गया। हालांकि लाभुकों के खाते में पैसा पहुंचने लगा है। मुख्यमंत्री ने जो बढ़ी हुई राशि देने की घोषणा की थी, वह खाते में पहुंची हैं। इससे जनता में खुशी है, वहीं मुख्यमंत्री ने अपने वादे को याद दिलाया।

## शनिवार को होना था कार्यक्रम

रांची के नामकुम में 28 दिसंबर को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम होना था। इस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य की महिला सम्मान लाभुकों के खाते में एक साथ 2500 रुपये वितरित करने वाले थे, इस कार्यक्रम की तैयारी भी पूरी कर ली गयी थी। इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन हो गया। राज्य सरकार ने झारखंड में सात दिनों के लिए राजकीय शोक की घोषणा की है। राज्य में 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा। राज्य के सभी भवनों, जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, वे आधे झुके रहेंगे। इस वजह से मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम को भी रद्द कर दिया गया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पोस्ट

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण मंईयां सम्मान का आज का कार्यक्रम टाल दिया गया है। लेकिन मैंने जो वादा राज्य की महान जनता से किया था, उसे पूरा कर रहा हूं। हर मंईयां के खाते में हर माह 2500 रुपये दिये जा रहे हैं। साल में पूरे 30 हजार रुपये मिलेंगे।

### हजारीबाग एसडीओ की पत्नी की इलाज के दौरान मौत

# पुलिस ने एसडीओ के खिलाफ मामला दर्ज किया, लेकिन गिरफ्तारी से कतरा रही

**परिजनों ने एसडीओ की गिरफ्तारी को लेकर थाना का किया घेराव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता कुमारी की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी है। गंभीर स्थिति में 26 दिसंबर को जलने के बाद रांची के देवकमल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अनीता कुमारी के परिवार वालों ने एसडीएम अशोक कुमार के ऊपर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अवैध संबंध के कारण अनीता कुमारी को जलाया गया है। इस संबध में अनीता के परिजनों ने थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने एफआइआर तो दर्ज कर ली है, लेकिन एसडीओ की गिरफ्तारी से कतरा रही है। महिला की मौत के बाद परिजनों ने जम कर हंगामा किया। मृतक के परिजनों ने एसडीओ की गिरफ्तारी को लेकर थाने का घेराव किया। वे बीच सड़क पर भी बैठ गये।


मृतक के परिजनों ने लोससिंघना थाना के सामने शव के साथ थाने का घेराव किया। लोगों ने अशोक कुमार समेत सभी आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की है। परिजनों का कहना है कि आम जनता अगर इस तरह की घटना को अंजाम देती तो उसकी गिरफ्तारी हो जाती है। परिजनों का कहना है कि बेहद निर्मन तरीके से पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। जिला प्रशासन ने अब तक कार्रवाई नहीं की है। सभी आरोपी घूम रहे हैं।

# आप की महिला सम्मान योजना की जांच होगी

**दिल्ली के उपराज्यपाल ने कहा नागरिकों की निजी जानकारी जुटा रहे, कानून तोड़ने वालों पर पुलिस एक्शन ले**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने आम आदमी पार्टी (आप) की महिला सम्मान योजना की जांच के निर्देश दिये हैं। एलजी के प्रधान सचिव ने दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को चिट्ठी लिखी है। अफसरों से कहा गया है कि गैर-सरकारी लोगों द्वारा दिल्ली की जनता की निजी जानकारी जुटायी जा रही है। इसकी जांच करायें और कानून के अनुसार कार्रवाई करें। इसके अलावा उपराज्यपाल ने पंजाब से कैश ट्रांसफर के आरोपों की भी जांच का निर्देश दिया है। उन्होंने बॉर्डर पर वाहनों की जांच करने के लिए कहा है। एलजी ने कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों के घर पर पंजाब सरकार के खुफिया कर्मचारियों की मौजूदगी के आरोपों की भी जांच करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने पुलिस आयुक्त से तीन दिन में रिपोर्ट मांगी है। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 12 दिसंबर को दिल्ली में 18 साल से अधिक उम्र की महिला को 1 हजार रुपये देने और चुनाव जीतने के बाद इसे बढ़ा कर 2100 रुपये प्रतिमाह करने की घोषणा की है। इसके बाद से दिल्ली में कई विवाद उठ रहे हैं।



# अस्पताल में गंदगी और अव्यवस्था देख नाराज हुए वित्त मंत्री

**राधाकृष्ण किशोर एमआरएमसीएच का औचक निरीक्षण करने पहुंचे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पलामू।** राज्य सरकार के वित्त और संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने शनिवार को पलामू प्रमंडलीय मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। वित्त मंत्री ने करीब एक घंटे तक पूरे अस्पताल परिसर का घूम-घूम कर जायजा लिया। मरीजों से अस्पताल की व्यवस्था पर बातचीत की। उन्होंने इस दौरान अव्यवस्था, गंदगी समेत कई गड़बड़ियां पायीं। इस पर मंत्री ने काफी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश देते हुए कहा कि अगली बार अगर गड़बड़ी पायी गयी, तो सीधे कार्रवाई होगी। कोई चेतावनी नहीं दी जायेगी।

**अस्पताल में गड़बड़ियां ही गड़बड़ियांः** राधाकृष्ण किशोर ने सबसे पहले अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति जांची। इंचार्ज डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार ड्यूटी से गायब मिले। सिविल सर्जन भी मौके पर नहीं थे। सुपरिटेंडेंट छुट्टी पर थे। प्रभारी सुपरिटेंडेंट डॉ संजय कुमार मौके पर थे। अस्पताल परिसर में गंदगी फैली हुई थी। मरीजों ने बातचीत में कई कमियां बतायीं। ऑर्थो विभाग में जांच करने पर पाया गया कि आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने आयी बारालोटा की महिला रोगी सविता देवी को मोबाइल नंबर देकर निजी दवा दुकान से ऑपरेशन के सामान खरीदवा दिये गये थे। इसी तरह पोखरीकला के एक मरीज को भी बाहर से ऑपरेशन के सामान खरीदने के लिए मजबूर करने की जानकारी मिली। वित्त मंत्री वहां की व्यवस्था देख कर नाराज हुए।

**कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगीः** मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के पक्षधर हैं। इसके लिए वह लगातार प्रयास भी कर रहे हैं। जमीनी कार्य करने वाले डॉक्टर और अस्पताल कर्मी इसमें सहयोग नहीं कर रहे हैं। इस वजह से मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। इस तरह की कोताही कभी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिसकी जो भी जिम्मेदारी है, वह पूरी निष्ठा के साथ निभायें, नहीं तो उन पर कार्रवाई होगी।

## इस बार चेतावनी अगली बार कार्रवाई

वित्त मंत्री ने प्रभारी सुपरिटेंडेंट डॉ संजय को साफ-सफाई की व्यवस्था करने समेत अन्य निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पहले दिन चेतावनी देकर सुधार करने का निर्देश दिया गया है। अगली बार कमियां पाये जाने पर सीधे कार्रवाई होगी। वित्त मंत्री ने डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मियों को ड्यूटी के दौरान यूनिफॉर्म में रहने का निर्देश दिया, ताकि उनकी पहचान हो सके और मरीजों को लाभ मिल सके।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# यह आक्रामकता ले डूबेगी जयराम महतो को

## ■ आक्रामकता दिखाते-दिखाते कहीं किसी लपेटे में आ गये, तो विधायकी भी जायेगी और जनता की उम्मीदों पर पानी भी फिरेगा

## ■ अच्छे-खासे राजनीतिक करियर को उलझाने का काम कर रहे जयराम महतो

## ■ जनता की आवाज है, उसे जनता के लिए ही बचा कर रखें, सही जगह आक्रामकता दिखायें

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड विधानसभा के पहली बार सदस्य बने जयराम महतो एक बार फिर विवादों में घिर गये हैं। तीन दिन पहले उन्होंने सीसीएल के एक आवास को लेकर जो कुछ किया, उससे यह बात साफ हो गयी है कि पावर ने इस आंदोलनकारी नौजवान को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। वास्तव में अपनी जिस आक्रामकता पर जयराम महतो इतराते हैं, वही उनके जी का जंजाल बनती जा रही है। लोग कहने लगे हैं कि यह आक्रामकता नहीं, बेवकूफी है। राजनीति में आक्रामकता काम के प्रति होनी चाहिए, न कि व्यवहार में दिखनी चाहिए। इसका सबसे बड़ा उदाहरण सचिन तेंदुलकर का है। कई बार खेल के मैदान पर गेंदबाज उन पर भद्दी टिप्पणी, जिसे स्लेजिंग कहते हैं, किया करते थे। उन्हें चिढ़ाने की कोशिश किया करते थे। यह इसलिए, ताकि सचिन अपना आपा खो दें और गलत निर्णय लेकर आउट हो जायें। लेकिन सचिन धैर्य नहीं खोते थे। गुस्सा तो उन्हें भी आता था, लेकिन वह इस गुस्से का इजहार अपने बल्ले से करते थे, न कि बातचीत और व्यवहार से। धोनी का भी उदाहरण ले लिया जाये, तो उन्हें तो कैप्टेन कूल ही कहा जाता था। खेल के मैदान में कई बार ऐसे मौके आये, जहां चाहते तो धोनी भी अपना आपा खो सकते थे। लेकिन वह उस दौरान शांत रहते, दुनिया को दिखाते कि उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा। लेकिन क्या वाकई उन्हें फर्क नहीं पड़ता था। पड़ता जरूर था, लेकिन वह अपने रणनीतिक कौशल से विपक्षी टीम को धूल चटा देते थे। वह अपने प्रदर्शन के जरिये आक्रामकता दिखाते, न कि चिल्ला कर, गाली देकर और व्यवहार या आचरण से। जयराम महतो को अगर राजनीति में लंबी पारी खेलनी है, तो उन्हें कुछ ऐसा ही करना होगा। व्यवहार में संयम बरतना होगा, धैर्य रखना होगा, तभी वह सही दिशा में आगे बढ़ पायेंगे। निर्णय लेने की क्षमता बढ़ेगी। कहावत है न, जो गरजते हैं, वह बरसते नहीं। लगता है कि उसी दिशा में जयराम जाने की तैयारी कर रहे हैं। जनता ने बहुत उम्मीदों के साथ उन्हें विधायक बनाया है। लेकिन वह जनता के हित के बारे में कम और खुद के हित के बारे में ज्यादा सोचेंगे, तो फिर हो जायेगा बेड़ा गर्क। अगर जयराम महतो को जनता से सचमुच प्यार है, उसके विकास के बेहतरी के बारे में कुछ काम करना है, तो यह धैर्य से होगा, विजन से होगा। अगर आक्रामकता दिखाते-दिखाते कहीं किसी लपेटे में आ गये, तो विधायकी भी जायेगी और जनता की उम्मीदों पर पानी भी फिरेगा। जयराम महतो के इस नये विवाद का क्या हो सकता है उनके करियर पर असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दुनिया के चर्चित समाजशास्त्री और राजनीतिक सिद्धांतों के टीकाकार मैक्समुलर ने एक बार कहा था कि किसी भी व्यक्ति के लिए शिखर पर पहुंचना आसान है, लेकिन शिखर पर टिके रहना बहुत कठिन और संयम का काम है। उन्होंने कहा था कि यह बात जीवन के हर क्षेत्र में समान रूप से लागू होती है। चाहे वह राजनीति हो या खेल, विज्ञान हो या कला-संस्कृति या फिर सामाजिक जीवन। मैक्समुलर के इस कथन को कई बार कसौटियों पर कसा गया, लेकिन हर बार यह बात सच साबित हुई है। अब झारखंड की छठी विधानसभा के सदस्य जयराम महतो को ही ले लें। झारखंड की राजनीति में किसी धूम्रकेतु की तरह उभरे जयराम महतो पहली बार विधायक बने हैं और चुनाव जीतने के बाद से वह जिस आक्रामक ढंग से व्यवहार कर रहे हैं, उससे मैक्समुलर का कथन एक बार फिर पूरी तरह सही साबित होता है।

### क्या है पूरा मामला

25 दिसंबर की देर रात बोकारो के बेरमो में जयराम महतो खूब गरजे। सर्द रात में अपनी एसयूवी के बोनट पर दरबार लगा दिया। बीच-बीच में कंबल ओढ़ कर झपकी भी लेते रहे, अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाते रहे। उस रात चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के मकोली ओपी स्थित सेंट्रल कॉलोनी में रात भर ड्रामा चला। दरअसल, जयराम महतो ने ढोरी एरिया के परियोजना पदाधिकारी के आवास संख्या- डी/02 को अपने नाम से आवंटित करने के लिए जीएम को आवेदन दिया था। लेकिन यह क्वार्टर प्रशिक्षु पदाधिकारियों को आवंटित कर दिया गया। इससे नाराज जयराम के समर्थक प्रशिक्षु खनन पदाधिकारियों को क्वार्टर से निकाल रहे थे। उन्हें धमका रहे थे। मामला सुलझाने के लिए पुलिस पहुंची, तो जवाब में विधायक जयराम भी आ गये। तू-तड़ाक करने लगे। समझाने गये अधिकारियों से भी उन्होंने नोक-झोंक की। अब प्रशासन ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के विधायक जयराम महतो और उनके 6 समर्थकों पर सीसीएल क्वार्टर पर कब्जा करने और चोरी का मुकदमा दर्ज कर दिया है और जयराम महतो नयी मुसीबत में घिर गये हैं।

### राजनीति में टेढ़ी उंगली से नहीं सीधी उंगली से काम चलाना पड़ता है

इस नये विवाद के बाद जयराम महतो ने अपने समर्थकों से कहा कि अगर उन्हें अपने साथ हुए अन्याय का बदला लेना है, तो इसके लिए उन्हें अपने बच्चों को तैयार करना होगा। उन्हें बताना होगा कि उनके साथ किसने अन्याय किया है। जब उनके बच्चे तैयार हो जायेंगे, तभी वे बड़े अधिकारियों से लड़ पायेंगे। तभी झारखंड को सुधार पायेंगे। इस मुद्दे पर सफाई देते हुए जयराम ने कहा कि यह स्थानीय और ग्रामीण लोगों के स्वाभिमान की लड़ाई है। साढ़े पांच हजार ऐसे क्वार्टर हैं, जिन पर कब्जा है। इसी को लेकर ग्रामीण लगातार आवाज उठा रहे हैं। अगर सही रास्ते से काम नहीं निकल रहा है, तो उंगली टेढ़ी करें, खुद प्रबंधन और प्रशासन आयेगा। उन्होंने कहा कि मुझे क्वार्टर की किसी वस्तु की जरूरत नहीं है। पुलिस प्रशासन स्थानीय लोगों के साथ गलत व्यवहार कर रहा था, इसलिए मैं रात को 2 बजे आया। लेकिन जयराम महतो को यह भी समझना पड़ेगा कि उंगली टेढ़ी करने का मतलब यह नहीं कि वह अपने पद की मर्यादा भूल जायें, शालीन आचरण को तिलांजलि दे दें। ऐसा नहीं है कि उस रात पुलिस उन्हें जवाब नहीं दे सकती थी। बखूबी दे सकती थी। लेकिन पुलिस ने कानूनी रास्ता अख्तियार किया। उसने मुकदमा दर्ज कर दिया। जयराम महतो को समझना होगा कि राजनीति में टेढ़ी उंगली नहीं, सीधी उंगली से ही काम करना पड़ता है। कहने का मतलब यह है कि उंगली दिखे नहीं तो ज्यादा अच्छा।



### पहले भी हो चुका है विवाद

ऐसा नहीं है कि जयराम महतो ने पहली बार इस तरह की भाषा बोली हो या ऐसा व्यवहार किया हो। डुमरी से चुनाव जीतने के फौरन बाद उन्होंने फोन पर एक नाजिर से जिस तरह बात की, उसकी चौतरफा आलोचना हुई। जयराम महतो ने उस नाजिर के साथ बातचीत में जिस सड़क छाप भाषा का इस्तेमाल किया, वह कहीं से भी किसी जन प्रतिनिधि के लिए उचित नहीं था। इस बारे में सवाल पूछे जाने पर उनका जवाब था, आपको मेरी धमकी दिखी, उन गरीबों का शोषण नहीं दिखा। एक सौ में एक मिस्टेक होगा। फिर विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने विधानसभा परिसर में एक मीडियाकर्मी के साथ अभद्रता के साथ बात की थी। अब एक सरकारी आवास के लिए उनका यह व्यवहार सवालों के घेरे में आ गया है।

### पावर ने बदल दिया है जयराम महतो का मिजाज

जाहिर है कि जब एक जन प्रतिनिधि इस तरह का व्यवहार करेगा, तो उस पर सवाल उठेंगे। लेकिन जयराम महतो का दूसरा पक्ष भी है। वह एक आम शहरी और ग्रामीण की तरह खुद को पेश करते हैं। पिछले दिनों वह बोकारो में उस गन्ना जूस वाले के पास रुके थे, जहां वे अक्सर जूस पीने जाते हैं। उन्होंने जूस वाले से टिफिन मांग कर भोजन खाया था। विधायक पद की शपथ लेने के लिए नंगे पांव विधानसभा पहुंचे थे। लेकिन उनकी ये तमाम सकारात्मक बातें इन विवादों के पीछे छिप गयी हैं। लोग कहने लगे हैं कि पावर ने जयराम महतो को बदल दिया है। वह पावर के नशे में डूब गये हैं और उन्हें सही-गलत की पहचान नहीं रह गयी है।

### बन रही है नकारात्मक छवि, बचना होगा जयराम को

जयराम महतो अभी राजनीति में नये हैं। यह सही है कि वह जिस आंदोलन के रास्ते राजनीति की सीढ़ियां चढ़े हैं, उसमें जबरदस्त आक्रामकता थी। लेकिन अब वह विधायक हैं। जनता के नुमाइंदे हैं। वह झारखंड के हर नागरिक के प्रति उत्तरदायी हैं। ऐसा नहीं है कि वह केवल अपने समर्थकों के लिए जिम्मेदार हैं। ऐसे में इस तरह का व्यवहार उनकी नकारात्मक छवि बना रहा है। इसका सीधा असर जयराम महतो के राजनीतिक करियर पर पड़ रहा है। लोग कह रहे हैं कि यदि वह इसी तरह अधिकारियों से उलझ कर विवादों में फंसते रहे, तो फिर जनहित के वे काम कैसे कर सकेंगे, जिनके लिए जनता ने उन्हें चुना है। जयराम महतो को यह नहीं भूलना चाहिए कि सिस्टम को सुधारने के लिए एक मानक प्रक्रिया होती है। हर किसी को उसके अनुसार ही आचरण करना होता है। यदि एक विधायक ही गलत व्यवहार करने लगेगा, तो फिर जनता भी वैसा ही करेगी और इसका नतीजा यही होगा कि व्यवस्था ध्वस्त हो जायेगी। जयराम महतो युवाओं के चहेते हैं और विधायक भी बने हैं। ऐसे में उन्हें अपने आचरण का ख्याल जरूर रखना चाहिए। अभिव्यक्ति की आजादी सभी को है, मगर कोई भी व्यक्ति हो या विधायक, उसे कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है।

---

### इ-कल्याण छात्रवृत्ति पर कल्याण आयुक्त ने रखी बात

# दो चुनाव के बावजूद 39 लाख विद्यार्थियों को मिली स्कॉलरशिप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कल्याण आयुक्त अजयनाथ झा ने ई-कल्याण छात्रवृति पर अपनी बात रखी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि वर्ष 2024 में दो चुनावों के बावजूद प्री और पोस्ट मैट्रिक के लिए 39 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली है। जिसमें प्री मैट्रिक के 35,09,863 और पोस्ट मैट्रिक में 4,89,765 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। प्री मैट्रिक के शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए भी 18,08,878 छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति मिल चुकी है।

**2023-24 और 24-25 सत्र को पूरी तरह नियमित करने का किया जा रहा प्रयास :** कल्याण आयुक्त ने आगे कहा है कि अगर शैक्षणिक सत्र और भुगतान को देखें तो यह याद रखना चाहिए कि 2022-23 में छात्रवृत्ति की ई-कल्याण पोर्टल पोस्ट मैट्रिक के लिए नहीं खुली थी और प्री मैट्रिक का भुगतान दिसंबर 2022 में शुरू हुआ। इस तरह ई-कल्याण एक शैक्षणिक सत्र पीछे हो गया था। इसे 2023-24 में और 2024-25 में पूरी तरह नियमित किये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

**2023-24 में 4,89,765 पोस्ट मैट्रिक छात्र-छात्राओं को हो चुका है भुगतान :** 2023-24 में 4,89,765 पोस्ट मैट्रिक छात्र छात्राओं को भुगतान हो चुका है। पिछड़ा वर्ग के लगभग 91 हजार छात्रों को भुगतान अभी किया जाना है, जिसके लिए माननीय मंत्री के अनुमोदन से 157 करोड़ राशि विभाग द्वारा उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है।



#### प्री मैट्रिक के लिए उपलब्ध है आवंटन

प्री मैट्रिक के लिए स्कूली शिक्षा विभाग के विद्यालयों से आवेदन प्राप्त होते हैं और 2024-25 के लिए विद्यालयों से 28 लाख आवेदन आये हैं, जिसमें से 18,08,878 छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति मिल चुकी है। प्री मैट्रिक के लिए आवंटन उपलब्ध है जिलों को निर्देश दिये गये हैं कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 की समाप्ति से पहले और भी जितने आवेदन प्राप्त हों, उन सभी का संपूर्ण भुगतान संपन्न कर दें।

---

### सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन का काम किया पूरा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन का कार्य आयोग ने पूरा कर लिया है। जेएसएससी के सचिव सुधीर गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा में शामिल 2231 अभ्यर्थियों को सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया गया था, जिसमें 2229 अभ्यर्थी शामिल हुए। झारखंड हाईकोर्ट के फैसले के बाद अंतिम रिजल्ट प्रकाशित किया जाएगा। आयोग द्वारा अभ्यर्थियों के सर्टिफिकेट वेरिफिकेशन का कार्य पूरा करने के बाद अब सबकी निगाहें 22 जनवरी को झारखंड हाईकोर्ट में होने वाली सुनवाई पर टिकी हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों झारखंड हाईकोर्ट ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा मामले में अहम आदेश देते हुए अंतिम रिजल्ट पर रोक लगा दी थी। मामले की सुनवाई करते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक होने को लेकर दर्ज शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने को कहा था और जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया था।

---

# कोयला चोरी के आरोपों की सीबीआइ जांच के खिलाफ एससी में दायर याचिका पर सुनवाई 3 को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धनबाद में कोयला चोरी और इसमें पुलिस संलिप्तता की सीबीआई जांच के झारखंड हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में अगले वर्ष 3 जनवरी को सुनवाई कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक न्यायाधीश जस्टिस संदीप मेहता की बेंच में यह मामला सूचीबद्ध है। अब तक इस मामले में सीबीआइ की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट में इस केस की पहली सुनवाई 18 अक्टूबर को हुई थी। उस दिन शीर्ष अदालत ने झारखंड हाइकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें धनबाद में कोयला चोरी और इसमें पुलिस संलिप्तता की सीबीआइ जांच का आदेश झारखंड हाइकोर्ट ने दिया था। सीबीआई जांच पर रोक का आदेश अगले आदेश तक जारी रहेगा। दरअसल झारखंड हाइकोर्ट ने 3 अक्टूबर को इस मामले में प्रतिवादी बने सभी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जांच करने का निर्देश सीबीआइ को दिया था। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत यह आदेश पारित किया था, जिसके खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सुप्रीम कोर्ट से रोक के बाद फिलहाल धनबाद में कथित रूप से कोयला चोरी और इसमें पुलिस की संलिप्तता की जांच रूकी हुई है।

# पिछड़े वर्ग की जातियों के अध्ययन की तैयारी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, झारखंड सरकार से जिलों को निर्देश जारी किये गये हैं। इसके आलोक में रामगढ़ जिला अंतर्गत निर्वाचन के दौरान नगर परिषद क्षेत्र में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता निर्धारण व पिछड़े वर्ग की जातियों के अध्ययन हेतु सर्वे किया जाना है। इसी क्रम में शनिवार को जिला समाहरणालय सभाकक्ष में डीडीसी रॉबिन टोप्पो की अध्यक्षता में नगर परिषद, रामगढ़ अंतर्गत सभी 32 वार्डों के बीएलओ को किये जाने वाले सर्वे को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर डीडीसी, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता एवं कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, रामगढ़ मनीष कुमार के द्वारा सभी बीएलओ को जरूरी जानकारी दी गयी। नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पिछड़े वर्ग की जातियों के अध्ययन हेतु भरे जाने वाले प्रपत्र 1 यथा मतदाता का नाम, पिता/ पति का नाम, उम्र, लिंग, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, सामान्य, बीसी 1 एवं बीसी 2 के तहत किए जाने वाले सर्वे को लेकर विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। प्रशिक्षण के दौरान सभी बीएलओ को ससमय सर्वे का कार्य पूर्ण करने का भी निर्देश दिया गया। गौरतलब है कि राज्य में निकाय चुनाव लंबित है। अब इसके लिए राज्य सरकार पहल करती दिख रही है। इसी क्रम में ट्रिपल टेस्ट, आरक्षण संबंधी प्रक्रियाओं को सुनिश्चित किये जाने की भी सूचना है। इसी आलोक में जिलों में ट्रेनिंग प्रोग्राम भी शुरू किये जाने लगे हैं।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.3 °c | 12.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.11 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.28 बजे |



# खादी मेला में भारी भीड़ 1.5 करोड़ रुपये की बिक्री

## नौवें दिन 12,000 लोगों ने की शिरकत

### प्रतियोगिता-सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव, 2024-25 के नौवें दिन लगभग 12,000 लोगों ने मेले में शिरकत की। महोत्सव में पूर्व निर्धारित सभी आयोजन, प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित रहे, परंतु महोत्सव धूमने के लिए आगंतुकों में उत्साह की कोई कमी नहीं है। महोत्सव परिसर में प्यूरेस डेयरी के उत्पाद आइसक्रीम, पेड़ा, दूध, दही, लस्सी, पनीर इत्यादि की बिक्री बहुत हो रही है। ठंड में राजस्थान की राबड़ी, बादाम, पिस्ता, काजू कुल्फी की भी बिक्री बहुत हो रही है। मेला परिसर में गायत्री एवं भोला के लिट्टी चोखा स्टॉलों पर आगंतुकों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।



घरेलू सामान, सजावट, किचन सेट, कंबल, कोकरी, कारपेट के स्टॉल में महिलाओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। मत्स्य विभाग के द्वारा महोत्सव परिसर में मत्स्य पालन की भी जानकारी दी जा रही है। मेला परिसर में बुजुर्गों के लिए मेला घूमने के लिए निःशुल्क ई-रिक्षा की व्यवस्था की गयी है। महोत्सव परिसर में छोटे शिशुओं को स्तनपान कराने हेतु बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था होने से माताओं को बहुत सुविधा हुई। अविभावक सुलोचना ने बताया की बेबी फीडिंग रूम की व्यवस्था देखकर बहुत ही अच्छा लगा।

महोत्सव परिसर में चलंत एटीएम की व्यवस्था की गयी है। महोत्सव परिसर में पुस्तकों के शौकीन लोगों के लिए पुस्तकों के स्टॉल लगाये गये हैं, जहां आध्यात्मिक तथा बिरसा मुंडा से संबंधित पुस्तकों की श्रृंखला उपलब्ध है। पिछले दिनों महोत्सव में खादी एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों के साथ साथ अन्य सामग्री की बिक्री लगभग 1.5 करोड़ की रही है।



शनिवार को नयी दिल्ली में देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार में देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सम्मिलित हुए और उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



**SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR**
DHURWA, RANCHI-4, Ph. (0651) 2445071, 3510941, 7004552685
(CBSE Affiliated, Sr. Secondary Co-Ed. School)
E-mail : ssvmdhurwa14@gmail.com, Website : ssvmdhurwaranchi.in

**VACANCIES**

| Post | Subjects | Post | Subjects |
|---|---|---|---|
| PGT | Computer Science., History, Geography, Political Science. | PRT | Hindi |
| | | Other | Hostel Warden (Science) |
| TGT | Sanskrit, English | Note : Admission Form Available for Class LKG to 8th (2025-2026) | |

For eligibility and other details please visit our school website. Application forms available at School Office on working days from **9.00 AM** to **12.30 PM** @ Rs. 500/-. Apply on or before **25.01.2025.** Written exam on **16.02.2025 (10.30 AM).** Application form can be downloaded from our School website.

HOSTEL FACILITY AVAILABLE ONLY FOR BOYS — Principal


## पूर्व पीएम डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर सुदेश महतो ने जताया शोक



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री व विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह का निधन पूरे देश के लिए अपूर्णीय क्षति है। आर्थिक सुधार में उनके अतुलनीय योगदान और कुशल नेतृत्व को देश सदैव याद रखेगा। उनकी सादगी और ईमानदारी हम सभी के लिए प्रेरणादायी है।

## झामुमो में लौटने का कोई इरादा नहीं : चंपाई सोरेन



रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने झामुमो में वापसी की बात से पूरी तरह से इनकार कर दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि फिर एक बार, कुछ न्यूज पोर्टलों द्वारा मेरे बारे में झूठी अफवाहें फैलाई जा रही हैं। एक साजिश के तहत, बार-बार ऐसा कर के समर्थकों में भ्रम पैदा करने और मुझे बदनाम की कोशिश की जाती है। बहुत ही स्पष्ट शब्दों में बताना चाहूंगा कि मैं जहां हूं, भविष्य में भी वहीं रहूंगा। किसी भी परिस्थिति में, मेरा उस पार्टी में वापस लौटने का कोई इरादा नहीं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

**वृष** — जॉब में स्थानातंरण- पदोन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** — कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।

**कर्क** — शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** — राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

**कन्या** — प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे,मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे।

**तुला** — सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** — नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा,यश,कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी।

**धनु** — आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर,वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर** — अकस्मात धन लाभ होने की संभावना,आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** — सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**मीन** — लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है।

# प्रदेश कांग्रेस ने डॉ मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय रांची में डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए एक सभा आयोजित की गयी। इस सभा में कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं ने डॉ सिंह की तसवीर पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने इस अवसर पर कहा कि डॉ मनमोहन सिंह एक सच्चे राजनेता थे, जिनके जीवन और कार्यों ने भारत के भविष्य को दिशा दिखायी। उन्होंने कहा कि डॉ सिंह ने भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे देश को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली। प्रदीप यादव ने आगे कहा कि डॉ सिंह ने 1990 के दशक में वित्त मंत्री के रूप में भारत के आर्थिक उदारीकरण की शुरुआत की, जिससे देश को संकट से उबारा गया और वैश्विक बाजारों के लिए द्वार खोले गये। उन्होंने कहा कि डॉ सिंह के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया। इस सभा में कई अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में ममता देवी, रविंद्र सिंह, राजीव रंजन प्रसाद, शहजादा अनवर, जय शंकर पाठक, कुमार गौरव, राकेश सिन्हा, अभिलाष साहु, राकेश किरण महतो, अमूल्य नीरज खलखो, सोनाल शांति, डॉ एम तौसिफ, राजन वर्मा, शशि भूषण राय, नेली नाथन, जगदीश साहु, हृदयानंद यादव, राजेश गुप्ता, आलोक दूबे, नंद लाल शर्मा, केके गिरी, जितेंद्र त्रिवेदी सहित कई अन्य मौजूद थे।



# डॉ मनमोहन सिंह को पासवा ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शनिवार को पासवा ने श्रद्धांजलि दी। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह का योगदान देश कभी नहीं भूल पायेगा। उन्होंने कहा कि डॉ सिंह ने आर्थिक उदारीकरण और देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। उन्होंने शिक्षा का अधिकार कानून आरटीई लाकर गरीब बच्चों को शिक्षित करने का कानून बनाया था। आलोक कुमार दुबे ने कहा कि झारखंड के निजी विद्यालय राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था की रीढ़ हैं और सरकार को इन्हें प्रश्रय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह ने निजी विद्यालयों के लिए आरटीई कानून लाया था, लेकिन सरकार अब इन विद्यालयों पर कठोर शर्तें लाद रही है, जो आरटीइ कानून के मूल आत्मा का हनन है। इस अवसर पर पासवा के रांची महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह का योगदान देश के विकास में अमिट है। उन्होंने कहा कि डॉ सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और गरीबों के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये थे।



श्रद्धांजलि सभा का संचालन आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर सह पासवा के प्रदेश सचिव मनोज कुमार भट्ट ने किया। इस श्रद्धांजलि सभा में पासवा के रूपेश कुमार, सविता कच्छप, अजय शर्मा, सुरेश राम, एके राय, पंकज सिंह, मेंहुल दूबे, सुनीता देवी सहित पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया और डॉ मनमोहन सिंह के योगदान को याद किया।

# नये साल में बाबा के दर्शन के लिए देने होंगे 600 रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नये साल के दिन अगर देवघर में बाबा भोलेनाथ का दर्शन करना है, तो शीर्घ दर्शनम के लिए 600 रुपये देने होंगे। पहले इसके लिए 300 रुपये ली जाती थी। देवघर जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन समिति ने कूपन दर में बढ़ोत्तरी कर दी है। बाबा मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने भी इसकी पुष्टि की है। बताते चलें कि नए साल के पहले दिन काफी संख्या में श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए देवघर आते हैं। इससे पहले सावन के समय भी शीघ्रदर्शन के लिए 600 रुपये किया गया था। जिला प्रशासन के लिए सिर्फ नये साल के लिए 600 रुपए शीघ्रदर्शनम के लिए रखा गया है। सामान्य दिनों के लिए 300 रुपये ही शीघ्रदर्शनम के लिए रहेगा।



## डीजीपी ने पुलिस की सभी इकाई में साप्ताहिक परेड कराने का दिया आदेश

रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के विभिन्न जिलों में पुलिसकर्मियों का साप्ताहिक परेड कराने के संबंध में शनिवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने आदेश जारी किया है। डीजीपी के आदेश के बाद आइजी अभियान ने सभी जिला पुलिस इकाइयों को निर्देश जारी किया है कि वह नियमित रूप से साप्ताहिक परेड का आयोजन सुनिश्चित करें। साप्ताहिक परेड का आयोजन नहीं होने के कारण पुलिसकर्मियों में अनुशासनहीनता बढ़ रही है। साथ ही नियमित परेड से पुलिसकर्मी शारीरिक रूप से फिट रहते हैं। परेड न होने से उनकी शारीरिक दक्षता में कमी आ रही है। इसको लेकर जारी निर्देश में कहा गया है कि सभी जिला, इकाई और वाहिनी में प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक दिन परेड का आयोजन अनिवार्य है। परेड का आयोजन मुख्य रूप से सोमवार को किया जायेगा। दूर-दराज के थानों और अनुमंडल के पुलिसकर्मियों को भी परेड में शामिल किया जायेगा। परेड में शामिल होने वाले पुलिसकर्मियों का रोस्टर बनाया जायेगा। परेड से संबंधित सभी जानकारी एक संचिका में रखी जायेगी, ताकि किसी भी समय जांच की जा सके। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी समय-समय पर परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा राजा-रानी कोठी परिसर में स्थित सीआइडी, रेल और जैप के अधिकारी और कर्मचारी जैप-01 डोरंडा के परेड मैदान में शामिल होंगे।

# एग्रीकल्चर शिक्षा से जुड़े छात्रों ने मयूराक्षी सिल्क उत्पादन केंद्र दुमका का किया भ्रमण



आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** रविंद्र नाथ टैगोर एग्रीकल्चर कॉलेज देवघर एवं बिरसा कृषि विश्वविधालय रांची से 15 दिवसीय ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम में भाग लेने आये बीस छात्रों ने शनिवार को दुमका स्थित मयूराक्षी सिल्क उत्पादन केंद्र पुराना विकास भवन, दुमका का अवलोकन किया। उनके साथ क्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र के डॉ एके साहा मौजूद रहे। इस मौके पर सेवानिवृत्त सहायक उद्योग निदेशक रेशम संथाल परगना के सुधीर कुमार सिंह ने छात्राओं को तसर कोकून का उत्पादन, धागे की निर्माण की प्रक्रिया एवं तसर कोकून से कितने प्रकार के धागे का निर्माण किया जाता है, इसकी जानकारी दी। छात्रों को उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि निर्मित धागा से रेशमी वस्त्र का निर्माण किस प्रकार किया जा रहा है।

## रांची में आयोजित नृत्यशाला की तरफ से प्रत्याशा नृत्य उत्सव-2024 का आयोजन

# शिवाकार हो गये पंडित संदीप मलिक!

### बच्चों से लेकर बूढ़ों के परफार्मेंस की तारीफ कर रहे हैं श्रोता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शिव कौन हैं, कैसे हैं, क्या करते हैं, कैसे आशीर्वाद देते हैं, कैसे वियोग सहते हैं और कैसे संहार करते हैं, यह आपने किताबों में पढ़ा होगा या फिर फि ल्मों में देखा होगा। लेकिन, जब कथक के माध्यम से इसे रुपहले मंच पर एक आकार दिया जाता है तो बदले में मिलती हैं ना रुकने वाली तालियां। जी हां, पंडित संदीप मलिक के हिस्से में ऐसी ही तालियां आयीं। महान कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज के इन योग्य शिष्य ने कथक की शानदार प्रस्तुति से लोगों का दिल जीत लिया। मौका था डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में आयोजित प्रतिष्ठित कला संस्था नृत्यशाला द्वारा प्रत्याशा नृत्य उत्सव-2024 के आयोजन का।




अंतरराष्ट्रीय कथक नर्तक पंडित संदीप मलिक ने सर्वप्रथम नाद वंदना की। नाद वंदना में परमपिता ब्रह्मा और मां सरस्वती को याद कर ऊंमकार किया जाता है। इस प्रस्तुति को उन्होंने शिव के प्रिय घुंघरू के माध्यम से साकार किया। भगवान शिव से संबंधित जितने भी तत्व हैं, उन सभी को नाद वंदना में शामिल कर उन्होंने दर्शकों को अभिभूत कर दिया। उनका प्रदर्शन ऐसा था कि लोग अपलक उन्हें निहारते रहे। उनके प्रदर्शन पर तालियां बजा-बजा कर हौसलाअफजाई करते रहे। फिर उन्होंने त्रिताल (तीन ताल) प्रस्तुत किया। इसमें उन्होंने सोलहों मात्राओं का अर्थ, महत्व और अन्य तथ्यों को बखूबी रेखांकित किया। दरअसल, तीन ताल में चार बराबर के विभाग होते हैं और पंडितजी ने सभी विभागों के साथ एकसमान व्यवहार किया। उन्होंने ठाट, आमद, टुकड़ा, टोडा, तेहाई, पारण आदि के बारे में भी गहराई से समझाया। उनके साथ तबले पर अनिरुद्ध मुखर्जी, सरोद पर सुनंदों मुखर्जी और हारमोनियम पर शुभाशीष भट्टाचार्य ने उनका भरपूर साथ दिया। इन कलाकारों के हिस्से में भी बराबर की दाद आयी।

नृत्यशाला की संस्थापिका प्रख्यात कथक नृत्यांगना मोनिका डे की प्रस्तुति शानदार रही। उन्होंने पंडित बिरजू महाराज के केदार तराना, सावन की धुन और अन्य मधुर धुनों पर मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रोताओं का दिल जीत लिया। बाद में नृत्यशाला की छात्राओं का भी प्रदर्शन हुआ। इन छात्राओं ने लोक नृत्य तथा अमोलिका नंदी का एकल नृत्य पेश किया, जिसे दर्शकों की भारी दाद मिली। इसमें नृत्यशाला की तीन साल की बच्ची से लेकर 68 साल के बुजुर्ग तक शामिल हुए।

गौरतलब है कि नृत्यशाला में ऑनलाइन प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थी कई राज्यों से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रांची पहुंच चुके है। तीन साढ़े तीन साल से पांच साल के बच्चों में जेवनिया, धृति, त्रिविधा प्रमुख थी। छह साल से दस साल के ग्रुप में संस्कृति, वान्या, नव्या, तनिष्का मुख्य थी। 11 साल से तेरह साल के ग्रुप में सिद्धि, अनुष्का, और दृष्टि मुख्य थी। 13 से 16 साल के ग्रुप में सानवी, आराध्या और नैन्सी मुख्य थी। इसी प्रकार 30 से 68 वर्ष में सरिता, उदिता, रणजीत, मंजू, वंदना एवं प्रियंका प्रमुख थे।

नृत्यशाला के कार्यक्रम को लेकर रांची के कला जगत में जबरदस्त उत्साह का माहौल रहा। आम लोगों की भीड़ की वजह से सभागार के बाहर से भी लोगों ने कार्यक्रम का लुत्फ उठाया।

**आज का आयोजन**

29 दिसंबर 2024 को मेकॉन इस्पात क्लब, डोरंडा, रांची में पंडित संदीप मलिक द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में सभी एस्पायरिंग कथाकार आमंत्रित हैं।

# वित्त विभाग के लेखा सहायक के 348 पदों पर होगी नियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में वित्त विभाग में लेखा सहायक के मूल कोटि पद पर सीधी नियुक्ति की जायेगी। यह नियुक्ति झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर की जायेगी। लेखा सहायक के 384 पदों पर नियुक्ति होगी। जिसमें वरीय लेखा सहायक 217 और लेखा अधीक्षक 70 भी शामिल होंगे। इसके लिए न्यूनतम योग्यता इंटर स्तर तथा कंप्यूटर ज्ञान आवश्यक है। हिंदी टंकन 25 शब्द प्रति मिनट व अंग्रेजी टंकन 30 शब्द प्रति मिनट होना चाहिए। अशुद्धि अधिकतम दो प्रतिशत तक मान्य होगी। नियुक्ति के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष होगी। उम्र सीमा की गणना अधियाचना वर्ष की पहली अगस्त होगी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड वित्त अवर लेखा सेवा भर्ती, प्रोन्नति व अन्य सेवा शर्त नियमावली को मंजूरी दे दी है।राज्यपाल की मंजूरी के बाद वित्त विभाग ने इसका गजट प्रकाशन भी कर दिया है। इसके अनुसार, वित्त विभाग में वरीय लेखा सहायक तथा लेखा अधीक्षक के पद प्रोन्नति से भरे जायेंगे। वरीय लेखा सहायक का कार्य बल 217 व लेखा अधीक्षक का कार्य बल 70 होगा। नियुक्ति के बाद तीन माह का संस्थागत प्रशिक्षण, छह माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा एक माह का अंतिम प्रशिक्षण प्राप्त करना अनिवार्य है। प्रोन्नति के लिए विभागीय समिति गठन होगा।








आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 29 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in




# बिरसा मुंडा फन पार्क में दो दिवसीय पौष मेला शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बिरसा मुंडा फन पार्क में आयोजित दो दिवसीय पौष मेला शनिवार से शुरू हो गया। बतौर मुख्य अतिथि सुप्रियो भट्टाचार्य ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम के पहले दिन ही मेले में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। मेला में दर्जनों कलाकारों ने अपनी पेंटिंग को कैनवास पर उकेरा। इसके अलावा, विभिन्न प्रकार के स्टॉल भी लगाये गये हैं, जिनमें कपड़े की दुकान, आदिवासी हेयर ऑल, ज्वेलरी सहित अन्य स्टॉल्स से मेला सजाया गया है। मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले भी लगाये गये हैं, जो बच्चों को आकर्षित कर रहे हैं। कलाकार अर्चना दत्ता ने बेहतरीन तरीके से झारखंड का राजकीय फूल पलाश को कैनवास पर उकेरा है। पौष महीने में पेड़ों में फूल आना शुरू हो जाता है और अर्चना ने इसी को अपनी कला का हिस्सा बनाया। इसके अलावा, उन्होंने खेतों में उपजे नये धान और घड़े में अरवा चावल का आटा प्रदर्शित किया है, जिससे बनने वाले पीठा, लटय और पतंग के साथ-साथ नारियल भी दिखाये गये हैं। कलाकार राहुल कुमार ने झारखंड की कला और संस्कृति को कैनवास पर उकेरा है। उन्होंने यहां पर मांदर के थाप पर झुमर नृत्य को चित्रित किया है, जिसमें आदिवासी समुदाय के लोग पर्व-त्योहारों के दौरान एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर झूमरे नृत्य करते हैं।

# आरटीइ 2019 के नये नियमन को शिथिल करने पर विचार कर रही है सरकार : रामदास

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से शनिवार को झारखंड के गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय के 12 संगठन की एक प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने निजी विद्यालय को आरटीइ 2019 के नये नियमन से आ रही कठिनाइयों से अवगत कराया। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रति निःशुल्क बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2019 के प्रति बहुत जल्द कुछ बिंदुओं पर नियमों को शिथिल करने जा रही है। साथ ही हेमंत सरकार किसी भी यू डायस कोड प्राप्त विद्यालय को बंद नहीं करने जा रही है। मुलाकात से पहले झारखंड के गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय के 12 संगठन की एक बैठक रांची के मोरहाबादी स्थित डॉ राम दयाल मुंडा पार्क में बैठक की। इसमें चिंता जताया गया कि आरटीइ 2019 के नये नियमों के अंतर्गत विद्यालय को मान्यता के लिये 15 जनवरी तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिए दबाव दिया जा रहा है।

शिक्षा मंत्री से मिले अस्वासन का स्वागत करते हुए निजी विद्यालय संचालकों ने कहा कि यह फैसला झारखंड के शिक्षा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके बाद सभी निजी स्कूलों के एसोसिएशन सर्वसम्मति से एक फॉरम बनाने का निर्णय लिया। इसका नाम झारखंड निजी विद्यालय संचालन समिति रखा गया और इसके अध्यक्ष अरविंद कुमार को बनाया गया। इस मौके पर तौफीक कोडरमा, मुमताज अंसारी, चतरा, बीएसपी बर्नवाल, मोजहिददुल इस्लाम, आलोक बिपिन टोप्पो, असुंता लकड़ा, रणधीर कौशिक, अमीन अंसारी, उस्मान , सैयद अंसारुल्लाह, विद्या गौतम, अजय शंकर, प्रदीप सिन्हा, मजीद अंसारी, सुभाष कुमार अरविंद प्रसाद, रॉबर्ट कुमार, प्रीतम, मुकेश सिंह, साजिद खान, सहित कई अन्य शामिल थे।

### एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल-2025 के दूसरे दिन भी कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की धूम रही

# 'डांसिंग स्टार कौन' में बच्चों ने जमकर धमाल मचाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एक्वा वर्ल्ड, मछली घर के कार्निवल में दूसरे दिन भी कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं की धूम रही। कार्निवल 2 जनवरी तक सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक आयोजित होता है। सबसे पहले बच्चों के लिए ट्रेजर हंट का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को कम समय में सुरागों के जरिए खजाना को खोजने की चुनौती थी। केला खाओ अकेला प्रतियोगिता का लोगों ने जमकर आनंद उठाया। इसमें लोगों को कम समय में ज्यादा से ज्यादा केला खाने की चुनौती थी। आज के सेल्फी कंपटीशन का थीम मेरा प्यारा गोलगप्पा था, जिसमें सबों को गोलगप्पा खाते हुए सेल्फी लेनी था। युवाओं और महिलाओं ने बेस्ट हेयर स्टाइल कंपटीशन में हिस्सा लेकर राम पर कैटवॉक करके अपने हेयर स्टाइल की नुमाइश की। इसके बाद द फॉलो अप शो में अलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। देर शाम को डांसिंग स्टार कौन (सोलो और डुएट डांस कंपटीशन) का आयोजन किया गया, जिसके निर्णायक गार्गी सोम, नीतू कुमारी, प्रीतम कुमार, गौतम रंजन, सिमी गोस्वामी, प्रवीण दीक्षित थे। बच्चों ने भी गीतों के धुन पर जबरदस्त नृत्य कर उपस्थित लोगों को झुमा दिया। आज के आउटफिट का थीम ब्लैक कलर था और काफी संख्या में लोग ब्लैक रंग के कपड़े पहन कर आये थे।

इस अवसर पर एक्वा वर्ल्ड के प्रबंध निदेशक प्रतुल शाहदेव, कार्निवल के इंचार्ज लोकेश चौधरी,डिप्टी इंचार्ज अभिषेक गिरी, आनंद, सौरव, प्रदुम्न, आकाश, आयुष, खुशबू, शगुन, सौम्या,पीयूष, आदित्य, शिवेश, प्रशांत, नितिन, अपराजिता कोमल, तान्या, सान्या एवं कार्निवल आयोजन समिति के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

**शनिवार का परिणाम**

- ट्रेडर हंट- स्नेहा गुप्ता
- दंगल टाइम - इशिका, आद्यांशा, आदर्श
- केला खाओ अकेला - राज राय, रोमा कौशिक, रंगोली
- बेस्ट हेयर स्टाइल - दिया, दीक्षा, जाह्नवी, आकांक्षी, आरोही,अलीना, अयात
- सेल्फी टाइम - रमन कुमार
- द फॉलो अप शो- मीना कुमारी

**आज का कार्यक्रम**

- 11.00 बजे- कार्निवल ओपन
- 11:30 बजे- ड्राइंग कंपटीशन
- 12:00 बजे- दंगल टाइम
- 1:30 बजे- ' वह स्त्री है' बेस्ट साड़ी कंपटीशन
- 3.00 बजे- सेल्फी टाइम (जेसीबी से ऊपर जाकर 'ऊंची वाली सेल्फी')
- 3:30 बजे- चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन
- 3:30 बजे- बेस्ट हेयर स्टाइल कंपटीशन
- 4:00 बजे-द फॉलो अप शो
- 5:00 बजे- धूम मचा दे (ग्रुप डांस कंपटीशन )(जज - विपुल नायक)
- 7:00 बजे- बेस्ट आउटफिट कंपटीशन ( थीम व्हाइट आउटफिट )
- 8:00 बजे- लकी ड्रॉ

# अंतरजिला गिरोह के चार साइबर अपराधी गिरफ्तार, नगदी सहित अन्य सामान बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**जामताड़ा ।** साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को जामताड़ा साइबर थाना पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अंतर्जिला गिरोह के चार शातिर साइबर अपराधियों को करमाटांड़ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से 1 लाख 14 हजार रुपये नगद, मोबाइल, सिमकार्ड, एटीएम कार्ड सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। मामले का खुलासा एसपी डॉ एहतेशाम बकारिव ने शनिवार को जामताड़ा साइबर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर किया। एसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर प्रशिक्षु आईपीएस राघवेंद्र शर्मा, डीएसपी चंद्रशेखर, इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार वर्मा, एसआइ मनीष कुमार गुप्ता सहित अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल करते हुए टीम गठित की। उक्त टीम की ओर से करमाटांड़ थाना क्षेत्र के सियाटांड़ एवं मट्टार गांव में छापेमारी की गयी। उक्त छापेमारी में साइबर अपराध की घटना को अंजाम देते हुए देवघर जिला के निरंजन मंडल, गिरिडीह जिला के मुकेश मंडल, नारायणपुर थाना क्षेत्र के मट्टार गांव निवासी आनंद देव मंडल तथा नारायणपुर थाना क्षेत्र के झिलुआ निवासी मुकेश मंडल को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि इन साइबर अपराधियों के पास से 1 लाख 14 हजार रुपए नगद, 20 मोबाइल फोन, 29 सिम कार्ड, तीन एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड और दो आधार कार्ड बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के विरुद्ध साइबर थाना में कांड संख्या 80/ 24 दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। सभी अपराधियों की मेडिकल जांच करवा कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी को जामताड़ा मंडल कर भेज दिया गया है। एसपी ने बताया कि यह सभी साइबर अपराधी बिजली बिल जमा नहीं करने पर बिजली लाइन काटने का मैसेज भेज कर लोगों के मोबाइल से स्क्रीन शेयरिंग एप एनीडेस्क, टीमव्यूअर डाउनलोड करवा कर साइबर ठगी की घटना को अंजाम देते थे। इसके अलावा एक्सिस बैंक के खाताधारक को एपीके फाइल इंस्टॉल करवा कर उनके स्क्रीन को हैक करते थे और निजी जानकारी हासिल कर साइबर ठगी की घटना को अंजाम देते थे। गिरफ्तार अपराधियों में से नारायणपुर थाना क्षेत्र के रहने वाला मुकेश मंडल का पुराना आपराधिक इतिहास है। वर्ष 2022 में साइबर थाना का कांड संख्या 27/22 में आरोपित है। यह सभी साइबर अपराधी पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और बिहार के लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे।

## इंस्पेक्टर रंजीत प्रसाद निलंबन से मुक्त

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची इंस्पेक्टर रंजीत प्रसाद को निलंबन से मुक्त कर दिया गया है। जब वह कोतवाली थाना के प्रभारी थे, तब यह आरोप लगा था कि उन्होंने छेड़खानी के मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। इसी आरोप में रंजीत प्रसाद को डीआइजी अनूप बिरथरे ने निलंबित किया था। शनिवार को रंजीत प्रसाद को निलंबन से मुक्त कर दिया गया है। उनके विरुद्ध लगे आरोपों की पुष्टि भी नहीं हो पायी है।

## बिल्ली का मर्डर ! पड़ोसी पर बिल्ली को जहर देकर मारने का आरोप, थाने में मामला दर्ज

**रांची (आजाद सिपाही)।** चुटिया इलाके के गणपत नगर बहु बाजार के रहने वाली कीर्ति शर्मा ने अपने पड़ोसी पर बिल्ली को जहर देकर मारने का आरोप लगाते हुए लोअर बाजार थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में आरोप कि उनके घर में पांच पालतू बिल्ली और उसके बच्चे पिछले दो साल से रह रहे है। उनके घर के सामने कुछ लोग रहते है जो गाय पाले हुए है। आरोप है कि उन्हीं लोगो ने उनके घर की बाउंड्री पर खाने में जहर मिला कर रखा होगा, जिसे खाने से उनकी एक बिल्ली का बच्चा मर गया। बिल्ली के बच्चे को जब वह डॉक्टर के पास ले कर गयी तो डाक्टर ने कहा कि उसे जहर दिया गया है। जब इस बात को लेकर उन्होंने अपने पड़ोसी से पूछताछ की, तो उसने कहा कि जो करना है, कर लो और भी बिल्ली को जहर दूंगा।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# झारखंड तलवारबाजी टीम केरल के लिए रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड तलवारबाजी टीम केरल के कुन्नूर में आयोजित 32वां सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हुई। इस प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से 10 खिलाड़ियों ने भाग लिया है, जिनमें 9 पुरुष और 1 महिला शामिल हैं। झारखंड टीम को रांची रेलवे स्टेशन से शनिवार को राज्य संघ के महासचिव जय कुमार सिन्हा और संघ के संयुक्त सचिव कोषाध्यक्ष करमबीर उरांव ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासित रहने और ठंड से बचने की सलाह दी। राज्य संघ के चेयरमैन राजीव कुमार बिट्टू एवं उपाध्यक्ष कुलवंत सिंह ने भी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झारखंड टीम में शामिल सभी खिलाड़ी प्रतिभाशाली हैं और हमें उम्मीद है कि वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता में झारखंड की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों में फॉयलः आकाश प्रामाणिक, अनमोल उरांव, संजय खलको। इपीः नितेश कुमार, रंजन तिर्की, कृष्ण कुमार। सायबरः जीतू सिंह मुंडा, अभिषेक सिंह मुंडा, रोहन उरांव। महिला इपीः चंपिका उरांव शामिल है।

## सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी प्रदेश कमेटी का चुनाव आज

**रांची (आजाद सिपाही)।** सिद्दीकी वेलफेयर सोसाइटी प्रदेश कमेटी का चुनाव 29 दिसंबर 2024 को रांची के संत जेवियर स्कूल के पीछे इसलहिया कम्युनिटी हॉल परसटोली में होगा। यह चुनाव झारखंड के सिद्दीकी समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें राज्य के सभी जिलों के मतदाता भाग लेंगे। चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। मतदान सुबह 10 बजे से 3 बजे तक होगा, जबकि मतगणना शाम 4 बजे से शुरू होगी और परिणाम लगभग शाम 6 बजे घोषित किया जायेगा। इस चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए मतदान होगा। उम्मीदवारों की सूची पहले ही जारी कर दी गयी है।

# वीवीपीएस रांची में विवि मेला ऑकेशनम एड्रिपेरे का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वीवीपीएस रांची में एक विश्वविद्यालय मेला ऑकेशनम एड्रिपेरे का आयोजन किया गया। इस अनूठे कार्यक्रम में पुरे भारत से 33 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसे की एजुकेशनल सर्विसेज एंड कंसल्टेंसी द्वारा आयोजित किया गया। इस मेले में विद्यार्थियों को इन विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों से सीधे बातचीत करने और अपने प्रश्नों का उत्तर प्राप्त करने का अवसर मिला। विद्यालय की प्रिंसिपल जया प्रसाद ने कहा कि इस मेले के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपने विद्यार्थियों को देश के प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों से सीधे बातचीत करने का अवसर प्रदान करना है, जो उन्हें भविष्य में अपने रूचि के अनुसार कैरियर का चयन करने में सहयोग देगा। हमें उम्मीद है कि यह मेला हमारे विद्यार्थियों के लिए एक उपयोगी अनुभव होगा।

# सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल, न्यू अशोक नगर, रांची में विद्यालय का 25 वां वार्षिकोत्सव (रजत जयंती) धूम धाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ एक स्वागत गान के उपरांत दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद आदित्य प्रकाश साहू और विधायक नवीन जायसवाल शरीक हुए। इस मौके पर बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये, जिनमें गणपति वंदना, कव्वाली, डांडिया नृत्य, विभिन्न प्रकार के स्कीट, चंदा चमके, बुगी-बुगी डांस, ऑल इस वेल जैसे बहु चर्चित गानों ने बच्चों के रंगा-रंग कार्यक्रमों से अभिभावकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि कर्मवीर सिंह ने विद्यालय के क्रियाकलापों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय अच्छी शिक्षा के साथ साथ बच्चों के अच्छे संस्कार देने में लगा है। विशिष्ट अतिथि राज्य सभा सांसद आदित्य साहू ने विद्यालय प्रबंधन के कार्यों की प्रशंसा करते हुए बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए बड़े सपने देखना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर अरुण झा, भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के डॉ विनय भरत, रैपीड शकुंतलयन, स्कूल के वाइस प्रिंसिपल एवं प्रेसपेक्टिव रिसॉर्स पर्सन संजय कुमार और वीरेंद्र कुमार सिंह, विशाल साहू, इंद्रजीत यादव, बलराम सिंह आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रतिभाशाली बच्चों को भिन्न भिन्न क्षेत्रों के लिए ट्रॉफी, मेडल, सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय प्राचार्या श्रावणी पांडेय ने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियां की रिपोर्ट पेश की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ दीपक कुमार सिन्हा, रमाकांत प्रसाद, सुषमा सिन्हा समेत विद्यालय प्रबंधन के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### सेक्स रैकेट की शिकायत पर छापेमारी

# आधा दर्जन से अधिक महिला चढ़ी पुलिस के हत्थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेक्स रैकेट की शिकायत पर पुलिस ने राजभवन के पास छापेमारी की। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक महिला पुलिस के हत्थे चढ़ी है। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया है।

बता दें कि राज भवन के संदिग्ध गतिविधि को लेकर महिला थाना प्रभारी के नेतृत्व में कारवाई की गयी। छापेमारी के दौरान कोतवाली डीएसपी, महिला थानेदार सहित कोतवाली थाना प्रभारी मौजूद रहे। स्थानीय लोगो से लगातार मिल रही शिकायत के बाद महिला थाना प्रभारी ने ये कारवाई की। फिलहाल महिला थाना परिसर में आरोपियों से पूछताछ हो रही है। छापेमारी के दौरान राजभवन के समक्ष हड़कंप मच गया। इस दौरान कई महिलाएं भागती नजर आयी।

## लालू यादव गिरफ्तार ब्राउन शुगर और पिस्तौल बरामद

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के सुखदेव नगर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। लालू यादव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से ब्राउन शुगर और पिस्तौल बरामद किया है। सुखदेव नगर थान प्रभारी के नेतृत्व ने पुलिस ने ये छापेमारी की है। छापेमारी लाह कोठी अमरूद बागान में हुई। ये कार्रवाई कोतवाली डीएसपी के निर्देश पर की गई। गिरफ्तार आरोपी लालू यादव पहले भी जेल जा चुका है। वह ब्राउन शुगर और हथियार की तस्करी करता है। फिलहाल गिरोह के अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए कल रांची में होगा झारखंड टीम का चयन

**रांची (आजाद सिपाही)।** खेल विभाग, झारखंड ने वॉलीबॉल खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम उठाया है। गिरिडीह के मोंगिया क्लब में 22 दिसंबर को हुए ट्रायल को अमान्य घोषित कर दिया है। राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम के गठन के लिए 30 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में चयन ट्रायल का आयोजन करने का निर्देश दिया है। इस संदर्भ सभी जिला संघ एवं यूनिट से कहा गया है कि अपने जिला/यूनिट से अधिक से अधिक वॉलीबॉल खिलाड़ियों को इस चयन प्रतियोगिता में भाग लेने का निर्देश दें। चयन ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपने सभी दस्तावेजों और आवश्यक तैयारियों के साथ निश्चित समय पर ट्रायल स्थल पर पहुंचेंगे। यह मौका खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्रदान करेगा। खिलाड़ियों को स्थानीयता का प्रमाणपत्र एवं वैसे खिलाड़ियों को जिनकी स्थानीयता झारखण्ड की नहीं है, परन्तु झारखंड में नौकरी करते हैं, उनको अपने नियोक्ता का प्रमाण पत्र एवं साथ में संलग्न फॉर्मेट को भरकर लाना आवश्यक होगा। गौरतलब है कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 7 से 13 जनवरी तक जयपुर, राजस्थान में आयोजित की जानी है।

## 139वां श्रीश्याम भंडारे का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** पौष कृष्ण पक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत 2081 शनिवार को श्रीश्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में सायं 5 बजे से 139वां श्रीश्याम भंडारा का आयोजन हुआ। स्मृतिशेष सत्यनारायण जैन, स्मृतिशेष राजकला देवी जैन के सुपुत्र वेदभूषण जैन पप्पू, पुत्र वधू रंजना जैन एवं सुपौत्री खुशी जैन ने भंडारे की सेवा अर्पित एवं निवेदित की।

## रांची के सीएस सतीश और पटना के सीएस संतोष को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के सीएस सतीश कुमार और पटना के सीएस संतोष कुमार को कंपनी सचिव संस्थान, पूर्वी भारत परिषद् में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गयी है। यह पहली बार है, जब किसी इतिहास में ऐसा हुआ है। रांची के सीएस सतीश कुमार को सचिव पद के लिए और पटना के सीएस संतोष कुमार को कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया है। शनिवार शाम रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर झारखंड और बिहार का नाम रोशन करने वाले सीएस सतीश कुमार और सीएस संतोष कुमार का भव्य स्वागत किया गया। रांची एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए रांची चैप्टर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, सीएस निमेष आनंद, सचिव सीएस सानंद सिंह, उपाध्यक्ष रेशु मोदी, कोषाध्यक्ष सीएस अरुण सिन्हा, पूर्व अध्यक्ष, सीएस अमन कुमार, सीएस अमित मिश्रा, सीएस दीपक सिंह, शोभन गुप्ता एवं अन्य कई सदस्य मौजूद थे।

## ट्रैफिक पुलिस ने वसूले 36 हजार रुपये



**गोला (आजाद सिपाही)।** थाना गेट के समीप शनिवार को ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 11 छोटे बड़े वाहनों को पकड़ा गया। जिसमें बीना हेलमेट के बाइक सवार चालकों और बीना सीट बेल्ट लगाये चार पहिया वाहनों सहित वगैरह लाइसेंस, बीना कागजात के ईंट और बालू लदे भारी वाहनों को पकड़ा गया। जिसका ऑनलाइन और ऑफलाइन चालान काटा गया। पकड़े गये वाहनों से 36 हजार रुपए जुर्माना वसूला गया। इस दौरान एस आयी गजेंद्र कुमार पांडेय ने सभी वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने की अपील की। मौके पर एएसआई शंकर कुमार, आरक्षी श्याम देव तुरी, सुजीत कुमार, उदय कुमार सिंह सहित अन्य शामिल थे।

## पीओ ने कर्मियों को दिया पदोन्नति पत्र



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** उरीमारी परियोजना के एसी कैंटीन समीप खान प्रबंधक कार्यालय स्थित शनिवार को उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार के हाथों फोरमैन ग्रैंड, इंचार्ज ग्रैड, इलेट्रिशियन कैटगरी फाइव से फोर, वेल्डर कैटगरी के चौदह कर्मियों को पदोन्नति पत्र दिया गया। वहीं फोरमैन ग्रैंड बी से ग्रैंड ए में देवानंद प्रसाद, बीरेंद्र बारीक को पदोन्नति पत्र दिया गया है। साथ ही इलेक्ट्रीशियन कैटेगरी फाइव से फोर में रोहित ठाकुर, गोपीनाथ डे, जीतन राम बेदिया और वेल्डर कैटेगरी तीन से पांच में आने वाले रंजन कुमार बेदिया और इपी फीटर कैटेगरी सी से बी में आने वाले बब्लू मांझी, एसके मुखर्जी, मो मुस्लिम, सतई राजभर, श्रीराम मांझी, बालेश्वर महतो, जितेन्द्र राम, रामचंद्र मुंडा को पीओ दिलीप कुमार के द्वारा पदोन्नति पत्र देकर मिठाई खिलाकर बधाई दी गयी। इस मौके पर प्रोजेक्ट इंजिनियर सुनील कुमार सिंह, अनुप भगत, सुरक्षा अधिकारी विजय प्रसाद, वरीय वर्क मैन इंस्पेक्टर गणेश राम, इनमौसा अध्यक्ष अमित कुमार रॉय, बिनोद कुमार सिंह, रितेश पॉल, एसपी सिंह, बाल्मिकी यादव, तिलेश्वर कुमार, बिशनी यादव, कुलेश्वर मुंडा, श्यामसुंदर, राजकिशोर बेदिया, राजकुमार महतो, अली हसन खान, अरुण कुमार, गणेश प्रसाद, लखन साव, कालीचरण, चंद्रभान प्रसाद, महेश साव, हाकिम मांझी, शुभम कुमार, अरविन्द कुमार सहित कर्मी मौजूद थे।

## सीसीएल तोपा सेल अध्यक्ष बने राजेश्वर गंझू

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल तोपा लोकल रोड सेल संचालन समिति की बैठक तोपा रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता युनूस परवेज और संचालन रामभजन लाल महतो ने की। बैठक में सेल को बेहतर तरीके से संचालित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। साथ ही, समिति के अध्यक्ष धनेश्वर मांझी के निधन के कई माह गुजरने के बाद खाली पड़े पद पर योग्य व्यक्ति का चयन को चर्चा हुई। जिसमें सदस्यों की सर्वसम्मति से सेल के कोषाध्यक्ष रहे राजेश्वर गंझु को अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष चयन के साथ राजेश्वर गंझू को सेल कमेटी ने बधाई देकर स्वागत किया। मौके पर नव मनोनीत अध्यक्ष राजेश्वर गंझू ने कहा कि अध्यक्ष के रूप में जो जिम्मेदारी मिली है, उसे ईमानदारी पूर्वक आपके सहयोग के साथ पूरा करूंगा। बैठक में सेल संचालन समिति के असगर अली, ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, मो अलियास, गोपेश्वर करमाली, विनोद महतो, गिरधारी बेसरा, अहमद अली मौजूद रहे।

# सचु कहूं सुन लेहु सभै जिन प्रेम कियो तिन ही प्रभु पायो...

### गुरुनानक सत्संग सभा ने प्रभात फेरी निकली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** शनिवार को प्रभात फेरी निकली गयी। प्रभात फेरी सुबह 5.45 बजे गुरुद्वारा साहिब के दर्शन दिऊडी गेट से निकल कर ललित किंगर, मनोहर लाल मिढा, पवन पपनेजा, रमेश तेहरी, श्याम लाल गाबा, अर्जुन देव मिढा, गुलशन मिढा की गलियों से होते हुए वापस दर्शन दिउड़ी गेट पहुंच कर सुबह 8 बजे समाप्त हो गयी।

फेरी में शामिल स्त्री सत्संग सभा की बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल,मंजीत कौर, नीता मिढ़ा, रेशमा गिरधर, इंदु पपनेजा, गूंज काठपाल, बबीता पपनेजा एवं जसपाल मुंजाल ने गोबिंद प्रीत लगी अत प्यारी... एवं सचु कहूं सुन लेहु सभै जिन प्रेम कियो तिन ही प्रभु पायो... तथा गुन गोबिंद गाइयो नहीं जनमु अकारथ कीनु... जैसे कई शबद गायन करते हुए कॉलोनी की गलियों में भक्ति रस घोला।

सरदार छोटू सिंह ने निशान साहब उठा कर प्रभातफेरी की अगुवाई की। मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने वाहेगुरु से कुशल क्षेम की अरदास की। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि सत्संग सभा द्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभात फेरी का समापन 31 दिसंबर को होगा और पटना साहिब में श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए गुरुनानक सत्संग सभा के 240 श्रद्धालुओं का जत्था तीन एवं चार जनवरी को हटिया रेलवे स्टेशन से हटिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस द्वारा रवाना होगा।

### झारखंड में नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में आयेगी तेजी

# डीजीपी हर हफ्ते 16 जिलों के एसपी संग करेंगे बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नक्सलवाद के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए झारखंड पुलिस मुख्यालय ने एक नयी रणनीति अपनायी है। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता अब हर हफ्ते की मंगलवार को राज्य के सभी 16 जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में नक्सलवाद विरोधी अभियान की समीक्षा की जायेगी। इस बैठक में शामिल होने वाले जिलों के एसपी में रांची, धनबाद, चाईबासा, सरायकेला, खूंटी, गुमला, लातेहार, गढ़वा, पलामू, बोकारो, चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह, सिमडेगा और लोहरदगा शामिल हैं।

**झारखंड में नक्सलवाद की स्थिति :** केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिले नक्सलवाद से प्रभावित हैं। इनमें से पश्चिमी सिंहभूम को सबसे अधिक प्रभावित जिला माना जाता है। झारखंड सरकार नक्सलवाद के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है और इस नयी रणनीति के साथ उम्मीद है कि राज्य में नक्सलवाद को जल्द ही खत्म किया जा सकेगा।

**109 बड़े माओवादी मारे गये और 41 जवान हुए शहीद :** झारखंड में सुरक्षाबलों की बढ़ती ताकत से भाकपा माओवादी का जनाधार कम होता जा रहा है। पिछले सात साल के दौरान सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में झारखंड में माओवादियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। इस दौरान 109 बड़े माओवादी मारे गये। वहीं दूसरी तरफ सुरक्षाबलों को भी इस घटना में नुकसान का सामना करना पड़ा है। इस दौरान 41 जवान शहीद हुए हैं। झारखंड में सुरक्षा बलों की तैनाती और खुफिया जानकारी जुटाने की वजह से माओवादी समस्या कुछ जिलों तक सीमित रह गयी है। जबकि एक दशक पहले माओवादियों का मुद्दा पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय था। माओवादियों को कोल्हान क्षेत्र से लगभग खदेड़ दिया गया है, जो कभी उनका गढ़ हुआ करता था।

**बैठक में इन मुद्दों पर की जायेगी चर्चा**

राज्य में नक्सलवाद की वर्तमान स्थिति का आकलन किया जायेगा।
माओवादियों और अन्य नक्सली समूहों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई और उसके परिणामों की समीक्षा की जायेगी।
नक्सलियों और समर्थकों के बारे में जानकारी एकत्रित की जायेगी।
आत्मसमर्पण करनेवाले नक्सलियों को दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा होगी।
फरार नक्सलियों के सिर पर घोषित इनाम की स्थिति की जांच की जायेगी।
फरार नक्सलियों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की समीक्षा होगी।
नक्सलियों और उनके समर्थकों के बारे में पूरी जानकारी दी जायेगी।
नक्सलवाद से जुड़े मामलों की जांच की प्रगति की समीक्षा होगी।
अदालत में चल रहे मामलों की स्थिति की जांच होगी।
खुफिया विभाग से प्राप्त सूचनाओं पर की गयी कार्रवाई की समीक्षा होगी।
नक्सलियों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की समीक्षा होगी।
नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में संचार व्यवस्था की स्थिति की जांच होगी।

# सिरका परियोजना में ग्रामीण जबरन कोयले की चोरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के सिरका समूह के सुरक्षा प्रभारी राजू राम ने रामगढ़ थाना में शुक्रवार को एक आवेदन दिया है। आवेदन में कहा है कि सिरका परियोजना के नया कोयला स्टॉक, सीएचपी कोयला स्टॉक, खदान ओ बी डंपयार्ड से सिरका के ग्रामीणों द्वारा अवैध और अनाधिकृत रूप से जबरन प्रवेश कर कोयला चोरी किया जा रहा है। आवेदन में कहा है कि सिरका परियोजना के आसपास गांव जैसे बुध बाजार, सरका, बेदिया टोला, भूली क्वार्टर, कहुवाबेड़ा, चानक बस्ती अरगड्डा आदि के ग्रामीणों द्वारा बड़ी संख्या में महिलाओं पुरुषों और बच्चों के द्वारा सिरका परियोजना के नया कोयला स्टॉक, सीएचपी कोयला स्टॉक, खदान, ओबी डंपयार्ड में अवैध और अनधिकृत रूप से जबरन प्रवेश कर कोयला चोरी की जा रही है।

**चोर कोयला चोरी करने में लगे रहते हैं**

थाना में दिये गये आवेदन में सुरक्षा प्रभारी राजू राम ने कहा है कि कोयला स्टॉक, खदान, ओबी डंपयार्ड में भारी मशीनों और छोटी बड़ी गाड़ियों का परिचालन होता रहता है। जिसको अनदेखी कर कोयला चोर कोयला चोरी करने में लगे रहते हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। कोयला चोरी करने से रोकने पर गाली गलौज और मारपीट करने पर उतारू हो जाते हैं, ऐसी हालत में कोयला चोरी को रोक पाना संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होंने आवेदन में कहा कि मामले की जांच पड़ताल कर जल्द से जल्द इस पर कानूनी कार्रवाई करें, ताकि कोयला चोरी पर अंकुश लग सके।



### सोंढ़ स्थित फौजी जिम में हुई जिम निदेशक की बैठक

# फौजी फिटनेस जिम में ऐतिहासिक होगी बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता : ज्वाला सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के मारंगमरचा पंचायत के सोंढ स्थित फौजी फिटनेस जिम में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिम के निदेशक ज्वाला सिंह मौजूद थे। जिम निदेशक ज्वाला सिंह ने कहा कि आगामी 5 जनवरी 2025 को बॉडी बिल्डिंग और मेंस शारिरिक गठन जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। कार्यक्रम में रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखड़ों से सैकड़ों प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन रजरप्पा थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय के द्वारा किया जायेगा, वहीं मुख्य रूप से मेजर सत्यप्रकाश पांडेय मौजूद रहेंगे। जिम निदेशक ने आगे कहा कि बॉडी बिल्डिंग और मेंस शारिरिक गठन जिलास्तरीय कार्यक्रम पूरी तरह से ऐतिहासिक और अद्भुत रहेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य हैं कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के अंदर छिपी प्रतिभा को उभारना। जो युवा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने चाहते हैं, पर आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण शामिल नहीं हो पाते हैं। वैसे प्रतिभागी भी इस जिलास्तरीय बॉडी बिल्डिंग और मेंस शारिरिक गठन कार्यक्रम में हिस्सा ले सकेंगे। कार्यक्रम में सभी मानकों का ध्यान रखा जायेगा। मौके पर करनजीत सिंह, उज्जवल सिंह, आशीष सिंह, राहुल कुमार, पवन तिवारी, बंटी दांगी, बादल दांगी, शुभम वर्मा, विजय साहू, सुब्रमण्यम प्रसाद, सुधांसू पांडेय आदि थे।




**गिरजा फाउंडेशन के सौजन्य से प्रतिभागियों को किया जायेगा पुरस्कृत**

जिम के निदेशक ज्वाला सिंह ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग और मेंस शारिरिक गठन जिलास्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने वाला सभी प्रतिभागियों को गिरजा फाउंडेशन के द्वारा नगद राशि देकर मनोबल बढ़ाया जायेगा। साथ ही प्रतिभागियों को मेडल और मोमेंटो भी दी जायेगी। प्रतिभागियों के लिए विशेष व्यवस्था की ज रही हैं। ताकि प्रतिभागियों को परेशानी न हो।

**यूवाओं के अंदर ऊर्जा भरी जायेगी : सत्यप्रकाश**

मेजर सत्यप्रकाश पांडेय ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग और मेंस शारिरिक गठन जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन युवाओं के अंदर जोश भरने के उद्देश्य से किया जा रहा हैं। युवा सशक्त बने और बॉडी बिल्डिंग में बढ़चढ़कर अपना योगदान दें। युवा बॉडी बिल्डिंग के क्षेत्र में भी बेहतर भविष्य बनाया जा सकता है।

# महिला के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

### महिला पहुंची थाना, अनाज लेने के दौरान दिया घटना को अंजाम

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हंटरगंज /चतरा।** थाना क्षेत्र के चकला पंचायत के कनोदी गांव में सरकारी जन वितरण प्रणाली की दुकान से राशन लेने गयी महिला के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इसे लेकर पीड़ित महिला ने शनिवार करीब 5 बजे थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। तिलक साव की पत्नी 38 वर्षीय बसंती देवी का आरोप है कि जन वितरण प्रणाली दुकान पर राशन लेने के लिए गयी हुई थी। राशन लेकर जन प्रणाली दूकान से निकल ही रही थी कि अचानक दूकानदार झकसु भुईयां, ललन साव और बीटीस यादव तीनों कनोदी गांव निवासी गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे और राशन की अनाज भी छीन लिया। मारपीट के दौरान मेरा हाथ कट गया है। जनवितरण प्रणाली दुकानदार झकसु भुईयां का कहना है कि अनाज रविवार यानि कल देना था, लेकिन उक्त महिला आकर राशन ली जिसके वजह से दो लोगों ने राशन छीन लिया छीनने के क्रम में चूड़ी से हाथ कट गया है। फिलहाल पुलिस मामला की जांच में जुटी है।

## भारतमाला परियोजना में काम कर रही कंपनी के बेस कैंप पर अपराधियों ने की फायरिंग

**गोला (आजाद सिपाही)।** भारतमाला परियोजना में काम कर रही कंपनी को लगातार अपराधियों के द्वारा धमकी दी जा रही है। शनिवार को भी गोला थाना क्षेत्र के बरियातू गांव के पास कंपनी के बेस कैंप पर पांच राउंड हवाई फायरिंग की गई है। इस मामले की पुष्टि करते हुए गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि ठेकेदार के कर्मचारी और मजदूर भारतमाला परियोजना में काम कर रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अपराधी वहां पहुंचे, उन लोगों ने वहां पांच राउंड हवाई फायरिंग की है। साथ ही काम बंद करने की धमकी दी है। फायरिंग करने वाले अपराधियों ने किसी भी गैंग का नाम अभी तक नहीं लिया है। लेकिन इस फायरिंग के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गयी है। इससे पहले भी इस परियोजना के ठेकेदारों को धमकी मिल चुकी है। दो-दो प्राथमिक रजरप्पा थाने में परियोजना के पदाधिकारियों ने दर्ज करायी है। इसके अलावा एक अपराधी 10 दिन पहले इसी परियोजना के ठेकेदारों को धमकी देने गया था। जहां गलती से गोली चलने के दौरान वह घायल हो गया था। पुलिस ने उसे वहां गिरफ्तार भी किया था। घटना की सूचना मिलते ही गोला थाना प्रभारी दलबल के साथ वहां पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी है। अपराधियों की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

## बिरहोर टोला में सर्टिफिकेट कैंप का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले में रहने वाले आदिम जनजाति परिवार को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने हेतु उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार आदिम जनजाति परिवारों का जनगणना किया गया। इसके पश्चात उक्त परिवारों योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से लगातार प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचल अधिकारियों की उपस्थिति में निरंतर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसका मॉनिटरिंग उपायुक्त समेत जिला स्तरीय अधिकारी भी कर रहे थे। इसी निमित शनिवार को लावालौंग प्रखंड क्षेत्र के बिरहोर टोला में अंचल अधिकारी सुमित कुमार झा की उपस्थिति में विशेष सर्टिफिकेट कैंप का आयोजन किया गया। उक्त मौके पर लावालौंग के मुखिया नेमन भारती, राजस्व उप निरीक्षक चंद्रदीप गांधी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे। इस मौके पर उपस्थित लावालौंग अंचल अधिकारी सुमित कुमार झा ने बताया कि उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार जिले में रहने वाले आदिम जनजाति परिवारों को सरकारी समेत अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु जिले भर के आदिम जनजाति टोलों में कैंप लगाया गया। इसी निमित आज लावालौंग में भी सर्टिफिकेट कैंप लगाया गया है। जिसमें वैसे आदिम जनजाति परिवार जिनका जातीय और आवासीय सर्टिफिकेट नहीं था इस कारण वो योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे थे उनका इस कैंप के माध्यम से जातीय और आवासीय प्रमाणपत्र बनाने का कार्य किया गया। साथ ही आदिम जनजाति परिवार के बच्चों को विद्यालय जाकर पठन पाठन करने हेतु प्रेरित किया गया।

## बलूरी गांव में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** झालसा रांची के निर्देशानुसार प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में 28 दिसंबर को प्रखंड के बलूरी गांव में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कार्यक्रम के तहत हंटरगंज पीएलवी कुमार विवेक रंजन और सरयु यादव द्वारा बाल- विवाह, घरेलू हिंसा, यौन -उत्पीड़न, डायन- बिसाही, नये कानून, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, नागरिकों को मिलने वाली विधिक सेवाएं, दिव्यांग जनों को मिलने वाली सहायता सहित अन्य लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी।

## अवैध कोयला लदे दो ट्रैक्टर जब्त

**रजरप्पा(आजाद सिपाही)।** रजरप्पा पुलिस द्वारा छापामारी अभियान चलाकर शनिवार को चाहा के समीप जंगल से अवैध कोयला लदा दो ट्रैक्टर जब्त कर थाना लाया गया है। छापामारी अभियान का नेतृत्व रजरप्पा थाना के सहायक अवर निरीक्षक पिसी मुर्मू ने किया। मौके पर उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी की ट्रैक्टर में अवैध कोयला लोड कर छत्तर मांडू से दुलमी की तरफ जा रहा है। दोनों ट्रैक्टर में लगभग छह टन अवैध कोयला लोड है। इस बाबत उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय के निर्देश पर छापेमारी अभियान चलाकर दोनों ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। इस दौरान चालक भागने में सफल रहा। उन्होंने आगे कहा कि छत्तर मांडू निवासी निशांत सिंह पिता रणदेव सिंह, चाहा निवासी रोकी मुंडा पिता माहेर मुंडा, छत्तर निवासी शिशुपाल सिंह पिता जयनायण सिंह व छत्तर निवासी राजदेव रजवार पिता रोहन रजवार के खिलाफ कोल माइंस एक्ट और वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**ई:निविदा सूचना सं एस.जी. 664-24-संकेत-2024-25**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई:निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **(1) कार्य का नाम:** (i) धनबाद मंडल में एकेए साइडिंग के लिए कनेक्टिविटी सक्षम करने के लिए शिवपुर यार्ड में सिग्नलिंग कार्य से संबंधित। (ii) शिवपुर स्टेशन से निकलने वाली गोदावरी साइडिंग के एस एंड टी कार्य का निष्पादन। (iii) झारखंड में शिवपुर-कठौतिया नई बी.जी विद्युतीकृत रेल लाइन परियोजना के निर्माण के संबंध में सिग्नलिंग कार्य के लिए एकेए लॉजिस्टिक कार्य की कनेक्टिविटी के लिए शिवपुर यार्ड में परिवर्तन हेतु। **(2) कार्य का आकलित मूल्य:** ₹2,30,66,618.24 (लगभग) **(3) कार्य का अग्रधन राशि:** ₹ 2,65,300.00 **(4) निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 13.01.2025 (12:30 बजे) **(5)** ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य:- प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करे।

**वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/01790/डीएचन/एसएण्डटी/टी/24-25/40

# इतिहास साक्षी है

मनमोहन सिंह ने जब कहा था कि इतिहास उनके मूल्यांकन में वर्तमान के मुकाबले ज्यादा उदार होगा, तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं थी। हालांकि किसी भी व्यक्ति के मूल्यांकन का बड़ा आधार उसके योगदान को समय की कसौटी पर कसना भी होता है। फिर भी, अगर मनमोहन सिंह के मन में अपने दौर की वस्तुपरकता को लेकर संदेह था, तो उसे हलके में नहीं लिया जा सकता। जाहिर है, उनके जीवन और योगदान को इस लिहाज से भी देखने की जरूरत है कि उसे देखने, समझने और समझाने में हमारे दौर ने कहां, कितनी और कैसी चूक की। चाहे वित्त मंत्री के रूप में हो या प्रधानमंत्री के रूप में, उनके खाते में ऐसी उपलब्धियां दर्ज हैं, जिनकी चमक फीकी नहीं पड़ने वाली। बतौर वित्त मंत्री वह देश को लाइसेंस कोटा राज से मुक्त अर्थव्यवस्था की ओर ले गये। पीएम पद के लिए उन्हें चुना भले सोनिया गांधी ने हो, अमेरिका के साथ परमाणु ऊर्जा करार को अंजाम तक पहुंचा कर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित कराने का श्रेय पूरी तरह से उनके संकल्प को जाता है। मनमोहन सिंह निजी तौर पर अपनी सादगी और ईमानदारी के लिए तो जाने ही जाते रहे हैं, अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शासन में पारदर्शिता लाने वाले कई कदम उठाये। उनके कार्यकाल में न केवल राइट टू इन्फॉर्मेशन कानून लाया गया, बल्कि उस पर प्रभावी अमल भी सुनिश्चित कराया गया। अपने इस विश्वास को वह आजीवन जीते रहे कि काम को ही बोलने देना चाहिए। अपनी मितभाषिता और विनम्रता के जरिए वह राजनीति की गरिमा बढ़ाते रहे। हालांकि इसी वजह से उन पर यह आरोप भी लगा कि वह अपना और अपनी सरकार एवं पार्टी का ढंग से बचाव नहीं कर पाते। उनके कार्यकाल के दौरान सामने आए स्कैंडल से जो परसेप्शन बना, उसे वह समय रहते खत्म नहीं कर पाये। हालांकि अदालत में वे आरोप टिक नहीं सके। इसमें दो राय नहीं कि लोकतंत्र में राजनीति अपने तर्कों से ही चलती है। समाज के नजरिये को विचारधाराएं भी अपने ढंग से प्रभावित करती हैं। ऐसे में अगर नब्बे के दशक में बतौर वित्त मंत्री उनके द्वारा उठाये जा रहे ऐतिहासिक कदमों को एक खेमा संकीर्ण वैचारिक चश्मे से देख रहा था तो समाज में बन रहे परसेप्शन पर उसका असर पड़ना लाजिमी था। ऐसे ही राजनीति ने भी मनमोहन सिंह की विनम्रता के अपने ही मतलब निकाले, लेकिन इन बातों का प्रभाव, आखिरकार, कितना अस्थायी होता है, यह भी मनमोहन सिंह को मिल रही श्रद्धांजलियों ने स्पष्ट कर दिया है।

**पीएम पद के लिए उन्हें चुना भले सोनिया गांधी ने हो, अमेरिका के साथ परमाणु ऊर्जा करार को अंजाम तक पहुंचा कर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित कराने का श्रेय पूरी तरह से उनके संकल्प को जाता है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के रूप में डॉ सिंह का कार्यकाल भारत के आधुनिक इतिहास में एक निर्णायक काल था। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, सूचना का अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे कार्यक्रमों ने लाखों लोगों को सशक्त बनाया, खास कर हाशिए के समुदायों के लोगों को। ये केवल नीतियां नहीं थीं, बल्कि वंचित वर्गों के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता और एक समतापूर्ण समाज के उनके विचार की अभिव्यक्तियां थीं।**

# मनमोहन सिंह : बेजोड़ ईमानदारी और दूरदर्शिता वाले राजनेता

**भूपेंद्र सिंह हुड्डा**

आज, भारत अपने सबसे प्रिय नेताओं में से एक डॉ मनमोहन सिंह के निधन से शोक में है। 26 दिसंबर, 2024 को उनका निधन, एक ऐसे युग का अंत है जिसको उनकी बुद्धिमत्ता, विनम्रता और राष्ट्र के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने परिभाषित किया था। उनका संघर्ष पूर्ण जीवन व भारत के राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान भारत के इतिहास का हिस्सा रहेगा। डॉ सिंह का जीवन एक साधारण परिवेश से शुरू हुआ, पर भारत व पूरे विश्व के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक बनने की उनकी यात्रा सभी के लिए प्रेरणादायक है। कठिनाई और दृढ़ता ने उनके प्रारंभिक जीवन को परिभाषित किया था।

विभाजन की चुनौतियों के बावजूद, शिक्षा और उत्कृष्टता की उनकी खोज कभी कम नहीं हुई। अपनी मेहनत और बुद्धिमता के बल पर उन्होंने कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से डिग्री हासिल की, अंततः अर्थशास्त्र में डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उनकी शैक्षणिक यात्रा ने उनके शानदार करियर की नींव रखी, जिसने लाखों लोगों को प्रभावित किया। राष्ट्र के लिए उनका योगदान राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने से बहुत पहले शुरू हो गया था। एक अर्थशास्त्री के रूप में, उन्होंने मुख्य आर्थिक सलाहकार, भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर और योजना आयोग के उपाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर कार्य किया। 1991 में प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के अधीन वित्त मंत्री के रूप में डॉ सिंह ने अपना नाम भारतीय इतिहास में अंकित कर लिया। उस समय देश गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा था। उस समय उन्होंने साहसिक आर्थिक सुधारों की शुरुआत की, जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था को उदार बनाया और इसे दुनिया के लिए खोल दिया। हालांकि उस समय ये उपाय कुछ विवादास्पद रहे, पर समय के साथ इसके प्रभाव सामने आने लगे, और भारत के आर्थिक पुनरुत्थान का आधार बन गये।

**1991 में पीएम पीवी नरसिम्हा राव के अधीन वित्त मंत्री के रूप में डॉ सिंह ने अपना नाम भारतीय इतिहास में अंकित कर लिया।**



**प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद भी डॉ सिंह का हरियाणा के प्रति समर्पण कभी कम नहीं हुआ। वे अक्सर मुझसे इन परियोजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी लेते थे, जो राज्य और उसके लोगों के कल्याण के लिए उनकी चिंता का प्रमाण है। उनके प्रयासों ने हरियाणा के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया और उत्तर भारत में एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में इसके उभरने की नींव रखी।**

2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री के रूप में डॉ सिंह का कार्यकाल भारत के आधुनिक इतिहास में एक निर्णायक काल था। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, सूचना का अधिकार अधिनियम और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम जैसे कार्यक्रमों ने लाखों लोगों को सशक्त बनाया, खास कर हाशिए के समुदायों के लोगों को। ये केवल नीतियां नहीं थीं, बल्कि वंचित वर्गों के प्रति उनकी गहरी संवेदनशीलता और एक समतापूर्ण समाज के उनके विचार की अभिव्यक्तियां थीं।

अपने राष्ट्रीय योगदान के अलावा डॉ सिंह हमेशा हरियाणा के विकास के लिए असाधारण प्रतिबद्ध थे, जो उनके दिल के करीब था। यमुनानगर में उनके कोहली परिवार की जड़ों ने उन्हें इस क्षेत्र से व्यक्तिगत रूप से जोड़ा और प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान, हरियाणा ने उल्लेखनीय विकास और परिवर्तन देखा।

यह उनके नेतृत्व में ही था कि हरियाणा भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान झज्जर जैसे प्रमुख संस्थानों का घर बन गया।

औद्योगिक आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए उनके समर्थन ने औद्योगिक मॉडल टाऊनशिप की स्थापना की, जिससे राज्य में विनिर्माण और रोजगार का केंद्र बना, जिससे हरियाणा रोजगार और प्रति व्यक्ति आय के मामले में देश में नंबर एक बन गया। उन्होंने राज्य में मैट्रो रेल विस्तार का भी समर्थन किया, जिससे हरियाणा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के करीब आ गया, और कनैक्टिविटी बढ़ने के साथ, राज्य में आर्थिक अवसर बढ़े।

प्रधानमंत्री पद से हटने के बाद भी डॉ सिंह का हरियाणा के प्रति समर्पण कभी कम नहीं हुआ। वे अक्सर मुझसे इन परियोजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी लेते थे, जो राज्य और उसके लोगों के कल्याण के लिए उनकी चिंता का प्रमाण है। उनके प्रयासों ने हरियाणा के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया और उत्तर भारत में एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में इसके उभरने की नींव रखी।

डॉ सिंह जब प्रधानमंत्री थे, उस समय हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में मुझे उनसे कई बार बातचीत करने का सौभाग्य मिला। उनके नेतृत्व की विशेषता खुलेपन, संवाद और आम सहमति बनाने की इच्छा थी। मुझे याद है कि जब मैं सांसद था, तो वित्तमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान खाद व उर्वरक मूल्यों में हुई वृद्धि को वापस लेने पर चर्चा करने के लिए किसानों के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहा था।

डॉ सिंह का स्पष्ट जवाब था कि हमारे किसानों का कल्याण हमारी नीतियों के केंद्र में रहना चाहिए। एक समृद्ध किसान का मतलब एक समृद्ध भारत है। ये शब्द भारत के कृषक समुदाय के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, एक ऐसी भावना जो हरियाणा के जनमानस के विचारों से गहराई से मेल खाती है।आज, जब हम उन्हें अंतिम विदाई दे रहे हैं, तो इस बात पर भी गर्व करें कि हमारे देश ने ऐसे महान नेता के नेतृत्व का सौभाग्य मिला। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दें, और उनका जीवन उन सभी के लिए प्रकाश पुंज रहे, जो एक विकसित भारत का सपना देखते हैं।

**(लेखक : हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# तस्करों ने नारकोटिक्स अफसर को गोली मारी

**टोल पर बोलेरो को इनोवा से ठोंका**

**डोडाचूरा पकड़ने नीमच से राजस्थान गयी थी टीम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नीमच।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) की नीमच टीम ने फिल्मी अंदाज में डोडाचूरा से भरी इनोवा कार जब्त की है। इस दौरान एक आरोपी फायरिंग करते हुए भाग निकला। गोलीबारी में एक अफसर घायल हुआ है। वाहन की टक्कर से दो कर्मचारी भी घायल हुए हैं। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मामला राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले के मंगलवाड़ के पास नारायणपुरा टोल प्लाजा का है। कार्रवाई शुक्रवार तड़के करीब 4:30 बजे की है। इसका वीडियो शनिवार को सामने आया है। सीबीएन की टीम ने इनोवा कार से 345 किलो से ज्यादा डोडाचूरा जब्त किया है। बताया जा रहा है कि डोडाचूरा उदयपुर ले जाया जा रहा था। बता दें, एक महीने के अंदर नारकोटिक्स की टीम पर डोडाचूरा तस्करों ने दूसरी बार हमला किया है। इससे पहले चित्तौड़गढ़-बारां हाईवे पर कोटा हैंगिग ब्रिज (राजस्थान) के पास तस्करों ने पिकअप वाहन से जावरा सेल की टीम की गाड़ी को टक्कर मारी थी।



**टोल प्लाजा पर मौजूद लोग भी डर गये**

पूरे घटनाक्रम का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। इसमें इनोवा तेजी से बोलेरो को टक्कर मारती दिख रही है। ये देखकर टोल प्लाजा पर मौजूद कर्मचारी भी डर गए। वहां अफरा-तफरी मच गई। तलाशी के दौरान कार में से 17 बोरों में भरा 345.940 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया गया है। कार को भी जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

**इनोवा कार से ले जायी जा रही थी खेप**

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की नीमच टीम को सूचना मिली थी कि चित्तौड़गढ़-उदयपुर हाईवे से मादक पदार्थ की खेप इनोवा कार से ले जाई जा रही है। इस पर टीम ने टोल बैरियर पर नाकेबंदी कर दी। जैसे ही संदिग्ध वाहन टोल प्लाजा पर पहुंचा, वहां पहले से तैनात अफसरों ने सामने ही बोलेरो लगा दी। इस पर तस्कर रुके नहीं, ड्राइवर ने सीबीएन के वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इस दौरान एक आरोपी चलती कार से कूदकर भाग गया, जबकि ड्राइवर कार रुकने के बाद फायरिंग करने हुए भागने लगा। ड्राइवर को टीम ने दबोच लिया।

# तीसरी बेटी होने पर पत्नी को जिंदा जलाया

**परभणी (आजाद सिपाही)।** महाराष्ट्र के परभणी में 26 दिसंबर की रात करीब 8 बजे एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को जिंदा जला दिया। आग की लपटों में घिरी महिला सड़क पर दौड़ती दिखी तो कुछ लोगों ने पानी-चादर से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन महिला को बचा नहीं सके। शनिवार को घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। कुंडलिक काले अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ परभणी के फ्लायी ओवर इलाके में रहता था। पुलिस ने बताया कि आरोपी कुंडलिक काले कुछ दिन पहले तीसरी बार पिता बना था। उसकी दो बेटियां पहले से थीं, इस बार भी बेटी होने के कारण वह पत्नी से नाराज था। कुंडलिक के खिलाफ उसकी पत्नी की बहन ने पुलिस थाने में हत्या का केस दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी कुंडलिक को हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# तनाव के बीच बांग्लादेश ने भारत से चावल खरीदा

**एजेंसी**

**ढाका।** भारत और बांग्लादेश में लगातार बढ़ती तल्खी के बाद भी व्यापार जारी है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने भारत से चावल इंपोर्ट करना शुरू कर दिया है। बांग्लादेश ने भारत से 2 लाख टन चावल खरीदने का फैसला किया है। शुक्रवार को 27 हजार टन चावल की पहली खेप बांग्लादेश के चटगांव पहुंच गयी है। बांग्लादेश के एक फूड अधिकारी ने बताया कि इस वक्त बांग्लादेश में चावल की कोई कमी नहीं है। हालांकि, हाल ही में आयी भीषण बाढ़ के कारण सरकार ने भविष्य में संकट से बचने के लिए चावल इंपोर्ट करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार 2 लाख टन उबले चावल के अलावा टेंडर के जरिये भारत से 1 लाख टन चावल का इंपोर्ट करेगी।



भारत के हाइ कमीश्नर प्रणय कुमार वर्मा।

**जी2जी लेवल पर और ज्यादा चावल इंपोर्ट करने का प्लान :** अधिकारी ने कहा- टेंडर के अलावा हमारा प्लान सरकार से गवर्नमेंट टू गवर्नमेंट लेवल पर भारत से और ज्यादा चावल इंपोर्ट करने का है। इसके अलावा भारत के प्राइवेट एक्सपोर्ट्स से अब तक 16 लाख टन चावल आयात करने के लिए बांग्लादेश सरकार से परमिशन ले ली है। उन्होंने बताया कि हमने म्यांमार के साथ 1 लाख टन चावल इंपोर्ट करने के लिए जी2जी समझौते पर भी हस्ताक्षर किये हैं। इसके साथ ही वियतनाम और पाकिस्तान से भी इसे लेकर चर्चा कर रहे हैं।

बांग्लादेश ने कीमतों को स्थिर रखने के लिए चावल के इंपोर्ट पर सभी ड्यूटी हटा ली है। भारत से प्राइवेट लेवल पर जीरो इंपोर्ट ड्यूटी के साथ बड़ी मात्रा में चावल का निर्यात किया जा रहा है। भारत ने भी बांग्लादेश की नई सरकार के साथ काम करने की इच्छा जतायी है। बांग्लादेश में भारत के हाई कमिश्नर प्रणय कुमार वर्मा ने हाल ही में कहा कि 5 अगस्त के उथल-पुथल भरे बदलावों के बाद भी, मुझे लगता है कि हमने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ पूरी ईमानदारी से काम किया है।

# अजरबैजान प्लेन क्रैश पर पुतिन ने मांगी माफी

**एजेंसी**

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने शनिवार को अजरबैजान के प्लेन क्रैश पर माफी मांगी है। पुतिन ने अजरबैजान के राष्ट्रपति से कहा कि हादसा उनके एयरस्पेस में हुआ, इसके लिए उन्हें दुख है। पुतिन ने कहा कि प्लेन तय शेड्यूल के मुताबिक ग्रोज्नी पहुंचा था। इस वक्त यूक्रेन वहां हमले कर रहा था, जिसे रूस का एयर डिफेंस सिस्टम रोक रहा था।

रूसी राष्ट्रपति के दफ्तर क्रेमलिन ने बयान जारी कर बताया कि अजरबैजान का पैसेंजर एयरक्राफ्ट बार-बार ग्रोज्नी एयरपोर्ट पर लैंड करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन उस वक्त उसे वहां लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली, क्योंकि तब रूस का एयर डिफेंस सिस्टम यूक्रेनी ड्रोन के हमलों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर रहा था।

हालांकि, क्रेमलिन ने यह नहीं कहा कि उन्हीं के एयर डिफेंस सिस्टम की फायरिंग से प्लेन क्रैश हुआ है। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक प्लेन क्रैश में बचे कुछ लोगों ने भी कहा था कि जब विमान ग्रोज्नी में था, तब उन्हें तेज आवाजें सुनायी दी थीं। ग्रोज्नी रूस के चेचन्या प्रांत की राजधानी है।

दरअसल, कजाकिस्तान के अक्ताउ में 25 दिसंबर को दोपहर करीब 12:30 बजे अजरबैजान का एक प्लेन क्रैश हो गया था। इस हादसे में 38 लोगों की मौत हुई थी।

# बर्फबारी से श्रीनगर-लेह हाइवे बंद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/ श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग और तनमार्ग में बर्फबारी के कारण फंसे 68 टूरिस्ट को शुक्रवार देर रात सेना ने रेस्क्यू किया। आर्मी ने बताया कि अचानक हुई भारी बर्फबारी और सड़कों के बंद होने के कारण 30 महिलाओं और 8 बच्चों समेत 68 लोग घाटी में फंस गये थे। उन्हें रेस्क्यू कर सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया। उन्हें शेल्टर और दवाएं भी दी गयी। बर्फबारी के कारण श्रीनगर-लेह हाइवे और मुगल रोड बंद हो गया। श्रीनगर-जम्मू नेशनल हाइवे पर 2,000 वाहन फंस गये। भारी बर्फबारी के कारण शनिवार सुबह श्रीनगर एयरपोर्ट पर 80% उड़ानें रद्द कर दी गयी। वहीं घने कोहरे के चलते दिल्ली में 14 ट्रेनें देरी से चल रही हैं। शुक्रवार को दिल्ली में 24 घंटे में 9.1 मिमी बारिश दर्ज की गयी। यह पिछले 15 साल में दिसंबर महीने की सबसे ज्यादा बारिश रही।



वहीं, राजस्थान के अजमेर में भी दिसंबर महीने में पिछले 24 घंटे के दौरान 21.4 मिमी से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड हुई। यह पिछले 14 साल में दिसंबर की सबसे ज्यादा बारिश है।

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरपुर में तेज बारिश के कारण एक मकान गिर गया, जिससे महिला की मौत हो गयी। बारिश और ठंड के कारण गाजियाबाद-मेरठ में 8वीं तक के स्कूलों की छुट्टी कर दी गयी है।

शुक्रवार को मध्य प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई। रतलाम, मंदसौर, बैतूल, आलीराजपुर समेत कई जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिरे। शनिवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा।

# इंफाल इस्ट में 5वें दिन गोलीबारी में महिला और पत्रकार घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल ईस्ट में लगातार 5वें दिन कुकी और मैतेई ग्रुप के बीच फायरिंग हो रही है। थामनपोकपी और सानासबी में शुक्रवार देर रात को गोलबारी में एक महिला घायल हो गयी। वहीं, शनिवार सुबह गोलीबारी में एक लोकल न्यूज चैनल के वीडियो जर्नलिस्ट घायल हुए। शक्रवार को भी सनसाबी इलाके में उग्रवादियों से मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी और एक गांव वाला घायल हुए था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यहां मोर्टार भी दागे गये थे।

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि इम्फाल ईस्ट के सनसाबी और थमनापोकपी में कुकी उग्रवादियों की गोलीबारी की कड़ी निंदा करता हूं। निदोर्षों पर यह कायरतापूर्ण हमला मणिपुर की शांति और सद्भाव पर हमला है।



## कुकी-मैतेई आपसी समझ बनायें : सीएम

मणिपुर के सीएम बिरेन सिंह ने 25 दिंसबर को कहा था कि मणिपुर को तत्काल शांति की जरूरत है। दोनों समुदायों (कुकी-मैतेई) आपसी समझ बनायें। बीजेपी ही मणिपुर को बचा सकती है, क्योंकि वो 'एक साथ रहने' के विचार में विश्वास करती है। उन्होंने कहा था कि आज मणिपुर में जो कुछ हो रहा है उसके कई कारण हैं। आज जो लोग राज्य को बांटने की कोशिश कर रहे हैं, वे पूछ रहे हैं कि सरकार क्या कर रही है। लोग सत्ता के भूखे हैं। हम किसी खास समुदाय के खिलाफ नहीं हैं। भाजपा का रुख स्पष्ट है। हमने पुलिस और लोगों के बीच संबंध बनाने शुरू कर दिये हैं।

## अमित तिवारी बने पेयजल और स्वच्छता विभाग के प्रतिनिधि



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने बेलहारा गांव निवासी अमित कुमार तिवारी को पेयजल और स्वच्छता विभाग के विधायक प्रतिनिधि बनाया है। उन्होंने जारी पत्र में कहा है कि मेरी अनुपस्थिति में पेयजल और स्वच्छता विभाग की बैठक में अमित कुमार तिवारी शामिल होंगे। वहीं गढ़वा-रंका विधान सभा क्षेत्र की जनता का पेयजल से संबंधित समस्याओं का समाधान को लेकर भी ससमय कार्य करेंगे। विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर अमित कुमार तिवारी ने कहा कि विधायक के भरोसा पर हमेशा खरा उतरने का प्रयास करूंगा। वहीं दिए गए दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करूंगा। गढ़वा की जनता के समस्याओं को लेकर विभागीय स्तर पर पहल करूंगा और हर सुख दुख में साथ रहूंगा। ताकि जनता का विश्वास विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी पर बनी रहें।

# मैदान पर दूसरे खिलाड़ी को अपना दोस्त समझें: डॉ निशांत

**खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है: अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग का उद्घाटन गोविंद हाई स्कूल के मैदान में शनिवार को प्रसिद्ध सर्जन सह पूर्व खिलाड़ी डॉ कुमार निशांत सिंह प्रतियोगिता के संरक्षक अलखनाथ पांडेय अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सिन्हा, प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सुशील कुमार केशरी, धनंजय सिंह, अशोक कुमार दुबे चंद्रभूषण सिन्हा, पीके दुबे और अनिल कुमार विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं डॉ कुमार निशांत सिंह ने बैटिंग करके किया। इस मौके पर प्रसिद्ध सर्जन डॉक्टर कुमार निशांत सिंह ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में इंसान के साथ तमाम कोशिशों के बाद भी हार जीत लगी रहती है। खेल को हमेशा खेल भावना से ही खेलना चाहिए। इससे किसी और की जीत होने पर मन में बुरे भाव पैदा नहीं होते। खिलाड़ियों से कहा वे मैदान पर दूसरे खिलाड़ी को अपना दोस्त समझे, 30 साल पहले वह भी इस मैदान में आप लोगों की तरह खेला करते थे। संरक्षक अलखनाथ पांडेय कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इसके अलावा खेल में भी कॅरियर संवारा जा सकता है। पूर्ब विधायक प्रतिनिधि सह अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि यह मंच बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध करा रहा है। खिलाड़ी लगातार मेहनत कर रहे हैं निश्चित ही सफलता प्राप्त करेगे। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि क्रिकेट सबसे अधिक लोकप्रिय खेल है और इसके चाहने वाली कोई कमी नहीं है मंच खिलाड़ियों को बेहतर मौका दे रही है। उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि आप सभी लोग सिर्फ खिलाड़ी नहीं बल्कि विद्यार्थी हैं और आप अपने खेल को खेल को खेल भावना के साथ खेलते हुए अपने करियर का चयन करें। मौके पर सुशील कुमार केशरी, अशोक कुमार दुबे,पीके दुबे, अनिल विश्वकर्मा, अजित सिन्हा, कमलेश दूबे, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, मनोज तिवारी, नमन पांडेय, हेमंत, नैतिक सहित कई लोग शामिल थे।

## प्रतिभा खोज मंच निर्माण के लिए भूमि पूजन का आयोजन

# यह मंच युवाओं और बच्चों के लिए एक बेहतरीन अवसर होगा: शांति देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** जिला परिषद के 15वें वित्त से कैलान पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय झुरही के प्रांगण में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता संस्कृति मंच के निर्माण हेतु भूमि पूजन का आयोजन किया गया। इस भूमि पूजन समारोह में प्रमुख अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा और पंचायत की मुखिया ने भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने निर्माण कार्य की शुरुआत की और क्षेत्र की सांस्कृतिक धारा को आगे बढ़ाने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि इस मंच के निर्माण से क्षेत्र में कला, संस्कृति और प्रतिभाओं को बढ़ावा मिलेगा। यह मंच क्षेत्र के युवाओं और बच्चों के लिए एक बेहतरीन अवसर होगा, जहां वे अपनी कला और सांस्कृतिक क्षमता का प्रदर्शन कर सकेंगे।

जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने कहा कि इस संस्कृति मंच के माध्यम से न केवल बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा, बल्कि इससे पंचायत क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक नई शुरुआत होगी। इस मौके पर पूर्व विस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, राम प्रताप यादव, उप मुखिया सुरेंद्र यादव, राजमोहन यादव, कुंदन ठाकुर, अजय टाइगर, रामाधार यादव, श्रवण खान, विकास ठाकुर शिवकुमार सिंह, राम प्रयाग कोरवा, योगेंद्र यादव, उपेंद्र यादव सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का ऋणी रहेगा देश : प्रखंड प्रमुख



मेराल (आजाद सिपाही)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कहा कि उनके निधन से देश को अपूर्णीय क्षति हुई है। उनके निधन से देश ने सिर्फ एक विख्यात अर्थशास्त्री को ही नहीं, बल्कि एक ऐसा नेता को खो दिया है जिनकी विद्वता और गरिमा को हमेशा याद किया जायेगा। उनके आर्थिक सुधारों के लिए देश उनका ऋणी रहेगा।

## मुस्लिम धर्मावलंबी अजमेर शरीफ के लिए हुए रवाना



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रारो पंचायत से करीब 50 मुस्लिम धर्मावलंबी तीर्थ यात्रियों का एक जत्था अजमेर शरीफ रवाना हुए। तीर्थयात्रियों से भरी बस को मुखिया सुनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार ठाकुर, पूर्व उप मुखिया शिव प्रसाद यादव, मो क्यामुदिन अंसारी, पप्पू कुमार यादव सहित अन्य ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर अजमेर शरीफ के लिए बस में सवार तीर्थ यात्रियों को विदा किया। मौके पर जितेंद्र ठाकुर ने यात्रियों को तीर्थ यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी और सुखद यात्रा की कामना की और कहा कि खुदा से अपने पंचायत और प्रखंड क्षेत्र की उन्नति के लिए प्रार्थना कीजिए।

# गुणवत्ता के साथ योजनाओं को निर्धारित अवधि में पूरा करें पदाधिकारी : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने नये समाहरणालय स्थित सभागार में तकनीकी विभाग के कार्यपालक अभियंताओं संग बैठक कर विभागवार चल रही योजनाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बारी-बारी से पेयजल और स्वच्छता विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,भवन निर्माण,जल पथ प्रमंडल विभाग, विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का समीक्षा कर कई निर्देश दिये।

**पेयजल द्वारा संचालित योजनाओं को तय समय में पूरा करने का निर्देश :** बैठक में उपायुक्त श्री जमुआर ने पेयजल विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए तय समय पर पूरा करने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने पेयजल के कार्यपालक अभियंता को पथ प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय स्थापित करते हुए पेयजल हेतु पाईपलाइन लगाने को लेकर निर्देशित किया। इसको लेकर डीसी ने डीडीसी को निदेश दिया कि वे अपनी अध्यक्षता में सभी कार्यपालक अभियंता तथा कांट्रेक्टर के साथ बैठक कर जिले में संचालित विकास योजनाओं में आ रही बढ़ाओ को दूर करने की बात कही। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान इलेक्ट्रिकल सब स्टेशन व वितरण की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी तरह उन्होंने भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए लाइब्रेरी निर्माण से भी अवगत हुए। मौके पर उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा समेत विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य उपस्थित रहे।

# खेल के क्षेत्र में है करियर की असीम संभावनाएं : मिथिलेश

**पूर्व मंत्री ने किया फाइनल क्रिकेट मैच का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** कल्याणपुर में आयोजित मौलाना आजाद कॉस्को क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल मैच शनिवार को बीरबंधा व कल्याणपुर के बीच खेला गया। इस मैच का शुभारंभ झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शॉट लगाकर किया। साथ ही श्री ठाकुर ने खिलाड़ियों के बीच ट्रॉफी वितरण भी किया। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि खेल के क्षेत्र में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं। खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करें तो उनका करियर बेहतर बन सकता है। उन्होंने कहा कि जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल कूद भी काफी जरूरी है। इससे शारीरिक और मानसिक दोनों विकास होता है। साथ ही खेल से बेहतर अनुशासन भी सीखने को मिलता है। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कमी नहीं है। इन खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखरने एवं उचित प्लेटफार्म प्रदान करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वे गढ़वा में किसी भी प्रतिभावान खिलाड़ी की प्रतिभा को कुंठित नहीं होने देंगे। आगे बढ़ने वाले खिलाड़ियों को वे हर संभव मदद करने को हमेशा तैयार हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार राज्य में खेल को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर कार्य कर रही है। इसका सीधा लाभ हर क्षेत्र के खिलाड़ियों को मिल रहा है। मौके पर मुख्य रूप से कल्याणपुर मुखिया अशोक चंद्रवंशी, समसुद्दीन अंसारी, फारुख, सुनील, धनंजय, खुर्शीद, अफरोज, राजेश, युनुस, विनोद, सुरेंद्र, अनुज, महेंद्र इफ्तेखार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री मिथिलेश के सौजन्य से अजमेर जायरीनों का किया गया इस्तकबाल



रंका (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से उनके प्रतिनिधि के रूप में झामुमो गढ़वा जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान ने रंका प्रखंड से अजमेर जा रहे जायरीनों को माला पहनाकर इस्तकबाल किया और उनके लिए जलपान का भी व्यवस्था किया। इस मौके पर जायरीनों को देश, राज्य और गढ़वा विधानसभा में अमन-चैन शांति व तरक्की के लिए ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती के दरबार में दुआ करने की दरख्वास्त की गयी है।

## रंका में जिम का आशीष गुप्ता ने किया उद्घाटन



रंका। रंका थाना मोड़ पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में झामुमो प्रखंड कमेटी के नेताओं ने संयुक्त रूप से जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने कहा कि रंका में जिम के खुल जाने पर यहां के व्यस्त युवा एवं बुजुर्ग लोग जिम में जाकर अपनी स्वास्थ्य को सुधार कर सकते हैं और रूटीन के मुताबिक अपना कार्य भी कर सकते हैं। इस मौके पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली, मुमताज रंगसाज, धीरज कुमार नौशाद राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# डीएवी मॉडल स्कूल में वार्षिक खेलकूद संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** डीएवी मॉडल स्कूल गढवा में वार्षिक खेलकूद महोत्सव के दूसरे दिन धूमधाम से खेलकूद संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के क्रीडास्थल में कई खेलों का आयोजन हुआ। जिसमें कुर्सी रेस, साइकिल रेस, घड़ा फोड़, कबड्डी आदि। म्यूजिकल चेयर रेस में प्रथम पीहू केसरी ,द्वितीय पीहू कुमारी और तृतीय रिया कुमारी हुईं। स्लो साइकिल रेस जुनियर ग्रुप में प्रथम शुभम कुमार द्वितीय अफजल राजा और तृतीय अमर मेहता हुए। सीनियर ग्रुप के स्लो साइकिल रेस में प्रथम अमित कुमार द्वितीय आकाश कुमार और तृतीय स्वरूप कुमार हुए। घड़ा फोड़ दौड़ में लड़कियों में प्रथम प्रज्ञा राज और लड़कों में मजहर ताज प्रथम हुए। सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक सुशील केसरी ने कहा कि प्रतिवर्ष बच्चों में मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।

## पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। चोपन-गढ़वा रोड रेलखंड पर नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन से पश्चिम दिशा की ओर पोल संख्या 44/5A के समीप दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक महिला की डाउन चोपन गोमो पैसेंजर ट्रेन (03344) की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। हादसा तब हुआ जब महिला ट्रैक पार कर रही थी और इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेन आ गयी। मृतिका भवनाथपुर थाना क्षेत्र के अरसली बनखेता गांव निवासी स्व शिवनाथ राम की 55 वर्षीय पत्नी लालती देवी के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मौके पर नगर ऊंटारी स्टेशन के आरपीएफ अर्जुन प्रसाद, श्रवण, नगर ऊंटरी थाना के एसआई रंजन शाह आदि मौजूद है।

## बीएनटी संत मैरी स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ




गढ़वा। शहर के सोनपुरवा स्थित बीएनटी संत मैरी स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद का शनिवार को विद्यालय के हाउस परेड के साथ शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक उमाकांत तिवारी और प्रधानाचार्य अमित कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से स्पोर्ट्स ध्वज फहराया गया। इसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा सभी विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स शपथ दिलाया गया। इस शुभारंभ कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक उमाकांत तिवारी और अमित कुमार तिवारी ने 100 मी सीनियर हिट के साथ इवेंट्स की शुरूआत हरी झंडी दिखाते हुए किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमित कुमार तिवारी ने कहा कि अनुशासन हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है, खेलकूद का हिस्सा बनना हमें अनुशासित बनाने के साथ-साथ हमारे व्यक्तित्व को भी निखारता है। इस तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद का समापन 31 दिसंबर को होगा तथा इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ कमाडेंट 172 बटालियन (गढ़वा) नृपेंद्र कुमार सिंह होंगे।

## झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज की बैठक संपन्न, लिये गये कई निर्णय



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा अध्यक्ष के के यादव की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न किया गया। श्री यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज के इस कार्यकारिणी समिति की बैठक में विगत बैठक की कार्रवाई की संपुष्टि, कंबल वितरण कल्याण को पेंशन रूपांतरण की कटौती पर रोक लगाने दिनांक 31/ 12/ 24 तक आईटीआर फाइल करने एवं पेन से आधार को सिडिंग, करने तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित करने आदि पर सभी सदस्यों का मंतव्य एवं विचार लिया जाना है। अंत में अध्यक्ष के संबोधन के उपरांत एक शोक सभा का आयोजन करके पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रख कर, उनके मृत आत्मा की शांति और शोक संतृप्त परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित राम सीता राम, चौबे सुरेंद्र चौबे, गोपाल राम, अमरनाथ, श्रवण, संतोष, परशुराम, रामाधार, बृजनंदन, शशि, शनेश्वर आदि के अलावा भी उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड मुख्यालय स्थित संत जेपी स्कूल के छात्र-छात्राओं को कई पर्यटन स्थल का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ व झारखंड को जोड़ने वाला बाल चौरापुल, पनघटवा डैम, सुखलदरी सहित कई स्थल शामिल है। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक डाक्टर पारसनाथ ने कहा कि स्कूल के तरफ से स्कूली बच्चों को प्रत्येक वर्ष ऐतिहासिक स्थलों व पर्यटन स्थल तथा प्राकृतिक दृश्यों का भ्रमण कराने से शैक्षणिक विकास होता है।

# धर्म रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता : निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता






**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट टेन प्लस टू स्कूल में गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों के बलिदान को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन केशरी और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर वीर बालक जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह और माता गुजरी देवी के आंखों के तारे जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदानों को स्मृति दिवस है। जब बच्चे अपने बचपन का आनंद लेते हैं उस वक्त वे देशभक्ति और धर्म के लिए बलिदान को समर्पित हो रहे थे। उनके याद में वीर बाल दिवस मनाया जाने का ऐलान किया गया। वास्तव में यही वीर बाल दिवस है, जिन्होंने देश व धर्म की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। देश उनके बलिदान को हमेशा याद करेगा, साथ ही भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा रहेगा। नौ और सात वर्ष से भी कम आयु के साहबजादों ने मुगल शासन के आगे शीश नहीं झुकाया और वह जिंदा दीवार में चुनवा दिये गये। उनकी शहादत ने उस वक्त सभी के दिलोदिमाग को हिला कर रख दिया था। कहा जाता है कि साहबजादों की शहादत आगे चलकर मुगल हुकूमत के पतन का कारण बनी थी। वहीं उपप्राचार्य ने कहा कि हमें उनके जीवन और कृतार्थ से राष्ट्र के प्रति बलिदान, समर्पण त्याग की भावना ग्रहण करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र साह, विकास कुमार, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, कृष्ण, नीरा शर्मा, रागिनी, शिवानी, ज्योति, पूजा प्रकाश, संतोष आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## कांडी में अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू



कांडी (आजाद सिपाही)। स्थानीय प्रखंड मुख्यालय में चिर प्रतीक्षित अतिक्रमण हटाओ अभियान शनिवार को बाजार की बजाय मेन रोड से शुरू हुआ। अंचल पदाधिकारी राकेश सहाय के नेतृत्व व पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार एवं थाना प्रभारी अविनाश राज की उपस्थिति में भारी संख्या में पुलिस बल के साथ दो जेसीबी मशीन को लेकर अतिक्रमण हटाए जाने का काम शुरू हुआ। प्रखंड कार्यालय के दक्षिण तरफ से कार्य प्रारंभ हुआ। इस दौरान अशोक कुमार गुप्ता, संतोष गुप्ता के घर के सामने का एस्बेस्टस शीट व नाली के ऊपर का अतिक्रमण हटाया गया। वारिस खान के सामने का अतिक्रमण हटाया गया। वहीं कर्पूरी चौक के पास शशि फास्ट फूड दुकान द्वारा बनाये गये फर्श को भी तोड़ा जा रहा था। इस समय अभियान वहीं तक पहुंचा था। विदित हो कि गढ़वा जिला का सबसे बड़ा अतिक्रमण कांडी बाजार में अवस्थित है। जहां 4.84 एकड़ के बाजार को अतिक्रमण के अजगर ने पूरा का पूरा निगल लिया है। यह अलग बात है कि चार एकड़ 6 डिसमिल के भूखंड को प्रशासन ने अब कब्जाधारियों की निजी मिल्कियत मान लिया है। प्रशासन के अनुसार केवल 78 डिसमिल बाजार की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया जाना है। जिसके लिए मापी के बाद 67 कब्जाधारियों को नोटिस दी गयी है। वहीं 20 दिसंबर को अंचल पदाधिकारी ने खुद से माइक से अनाउंस करते हुए सभी कब्जाधारियों को अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लेने की चेतावनी दी थी। अन्यथा प्रशासन के द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाए जाने और उसका खर्च अतिक्रमणकारियों से वसूले जाने की चेतावनी भी दी गयी थी।

## स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दें: ज्योति कुमारी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मारंगहदा मे शनिवार को रोगी कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने की। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन और रोगियों की बेहतर देखभाल के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में रोगियों की समस्याओं, दवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर चर्चा की गयी। उपस्थित सदस्यों ने केंद्र की चुनौतियों और आवश्यकताओं के संबंध में अपने सुझाव भी प्रस्तुत किये। बैठक स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहूंचाने और क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित की गयी थी।

## कल्याण आश्रम के सौजन्य से जरूरतमंदों के बीच कंबलों का किया गया वितरण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** कल्याण आश्रम के स्थापना दिवस पर शनिवार को तोरपा प्रखंड के चार गांवों कालेट, चंपाबाहा, गडाटोली और बरदा में जरूरतमंद महिला-पुरुष के बीच कंबलों का वितरण किया गया। चंपाबाहा के ग्राम प्रधान रेडा मुंडा ने कहा कि इन क्षेत्रों में कल्याण आश्रम द्वारा शिशु मंदिर और ग्रामीण क्षेत्रों में एकल विद्यालय के माध्यम से ग्रामीण बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रहा है। इसके कारण यहां के लोग कल्याण आश्रम के साथ अधिक से अधिक लोग जुड़ रहे हैं और अपनी परंपरा, संस्कृति और रुढ़िवादिता को बनाये रखने में कल्याण आश्रम का कार्य सराहनीय है। प्रांत के श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा ने कहा कि आज कल्याण आश्रम जनजाति समाज के लोग अधिक से अधिक कल्याण आश्रम से जुड़ रहे है, क्योंकि हमारी संस्कृति की रक्षा इसी से हा सकती है। खूंटी जिला अध्यक्ष नौरी पूर्ति और गौरव कुमारी देवी ने कल्याण आश्रम के बारे में विचार व्यक्त किये। धन्यवाद ज्ञापन अनिल बड़ाईक ने किया। कार्यक्रम में संच प्रमुख लक्ष्मी नारायण नाग, अंकिता देवी तथा एकल विद्यालय के आचार्यगण उपस्थित थे।

## खूंटी में जल्द शुरू होगा पांच बालू घाटों का संचालन, अब नहीं होगी बालू की किल्लत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन ने आमजनों की सुविधा और वैध बालू की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पंचायत स्तर पर कैटेगरी 1 के पांच बालू घाटों का जल्द संचालन प्रारंभ किया जायेगा। इन बालू घाटों से लोगों को बालू की सहज और सुलभ उपलब्धता का लाभ मिलेगा। पांच बालू घाटों में कर्रा प्रखंड की सुनगी पंचायत, तोरपा प्रखंड की दियांकेल और चुरगी पंचायत और मुरहू प्रखंड की माहिल और गनालोया पंचायत में बालू घाटों का संचालन शुरू किया जायेगा। इस पहल से न केवल बालू की आपूर्ति में पारदर्शिता आएगी, बल्कि अवैध खनन पर भी प्रभावी रोक लगेगी। जिला प्रशासन का यह प्रयास आम जनता को किफायती दर पर बालू उपलब्ध कराने के साथ ही पर्यावरणीय सुरक्षा और सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि हमारा उद्देश्य आमजनों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सुविधाओं का विस्तार करना और विकास के मार्ग को सुगम बनाना है। बालू घाटों का संचालन इसी दिशा में एक ठोस कदम है। उपायुक्त ने नागरिकों से आग्रह किया है कि केवल वैध और निर्धारित स्त्रोतों से ही बालू का क्रय करें।

## आदर्श उच्च विद्यालय मैक्लुस्कीगंज की टीम पिकनिक के लिए पहुंची तिरू फॉल



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** आदर्श उच्च विद्यालय मैक्लुस्कीगंज की टीम ने पर्यटन स्थल भ्रमण को लेकर विद्यालय के 45 सदस्यीय छात्र-छात्राओं के साथ पहुंचा तिरुफॉल। इस पर्यटन स्थल पर विद्यालय के 45 सदस्यीय छात्रों के साथ आये विद्यालय के शिक्षक लखन प्रसाद साहू और प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि प्रत्येक वर्ष विद्यालय परिवार की ओर से छात्र-छात्राओं को सैर सपाटा को लेकर अनेक पर्यटक स्थलों पर भ्रमण कराया जाता है, लेकिन इस वर्ष पिकनिक के लिए तिरुफॉल जलप्रपात बच्चों की पहली पसंद थी। इसलिए सभी शिक्षक और बच्चे तिरुफॉल जलप्रपात में पिकनिक मनाने पहुंचे हैं। शिक्षकों ने बताया कि तिरुफॉल की सुंदरता मानो प्राकृतिक की गोद में बसा ऊंचे ऊंचे पहाड़ियों के बीच ऊंचाई से गिरता झरना का पानी सैलानियों को अपनी और बरबस आकर्षित करता है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने एक साथ पिकनिक का लुत्फ उठाया। इस दौरान सभी बच्चे और शिक्षक एक साथ में बैठ कर स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाया। शिक्षकों ने कहा कि यदि मौका मिला तो पुनः इस मनमोहक दृश्य को देखने के लिए तिरुफॉल आयेंगे। इस 45 सदस्यीय टीम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य प्रसाद साहू, शिक्षक लखन प्रसाद साहू, जय प्रकाश यादव, गोपाल प्रसाद मनोहर यादव राधा देवी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## गरीबों की थालियों से गायब हो रही हैं हरी सब्जियां,दाम बढ़ने से आम जनता परेशान




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बाजारों में हरी सब्जियों के दाम में हुई बेतहाशा वृद्धि से आम जनता काफी परेशान है। सब्जियों के बढ़ते दाम के कारण लोगों के थालियो से हरी सब्जी गायब हो रही है। लहसुन, प्याज, आलु, मटर सहित अन्य हरी सब्जियों के दाम काफी बढ़ गये हैं, जिसके कारण गरीब लोगों को इन सब्जियों को खरीदारी करने में काफी परेशानी हो रही है। आम जनता ने बताया कि पहले साप्ताहिक बाजारों में दो सौ रुपये में सब्जी से झोला भर जाता था, लेकिन अब सब्जियों के दाम बढ़ने के कारण झोला भी नहीं भर रहा है। ज्ञात हो कि कोयलांचल क्षेत्र के सभी पंचायतो में सप्ताह में एक दिन साप्ताहिक बाजार लगता है,जिसमें लोगों को हरी सब्जियां खरीदने का अवसर मिलता है, लेकिन सब्जियों के बढ़ते दाम को देखते हुए ग्राहकों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है।

# सीसीएल एनके एरिया के कांटाघरों में लगी डीजीटाइजर मशीन में हैकिंग चिप

**सीसीएल मुख्यालय से आयी विजिलेंस टीम की जांच में रिमोट डिवाइस से संचालित होनेवाला चिप मिला**





आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया के केडीएच कांटाघर में स्क्रैप लोड ट्रक के गलत तरिके से वजन करने के मामले के उद्भेदन के बाद शनिवार को एनके क्षेत्र के केडीएच, रोहिणी और चुरी कांटाघर की जांच के लिए सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस रांची से विजिलेंस टीम पहुंची। टीम में जीएम इएंडटी संतोष कुमार सिंह, विजिलेंस मैनेजर संतोष प्रजापति, गणेश गौरव के अलावा सीसीएल सुरक्षा अधिकारी नीतीश झा शामिल थे। टीम केडीएच कांटाघर पहुंची, लेकिन मामला खलारी थाना में दर्ज होने के कारण कांटाघर को सील कर दिया गया है, जिस कारण टीम कांटाघर की जांच नहीं कर पायी। यहां से टीम एनके क्षेत्र के रोहिणी और चुरी कांटाघर भी गयी, जहां पर टीम के द्वारा जांच के क्रम में मापतोल विभाग झारखंड सरकार के द्वारा सील किया गया। डीजीटाइजर मशीन को विभाग से लिखित अनुमति लेने के बाद खोला गया। टीम को मशीन में लगा एक चिप मिला, जिसे वजन करने के दौरान रिमोट डिवाइस से कंट्रोलिंग करने के लिए लगया गया था। इस दौरान एनके जीएम दिनेश कुमार गुप्ता, केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह, चुरी पीओ अनुज कुमार सहित सीआइएसएफ के अधिकारी भी मौजूद थे। वहीं एनके क्षेत्र के पुरनाडीह परियोजना चतरा जिला में पड़ने के कारण जिला के संबंधित मापतोल विभाग से कांटा घर मे लगे डीजीटाइजर मशीन को खोलने की अनुमति नहीं मिली। फिलहाल एनके एरिया के डकरा परियोजना के कांटा घर को छोड़कर बाकी सभी कांटा घर बंद होने के बाद एनके क्षेत्र की कोयला ढुलाई के कार्य पर इसका असर पड़ा है।

इधर बताया गया कि डीजीटाइजर मशीन में लगाये गये चिप से मशीन को हैकिंग कर दिया जाता था और ज्यादा वजन को तय वजन के अनुरूप डीजीटाइजर मशीन के डिसप्ले पर दिखाया जाता था। वहीं सभी कांटाघरों में लगे डीजीटाइजर मशीन की सील को मापतौल विभाग झारखंड सरकार की निगरानी में किया जाता है। विभाग की बिना अनुमति के सील को खोला नहीं जा सकता है। वहीं डीजीटाइजर मशीन सीसीएल उपलब्ध कराती है। मालूम हो कि शुक्रवार को सीआइएसएफ के द्वारा केडीएच कांटाघर में स्क्रैप लोड गाड़ी के वजन करने के दौरान क्षमता से अधिक लोड वजन को पकड़ा गया था। इसके बाद छानबीन के क्रम में रिमोट डिवाइस को बरामद किया गया था। वहीं अंदेशा है कि स्क्रैप में खेला जा रहा वजन का खेला काफी लंबे समय से चल रहा है, जिससे सीसीएल को करोड़ों रुपयों का नुकसान होने का अनुमान है।

# सैलानियों के स्वागत के लिए तैयार है कोयलांचल का तिरू फॉल जलप्रपात

### प्राकृति की गोद मे बसा तिरूफॉल जल प्रपात में पर्यटकों का आना हुआ शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** प्रकृति के हसीन वादियो में अवस्थित पिपरवार कोयलांचल के निकटवर्ती पर्यटक स्थल तिरूफॉल नववर्ष में सैलानियों के स्वागत के लिए पुरी तरह से तैयार है। प्राकृति की गोद में बसे तिरूफॉल जल प्रपात मे चारों और ऊंचे ऊंचे पहाड़ों के बीच गिरता आकर्षक झरना लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। करीब साढे तीन सौ फीट की उँचाई से गिरता झरना का पानी बरबस सैलानियों को अपनी और आकर्षित कर रहा है। इसके ठीक ऊपरी सतह पर निर्मित मंदिर और झरना स्थल पर जाने को लेकर बनाये गये घुमावदार सीढ़ी को पत्थरों से काटकर खूबसूरत बनाया गया है। यह रमणिक स्थल रांची से महज 40 किलोमीटर दूरी पर अवस्थित है। निजी या यात्री वाहनों से भी सफर कर इस मनोरम पिकनिक स्पॉट स्थल पर पहुंचा जा सकता है। तिरुफॉल में प्रकृति के सुंदर रूप की भांति चारों ओर हरे भरे पेड़ पौधों की हरियाली छांव में झरने के नीचे स्थल पर कल कल बहता झरना का पानी इसकी सुंदरता में चार चांद लगा रहा हैं। यहां नव वर्ष के प्रारंभ के पूर्व ही दूर-दूराज से पर्यटक इस पिकनिक स्पॉट में पिकनिक मनाने को लेकर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो चुका है। प्रतिदिन यहां पर सैकड़ो की संख्या में पर्यटक पहुंचकर यहां की प्राकृतिक छटा देखकर अपने परिवार के सदस्यों एवं मित्र जनों संग पहुंच कर नये वर्ष की स्वागत और सैर सपाटा को लेकर पिकनिक का लुत्फ उठा रहे हैं। ज्ञात हो कि तिरुफॉल को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने को लेकर राज्य सरकार और स्थानीय सीसीएल पिपरवार प्रबंधन के द्वारा इस स्थल पर सड़क निर्माण और पर्यटकों के आराम करने को लेकर घुमावदार सीढ़ी से झरना स्थल तक उतरने के लिए रेलिंग का निर्माण कराया गया है, जिससे बुजुर्ग सैलानी भी रेलिंग के सहारे नीचे उतरकर इस प्राकृतिक मनोरम दृश्य का अवलोकन कर सके। हालांकि लोग बताते हैं कि यहां पर कई बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है।यदि राज्य सरकार और स्थानीय सीसीएल प्रबंधन इस और ध्यान दें तो इसे बेहतर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसके अलावे पिपरवार के कल्याणपुर से बड़गांव को जोड़ने वाली सड़क के बीच खरपाचट्टान स्थित ऊंची पहाड़ियों पर चंदन गुफा अवस्थित है। इस गुफा में पाषाण काल के लोगों द्वारा की गयी चित्रकारी आज भी देखने को मिलते हैं। यह पिकनिक स्पॉट भी सैलानियों को पुरातन काल की जीवन शैली पर आधारित कई ऐसे अवशेष हैं जो लोगों को अपनी और आकर्षित कर रहा है।वही पिपरवार में सीसीएल प्रबंधन द्वारा बनाये गये कायाकल्प वाटिका, दामोदर नदी, सपही नदी, गहरी नदी सहित अन्य स्थानों पर भी नव वर्ष पर लोग पिकनिक मनाने जाते हैं।

## खलारी के पिकनिक स्पॉट और नदियों में पिकनिक मनाने के लिए पहुंचने लगे लोग



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी के पिकनिक स्पॉट पर पिकनिक मनाने के लिए लोग आने लगे हैं। दिसंबर की शुरूआत के बाद से ही विभिन्न नदियो के पिकनिक स्पॉट पर पिकनिक मनाने वाले लोगो की भीड़ लगने लगती है। क्षेत्र के दामोदर नदी, देवनद, सपही नदी में दिसंबर और जनवरी में लोग सपरिवार भी पिकनिक का आनंद उठाते देखे जाते हैं। वही दामोदर नदी और सपही नदी में सीसीएल कर्मी और अधिकारी भी नदियों में नये साल के जश्न और पुराने साल की विदाई देने के लिए पिकनिक स्थल पर जुटते और पिकनिक के माध्यम से लजीज व्यजनों का आनंद लेते हैं।

## जोरापोखर पिला ग्राउंड में एक दिवसीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**धनसार (आजाद सिपाही)।** जोरापोखर बस्ती पिला ग्राउंड में टाटा स्टील के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा की 87वी जयंती पर एक दिवसीय महिला फुटबॉल टूनार्मेंट जोरापोखर बस्ती और एसकेएम संस्था द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ टाटा के अधिकारी स्वेता कुमारी, सुजीत झा, श्रमिक नेता, पूर्व पार्षद शिव कुमार यादव ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया गया। फाइनल मुकाबला जोरापोखर बुलेट क्लब बनाम संतालडीह क्लब के बीच हुआ। जिसमें संतालडीह ने 0-1 से विजयी रहा। मैच में चार टीमों ने भाग लिया था। जय श्री स्पोर्टिंग क्लब निरसा, रघुनाथपुर स्पोर्टिंग कल्ब सेमीफाइनल तक ही खेल पाई। रैफरी में अनिल लाल, सुभाष कुमार बरुआ, मो इरफान,विक्की महतो थे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुरुलिया की छऊ नृत्य और मोहलबनी बस्ती की आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसका ग्रामीणों ने खूब लुफ्त उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने मर राम प्रसाद सिंह, एस के महतो, पायल महतो, मिलन महतो, जय श्री कुमारी, सुमन कुमारी आदि शामिल थे।

# प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पेरवाघाघ में चल रह विकास काम, लोगों को मिलेंगी सुविधाएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य से राज्य कें प्रसिद्ध पेरवांघाघ जलप्रपात में विकास कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थल को पर्यटकों के लिए और भी आकर्षक और सुलभ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास जिला प्रशासन कर रहा है। पेरवांघाघ जलप्रपात तक सुरक्षित और सुविधाजनक पहुंच के लिए सीढ़ियों का निर्माण कराया जा रहा है। पर्यटकों का स्वागत करने के लिए एक भव्य प्रवेश द्वार का भी निर्माण कराया जा रहा है। पर्यटकों को स्वादिष्ट भोजन और आरामदायक सेवा उपलब्ध कराने के लिए रेस्टोरेंट की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा पार्किंग, बम्बू कॉटेज समेत कई अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा कदम उठाया जा रहा है।

इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य पेरवाघाघ जलप्रपात को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है। इन सुविधाओं से न केवल पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि पेरवाघाघ जलप्रपात को पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित और पर्यटकों के लिए सुविधाजनक स्थल बने। उपायुक्त ने लोगों से अनुरोध किया है कि इस स्थान की स्वच्छता और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाये रखने में सहयोग करें।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर कई लोगों ने जताया दु:ख

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए गहरा दुःख प्रकट किया है। दुःख प्रकट करते हुए क्षेत्र के लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि स्व डॉ मनमोहन सिंह करीब 10 वर्षों तक भारत के प्रधानमंत्री रहे थे। उनका कार्यकाल काफी बेहतर रहा। उन्होंने कई अहम निर्णय भी लिए। उनके कार्यों और योगदान को देश कभी भी भूला नहीं सकता है। दुःख प्रकट करने वालो मे झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष पिंकी सिंह, कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदूस अंसारी, चतरा जिला उपाध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, बचरा उत्तरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य और पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, जुल्फिकार अली, निजामुद्दीन अंसारी, मोहम्मद शोएब आलम, नरेश सेठ,मंजूर आलम, कुदुस खान सहित कई लोगों के नाम शामिल है।

## मैं विधायक रहूं या न रहूं, आपके सुख-दु:ख में हमेशा साथ हूं: नीलकंठ सिंह मुंडा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के हुटार गांव में शनिवार को सांगा पड़हा जतरा का आयोजन किया गया। जतरा में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा उपस्थित थे। मौके पर पारंपरिक नाच-गान का आयोजन किया गया। मौके पर विधायक ने कहा कि मेला-जतरा आदि हमारी संस्कृति और पहचान हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी पुरानी विरासत को कायम रखने की जिम्मेवार हम सबों की है। राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री ने कहा, मैं विधायक रहूं या न रहूं, आपके सुख-दुःख में हमेशा आपके साथ हूं। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, जनार्दन मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष मदन गोप सहित पड़हा समाज और भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मान्यता प्राप्ति के लिए 15 जनवरी तक आवेदन दे सकते हैं गैर मान्यता प्राप्त स्कूल

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिले के गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय मान्यता प्राप्ति के लिए 15 जनवरी 2025 तक आवेदन दे सकते है। इस आशय की जानकारी जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय दी गयी। जिला शिा अधीक्षक कार्यालय द्वारा सभी गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को सूचित किया गया है कि आरटीइ एक्ट 2009 के तहत विद्यालय की मान्यता प्राप्ति के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। सभी विद्यालयों को निर्देश दिया जाता है कि वे निर्धारित समय सीमा का पालन करते हुए अपनी मान्यता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। इसके लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑन लाइन फॉर्म भरते हुए आवेदन के साथ निर्धारित राशि का ऑनलाइन भुगतान करने का निर्देश दिया गया है।

## राकोमयु के प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक कार्मिक से की मुलाकात



**खलारी (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल में रांची स्थित मुख्यालय में सीसीएल के निदेशक कार्मिक से मुलाकात किया। यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआइ सदस्य राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में निदेशक कार्मिक से मिलकर एन के एरिया के प्रमुख समस्या कार्मिक और असैनिक विभाग में अधिकारीयो की कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। साथ ही क्षेत्र को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु अधिकारियों की पदस्थापना करने, केन्द्रीय अस्पताल डकरा को शक्ति प्रदत करने, राजहरा क्षेत्र के लिए डाल्टनगंज में एक अस्पताल को मनोनयन सुची में शामिल करने आदि की मांग रखा गया। जिसे निदेशक कार्मिक ने शीघ्र करने का भरोसा दिये हैं। प्रतिनिधि मंडल में राघव चौबे, सुनील कुमार सिंह, तिला महतो, रवींद्र प्रताप सिंह शामिल थे।

## सांसद के आवासीय कार्यालय में डॉ मनमोहन सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा की अगुवाई में शनिवार को सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में शेकसभा आयोजित कर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कांगेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर और दो मिनट का मौन रख कर उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को नमन किया। जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा कि उनके जैसा प्रधानमंत्री शायद ही देश को आगे मिल पायेगा। उनके द्वारा किये गये कार्य से आज देश की अर्थव्यवस्था ऊंचाई पर पहुंची है। अर्थशास्त्री होने के नाते उन्होंने हर संभव देश की अर्थव्यवस्था को खराब होने नहीं दिया, बल्कि देश की स्थिति को हमेशा प्रगतिशील रखा। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो ने कहा कि इस महान विभूति को देश कभी भूल नहीं पायेगा। उनके द्वारा दिये गये कार्य के लिए देश उनका ऋणी रहेगा। प्रदेश सहकारिता के महासचिव नाईमुदीन खान ने कहा कि कभी कभी ही ऐसी महान विभूतियों का जन्म होता है। डॉ मनमोहन सिंह का निधन न सिर्फ कांग्रेस, बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष गोपाल भगत, पॉल भेंगरा, मगरीता खेस, जुनैद अंसारी, शबीर अंसारी, हेरमन सोय, शांता खाखा, हेलेन होरो, सुषमा भेंगरा, सुनीता गोप, देवेंद्र महतो, बंधू गझूं, सुमन देवी, अजय किशोर मुंडा, लव भगत, तलहा खान आदि उपस्थित थे।

## जनता मजदूर संघ क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में आज मनेगा हिंद मजदूर सभा का स्थापना दिवस

**खलारी (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर सभा के तत्वावधान में शुक्रवार 29 दिसंबर रविवार को क्षेत्रीय कार्यालय डकरा में हिंद मजदूर सभा का 77वां स्थापना दिवस सादगीपूर्वक मनाया जायेगा। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार मुक्तिनाथ गिरी होंगे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश सिंह होंगें। यह जानकारी संघ के एनके एरिया अध्यक्ष गोल्टेन प्रसाद यादव ने दी है।

# सीआइटी के 25 विद्यार्थियों का हुआ कैंपस सिलेक्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रांची के फाइनल ईयर के 25 विद्यार्थियों का कैंपस चयन पुणे बेस्ड प्लास्टिक ऊपरणों के निर्माण से जुड़ी कंपनी रोंच पॉलिमर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने किया है। चयनित विद्यार्थियों में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के विद्यार्थी आशीष कुमार पटेल, शुभम कुमार, चंदन कुमार, अभिषेक कुमार, हर्ष कुमार, अभय कुमार, अमरदीप कुमार, रक्षित कुमार, विनय कुमार का नाम शामिल है। वहीं, इलेक्ट्रिकल ब्रांच के लक्ष्यराज महतो, वीरेंद्र कुमार महतो, मो. अरबाज हैदर, बिक्रम कुमार दास, अमित कुमार, प्रियेश कुमार जबकि मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के बोषु मरांडी, ताजील रहमान, मनोरंजन कोइरी, गुलाम गौस, विवेकानंद महतो, चंदन कुमार, तबरेज आलम, ह्रितिक सिंह, जस्तीन लॉरेंस व जयप्रकाश करमाली का नाम शामिल है। कंपनी के प्रबंधक सह एचआर मोहन पाठक एवं एचआर एग्जिक्यूटिव मयूर ने चंयनित विद्यार्थियों को ऑफर लेटर सौंपा। मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

संस्थान के टीएनपी एग्जिक्यूटिव प्रो कौशिक चटर्जी ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को शुरुआती दौर में 3 लाख का सालाना पैकेज मिलेगा एवं इनका जॉब लोकेशन पुणे महाराष्ट्र में होगा। बता दें कि विद्यार्थियों का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी इंजीनियर के पद पर किया गया है। कैंब्रिज ट्रस्ट की चेयरपर्सन जानकी देवी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## फतेहपुर पुश जतरा में नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन

# आदिवासी-मूलवासी की विरासत है जतरा : रामप्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग के फतेहपुर में पुश जतरा का लगा। उसमें नागपुरी आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। इस मंच का उद्घाटन प्रमुख कंचन उरांव, मुखिया सविता उरांव, समाजसेवी रामप्रसाद साहू, नसीम आलम, बुधवा पाहान, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली,जयंत बारला ने सयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। इस पुश जातरा में नागपुरी आर्केस्ट्रा प्रोग्राम का आयोजन किया गया। रामप्रसाद साहू ने कहा कि हमारी यह पुश जतरा वर्षों की विरासत है, इससे आदिवासी मूलवासी सभी जाति सरना, सदान और मुस्लिम सभी ने मिलकर टूटे हुए पुश जतरा में हरियाली ला दिया। इस जतरा को लगाकर हमारी गांव में भिन्नता में एकता का परिचय दिया। सबिता उरांव ने कहा कि हमारी पूर्वजों की देन हैं की पुश जतरा इससे बचा कर रखें। जतरा और हमारी भाषा, खान पान, रहन-सहन बचेगी, तभी हमारी संस्कृति बचेगी। नागपुरी गीतों से हमारी कलाकार रूपेश बड़ाइक, क्यूम आबास, केशो देवी, प्रिया देवी कवि किशन, डांसर रीमा ठाकुर, विद्यया कुमारी, दिव्या संगम ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया औरने मंच का संचालन राज मौर्या ने किया।



बुधवा पहान ने जतरा खूंटा में मुर्गा की बलि देकर पूजा कर जतरा का शुभारंभ किया। जतरा पुश जतरा में मुर्गा लड़ाई आकर्षक का केंद्र रहा। पुश जतरा के सफल आयोजन के लिए अध्यक्ष सूरज साहू, पवन बारला, सचिव सज्जाद मियां, संरक्षक मो सईद मियां, युबराइल मियां, हरिश्चंद्र राम ने बधाई दिया। शांति व्यवस्था के लिए लापुंग पुलिस सदल बल उपस्थित थे।

# किक फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बनी टीम गेतलसूद

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** राम एकेडमी के तत्वावधान में लुपुंग स्टेडियम में आयोजित किक फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को गेतलसूद पंचायत की टीम ने जीत लिया। वहीं साल्हन की टीम उपविजेता बनी। फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा। निर्धारित समय पर मुकाबला बराबरी पर रहने के बाद फैसला टाईब्रेकर से हुआ। इसमें गेतलसूद की टीम ने 4- 0 से सालहन को हरा कर खिताब अपने नाम किया।

इससे पूर्व बतौर अतिथि प्रमुख दीपा उरांव, जिला 20 सूत्री समिति के पूर्व उपाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, जिप सदस्य अनुराधा मुंडा, बीआइटी मेसरा के उप रजिस्ट्रार सौरव प्रसाद, जलनाथ चौधरी आदि ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच शुरू कराया। विजेता टीम के खिलाड़ी नीरज मुंडा को मैन ऑफ दी सीरिज एवं रितेश नायक को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। तृतीय स्थान पर सिरका पंचायत एवं चौथे स्थान पर लूपुंग पंचायत की टीम रही। बाद में विजेता एवं उपविजेता टीम को नकद राशि एवं ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों को भी सांत्वना पुरस्कार दिये गये। मौके पर सिरका मुखिया रोशनलाल मुंडा, रितू महतो, साहेबराम महतो, शिवलाल पाहन, मजबूल खान, राजू प्रमाणिक आदि मौजूद थे। टूनार्मेंट के सफल आयोजन में राम एकेडमी के अध्यक्ष संजय नायक, संयोजक रामसाय मुंडा, सचिव जलेश महतो, राजेंद्र महतो, सुनिल महतो, प्रवीन मुंडा, अरविंद मुंडा, नीरज मुंडा, सूरज मुंडा, शिवा आदि का योगदान रहा।

# रंगदारी-हत्या की घटना को अंजाम देने से पहले छह अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** जिला रांची के द्वारा लगभग ढाई एकड़ जमीन को लेकर दि0-23.12.24 की रात्रि में 1. रतन उरांव, 2. गोवर्धन 3. अमर मुंडा और अन्य तीन-चार लोगों के द्वारा जमीन को अपने नाम से रजिस्ट्री कर देने अथवा रंगदारी स्वरूप 20 लाख रुपये देने अन्यथा जान से मारकर जंगल में फेक देने संबंधी नामकुम (खरसीदाग ओपी) में लिखित शिकायत की गयी। वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के द्वारा इस संबंध में त्वरित कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक (मु0) प्रथम, रांची और पुलिस उपाधीक्षक हटिया रांची के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसमें नामकुम (खरसीदाग ओपी) के पदाधिकारी और खरसीदाग ओपी के सशस्त्र बलों को शामिल किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वादी की हत्या किये जाने की योजना में शामिल तीन प्राथमिकी और तीन



अप्राथमिकी अभियुक्तों को पकड़ कर उनका संस्वीकृति बयान अंकित किया गया है, जिसमें उनके द्वारा वादी की जमीन को कब्जा करने के उद्देश्य से दि0-23.12.24 की रात्रि में वादी के घर पर जाकर धमकी देने, रंगदारी मांगने और जमीन अथवा पैसा नहीं देने पर जान से मारकर फेक देने की धमकी दिये जाने की बात स्वीकार की गयी, साथ ही यह भी बताया गया कि रतन उरांव एवं वादी के बीच वर्ष-2020 से जमीन संबंधी विवाद चला आ रहा है। रतन उरांव के द्वारा वादी की जमीन को अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था, जिसका विरोध करने पर रतन उरॉव के द्वारा हत्या की योजना बनायी गयी, जिसके लिये रतन उरॉव के द्वारा गोवर्धन को तीन लाख रुपये की सुपारी की बात तय कर 50 हजार रुपये अग्रिम के तौर पर दिया गया।

तत्पश्चात गोवर्धन के द्वारा अपने दोस्त बिंदेश्वर सिंह, अमर मुंडा, मधवा महतो, मुन्ना उरॉव एवं एक अन्य अपराधी के साथ मिल कर सतरंजी बाजार, तुपुदाना में वादी की हत्या की योजना बनाया गया। इसी दौरान अमर मुंडा के द्वारा हत्या की घटना को अंजाम देने के लिये हथियार और गोली की खरीदादारी की गयी। वादी के द्वारा फिरौती की रकम देने हेतु कुछ समय की मांग किये जाने पर उन्हें समय देकर छोड़ देने की बात स्वीकार करते हुए नववर्ष में वादी की हत्या करने की योजना बनायी गयी। इसी बीच वादी को भनक लगने पर उनके द्वारा दिये गये लिखित आवेदन के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों के विरूद्ध छापामारी कर छः अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या की घटना को अंजाम देने की योजना में शामिल अन्य अभियुक्तों को चिह्नित कर लिया गया है तथा उनकी गिरफ्तारी हेतु उसके छिपे होने के संभावित ठिकानों पर लगातार छापामारी की जा रही है।

## मोबाइल छिनतई के दो आरोपी गिरफ्तार

नामकुम (आजाद सिपाही)। पुलिस ने मोबाइल छीनतई के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद जमील कुरैशी (पिता मोहम्मद अख्तर कुरैशी, कांटाटोली निवासी) और मोहम्मद ईदुल अंसारी (पिता शेख अजीम, गढाटोली सदर थाना निवासी) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ब्रह्मदेव प्रसाद ने जानकारी दी कि घटना 27 दिसंबर की रात की है। जब भुईयां टोली निवासी दारोगा राय लक्ष्मी नगर जा रहे थे। इस दौरान उनके स्कूटी का तेल खत्म हो गया। मौके का फायदा उठाकर आरोपी वहां पहुंचे और उनका मोबाइल छीनकर भागने लगे। दारोगा राय ने शोर मचाया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को खदेड़ कर पकड़ लिया। पुलिस ने मामले में कानूनी कार्रवाई पूरी कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से इलाके के लोगों ने राहत महसूस की है। साथ ही थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## विनोद महतो ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बेड़ो (आजाद सिपाही)। बेड़ो थाना क्षेत्र के गायत्री नगर निवासी लगभग 30 वर्षीय युवक विनोद महतो उर्फ छपरु शनिवार की देर शाम अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक फांसी लगाकर आत्महत्या क्यों किया इसका किसी को कुछ जानकारी नहीं है। बताया जा रहा है विनोद महतो पूर्व में बेड़ो से रांची चलने वाली सिटी राइड बस में खलासी का काम करता था और अपने समेत अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। मृतक विनोद महतो की पत्नी भी कुछ दिन पूर्व ही घर में हुई लड़ाई झगड़ा के बाद अपने मायके चली गयी थी। वहीं मृतक युवक विनोद का भाई बेड़ो थाना गेट के सामने सब्जी बेचता हैं। घटना के समय भी भाई दुर्गा महतो सड़क किनारे सब्जी बेच रहे था। तभी घर के आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी उसके भाई को दिया।

# मांडर के टांगरबसली पंचायत भवन में मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

इस प्रशिक्षण में 50 महिलाओं ने भाग लिया, जिनको चार तरह के मशरूम को उगाने और रखरखाव के बारे में जानकारी दी गयी।

आजाद सिपाही संवाददाता



**मांडर।** आदिवासी कृषक महिला कल्याण परिषद द्वारा कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग के तहत मांडर के टांगर बसली पंचायत भवन में शनिवार को पांच दिवसीय मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में 50 महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान उन्हें चार तरह के मशरूम को उगाने और रखरखाव के बारे में जानकारी दिया गया। इस प्रशिक्षण में महिलाओं को मशरूम उगाने से लेकर उसमें व्यापार के बारे में भी जानकारी दी गयी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप मे प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एकता उपस्थित थे, उन्होंने भी महिलाओं को मशरूम की खेती एवं इससे लाभ की जानकारी दी, मौके पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के शशांक भगत निकिता लिंडा तस्लीम अंसारी पंचायत सहायिका मुक्ति देवी, सेवती मेंस गीता कुमारी तबस्सुम बेगम अफसाना खातून सहित अन्य लोग लोग उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने रेलवे फाटक में कार्य कर रहे कर्मियों को खदेड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



इटकी रेलवे स्टेशन के निकट खुले समपार फाटक से आते जाते राहगीर।

**इटकी।** इटकी रेलवे स्टेशन के निकट इटकी को मांडर सो जोडने के समपार में कार्य कर रहे विभाग के कर्मियों को ग्रामीणों खदेड़ दिया, जिससे समपार फाटक घंटों खुला रहा। ऐसी ही परिस्थिति में ट्रैक पर ट्रेनों का आवगमन चलता रहा। वहीं समपार फाटक से सैकड़ों वाहनों का भी आना जाना लगा रहा। करीब आठ घंटे बाद रेवले विभाग के अधिकारी ने समपार फाटक को बंद कराया। जानकारी के अनुसार विभाग के कर्मी करीब 12 बजे दिन में बंद समपार फाटक को खोल कर गड्ढे की खुदाई कर रहे थे। इसी दौरान ग्रामीणों को जानकारी मिली की समपार फाटक के जगह विभाग द्वारा गड्ढा खोदा जा रहा है। इसके बाद ग्रामीण एकजुट हो कर कार्य स्थल पहुंचे और विरोध करने लगे, इसके बावजूद कर्मी नहीं माने तो ग्रामीणों ने उन्हें वहां से खदेड़ दिया और खोदे गये गड्ढे को भर दिया, साथ ही अंडरपास सड़क को अवरुद्ध कर समापार फाटक खोल दिया। खुले समपार फाटक में करीब आठ घंटे रेलवे ट्रेक पर लंबी ट्रेनों का आवगमन जारी रहा। वहीं सड़क पर सैकड़ों वाहन और आमजनों का आने जाने का तांता लगा रहा। घटना की सूचना पर आरपीएफ के अधिकारी और स्थानीय पुलिस रेलवे स्टेशन पहुंची, इसके बाद ग्रामीणों से बातचीत किया। अश्वासन के बाद करीब आठ बजे रात में पुनः समपार फाटक को बंद कर दिया। ज्ञातव्य हो कि विभाग द्वारा अंडर पास मार्ग बनने के बाद अक्टूबर माह में समपार फाटक को बंद कर दिया था। जिसके विरोध में पिछले कई माह से ग्रामीण आंदोलनरत है और समपार फाटक खोलने की मांग कर रहे है।।

## देवप्रभा प्रबंधन ने कर्मियों-मजदूरों को थमाया नो वर्क नो पे का नोटिस, अनिश्चितकालीन धरना की चेतावनी

झरिया। भाजपा और जनता मजदूर संघ के बैनर तले लोदना क्षेत्र के कुजामा देवप्रभा आउटसोर्सिंग वर्कशॉप के समीप देवप्रभा प्रबंधन द्वारा नोटिस जारी करते हुए मजदूरों नो वर्क नो पे के खिलाफ में आउटसोसिंग चालू कराने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ललन पासवान ने कहा कि कंपनी प्रबंधन द्वारा नो वर्क नो पे से हमारे मजदूरों के समक्ष रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। जनता मजदूर संघ बच्चा गुट द्वारा आउटसोसिंग का काम जो काम बंद करने काम किया वह गलत है उनकी लड़ाई लोडिंग प्वाइंट से न की उनकी लड़ाई मजदूरों से है। हमलोग हमेशा मजदूरों की हक लड़ाई लड़ते है। उनकी इस लड़ाई से 350 मजदूर भुखमरी के कगार पर हैं। आउटसोसिंग प्रबंधन द्वारा नो वर्क नो पे नोटिस से जनता मजदूर संघ के मजदूर प्रभावित हुए है। मजदूरों की हक बात होगी तो इस लड़ाई में मेरा भी समर्थन रहेगा। जनता मजदूर संघ खुद मजदूर की लड़ाई लड़ेंगा। बीसीसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन से आग्रह है जल्द से जल्द आउटसोसिंग चालू कराये, नहीं तो जनता मजदूर संघ अनिश्चितकालीन के लिए धरना पर बैठ जायेंगे। पूर्ण रूप से आउटसोसिंग बंद रहेगा। जनता मजदूर संघ क्षत्रिय सचिव शिव पासवान ने कहा कि पूरा कुजामा आउटसोसिंग बंद हैं। जिसके कारण लोडिंग प्वाइंट पर करीब एक हजार मजदूर प्रभावित हुए हैं। मजदूर भुखमरी के कगार पर पहुंच गए है। जनता मजदूर संघ कतई बर्दाश नहीं करेगा। जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ जायेंगे।

# आश्वासन पर आश्वासन फिर भी जलमीनार सूखी

प्यास बुझाने की बजाय खुद दो वर्ष से प्यासी है तुको जलमीनार की टंकी

आजाद सिपाही संवाददाता




बेड़ो के तुको चौक में प्यासी जलमीनार।

**बेड़ो।** केंद्र व राज्य सरकार हर घर नल का जल पहुंचाने के लिए प्रयासरत है, वहीं करोड़ों खर्च करने के बाद भी प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बनीं जलमीनार शोभा की वस्तु बन कर रह गयी हैं। शुद्ध पेयजल के लिए लालायित ग्रामीण जलमीनार बनने के बाद काफी खुश थे। घरों तक पाइपलाइन भी बिछाई गयी। स्टैंड पोस्ट लगाकर नल भी लगा दिये गये, लेकिन विभागीय उदासीनता ने ग्रामीणों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जिससे आज तक एक बूंद भी पानी नल से नहीं टपका। जबकि केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना के तहत ग्रामीण पेय जलापूर्ति योजना से लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने के के लिए नल-जल योजना में करोड़ों रुपये खर्च किये गये। प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के पंचायतों में तामझाम के साथ सांसद और विधायक ने इस योजना का शिलान्यास भी किया था। यहां विभाग के अधिकारी व अभियंता भी मौजूद रहे। लोगों को उनके घरों तक पानी पहुंचाने का दावा भी किया गया। योजना के तहत हुए कार्यो में कथित अनियमितता का ही परिणाम कहा जा सकता है कि आज कई गांवों में लगी यह जलमीनार बेकार व अनुपयोगी है, जबकि जल ही जीवन है। इसका काम लोगों के साथ साथ धरती की भी प्यास बुझाना है। यह है तो जीवन है इसके बिना सब कुछ समाप्त। अब इस जीवन की उपलब्धता सहज नहीं रह गयी है। जल संकट मुंह बायें खड़ी दिख रही है। इसके पीछे सिर्फ अधिकारियों की उदासीनता ही सबसे बड़ा कारण है। उदाहरण स्वरूप बेड़ो के दिघिया पंचायत के तुको चौक में बने जलमीनार हैं जो वर्तमान में शोभा की वस्तु बन कर रह गये हैं। यह जलमीनार पिछले दो वर्षो से खुद प्यासी है। सरकारी स्तर पर आम लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का दावा खोखला साबित हो रहा है।

सरकार भले ही शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का दावा कर रही है पर संसाधनों के अभाव और मॉनिटरिंग की लचर व्यवस्था व भ्रष्टाचार के चलते सरकारी दावे की हवा निकल गई है। तुको में आज भी शुद्ध पेयजल मुहैया कराने में जिम्मेदार सिर्फ दो वर्षो से आश्वासन पर आश्वासन दे रहे हैं। ऐसे में लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए तरसना पड़ रहा है। अब लोग करें भी तो क्या?

## जरियागढ़ में तुलसी पूजन प्रवचन सह भंडारा का आयोजन



लापुंग। श्री योग वेदांत समिति जरियागढ़ में आसाराम बापू जी की साध्वी शिष्या रेखा बहन जी के द्वारा 25 दिसंबर तुलसी पूजा के अवसर पर दिनांक 28.12.2024 को जरियागढ़ में सत्संग और तुलसी पूजन का और भंडारा करआयोजन किया गया। जिसमें साधक भाई बहन एवं धर्म प्रेमी भाई बहन की उपस्थिति रहीं। जिसमें मुख्य रूप से जरियागढ़, गोविंदपुर, मुरुचकेल, लापा, नगड़ा, कोयसरा, पोकटा, गोविंदपुर रोड , रांची , खूंटी तथा आसपास के श्रद्धालु उपस्थित हुए। आयोजन करता में मुख्य रूप से महावीर मिश्रा, सुरेंद्र प्रधान, सचिन पाढ़ी, कंचन केसरी, धणपति साहू, इंद्रजीत साहू, अनिल मिश्रा, संतोष शर्मा शंकर सिंह वीरेंद्र सिंह लक्ष्मण सिंह राजकुमार सिंह एवं साधक परिवार दर्जनों भाई बहन उपस्थित थे।

## डारविंस स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन आज

बेड़ो । प्रखंड के मुरतो गांव स्थित डारविंस पब्लिक स्कूल के परिसर में रविवार को द्वितीय वार्षिक उत्सव सह खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केसीबी कॉलेज बेड़ो के पूर्व प्रो इंद्र मोहन राय होंगे।उक्त जानकारी शिक्षिका अनुराधा कुमारी ने दी।

# निमिया जलापूर्ति योजना में प्लास्टिक पाइप नहीं लगाये विभाग : अरुणा शंकर

**शहरी जलापूर्ति गुणवत्ता की निगरानी मैं खुद करूंगी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पंपुकल स्थित पानी टंकी का अवलोकन करते हुए कहा कि पहले तो मैं निगम के नगर आयुक्त को धन्यवाद देती हूं जिन्होंने जनहित में एक साहसिक कदम उठाते हुए पीएचडी से शहरी जलापूर्ति योजना को निगम के अधीन ले लिया। फल स्वरुप वर्षों से खराब पड़ी पानी टंकी के सभी मोटर बन गये। पानी में फिटकरी वगैर डालकर बिल्कुल स्वच्छ पानी अब शहर को सप्लाई हो रहा है। प्रथम महापौर ने पानी टंकी सप्लाई देखने के बाद जुडको द्वारा निर्मित करायी जा रही फेस टू योजना को देखी और कहा कि यह मेरे कार्यकाल की सबसे बड़ी योजना है 'हर घर शुद्ध जल' पहुंचाना मेरा लक्ष्य था जिसे पूर्व सीएम रघुवर दास के कैबिनेट से महापौर बनते ही हम सबों ने पारित करवाई थी, जिसकी राशि आईडीबी द्वारा सांसद वीडी राम के प्रयास से उपलब्ध करायी गयी और आंशिक राशि झारखंड सरकार के सहयोग से प्राप्त हुआ, जिसका कार्य तेजी से अब शुरू हो चुका है। फेस टू जलापूर्ति योजना निगम क्षेत्र को 9 जोन में बाट कर किया जा रहा है, जिसमें पूर्व में बने पानी टंकी स्टेशन रोड, बीएन कॉलेज, जिला स्कूल, आईटीआई रांची रोड, बाईपास पीएचडी पानी टंकी से सप्लाई दिया जायेगा। साथ ही चार नयी पानी टंकी बनायी जा रही है, जिसमें हाउसिंग कॉलोनी, आईटीआई मैदान (परशुराम मंदिर), चैनपुर ब्लॉक और सर्किट हाउस द्वारा पूरे शहर को पानी दिया जायेगा। प्रथम महापौर ने बताया पाइपलाइन बिछना शुरू हो चुका है, मुझे विश्वास है 1 साल में अधिकांश कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे। प्रथम महापौर ने निमिया जलापूर्ति योजना जो पहले ग्रामीण योजना थी के कार्यों की धीमी गति पर दुख व्यक्त की, साथ ही कहा कि इस योजना में प्लास्टिक पाइप लगाने की योजना है जिसे तुरंत बदल कर लोहा पाइप जो फेज टू में लग रहा है उसे ही पीएचडी को लगाना चाहिए।

प्रथम महापौर ने कहा कि मूलभूत सुविधा की गुणवत्ता में कोताही बर्दाश्त नहीं कि जायेगी, मैं खुद इस चल रहे योजना की निगरानी करूंगी।

# महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा और अधिकार के लिए सभी सामाजिक संगठनों को एक साथ आना होगा : डीपीएम

**मिलकर काम करने से समाज में नई चेतना का संचार होता है: डॉ. तबरेज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शनिवार को जेएसएलपीएस के कार्यालय में महिला एवं बाल अधिकार एवं सुरक्षा पर आधारित एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गयी। बैठक में किशोर-किशोरियों के उत्थान के लिए यूनिसेफ द्वारा प्रशिक्षित संस्थानों को टूल किट वितरित किया गया। यह टूल किट यूनिसेफ के निर्देशानुसार कार्य करने में सहायक साबित होगी। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस, एक्सआईएसएस, यूनिसेफ, पीसीआई इंडिया समेत पलामू जिले में कार्यरत प्रमुख सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जेएसएलपीएस की डीपीएम अनीता केरकेट्टा ने समाज में



व्याप्त मूलभूत समस्याओं और उनकी रोकथाम के लिए सरकार व सामाजिक संगठनों की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि सभी संगठन मिलकर कार्य करें, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

जेएसएलपीएस के डीएमएसडी प्रवीण कुमार ने संस्थान की कार्यशैली, सहयोगी संगठनों और उनके मानदंडों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं, एक्सआईएसएस और यूनिसेफ के जिला समन्वयक डॉ. ख्वाजा तबरेज ने कहा कि महिलाओं और बाल सुरक्षा कानून के बावजूद समाज में यह समस्याएं गहराई तक फैली हुई हैं। इनसे निजात पाना हमारा मूलभूत उद्देश्य है, जिसके लिए सभी संगठनों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने जिला एक्शन प्लान, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय और एनजीओ की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। नयी संस्कृति सोसाइटी के सचिव अजीत कुमार पाठक ने सुझाव दिया कि ग्रासरूट स्तर पर काम करने वाले संस्थानों और सरकार के बीच बेहतर समन्वय से समाज में व्याप्त कुरीतियों का समाधान हो सकता है। सीड्स संस्था के सचिव नसीम अहमद ने कहा कि पूर्ववर्ती योजनाओं के साथ-साथ वर्तमान गंभीर मुद्दों पर सजग और सचेत रहने की आवश्यकता है। इस अवसर पर पीसीआई इंडिया के उमंग प्रोजेक्ट की समन्वयक सुमन कुमारी, नई संस्कृति सोसाइटी से चंदा झा, अग्रगति संस्था से निक्कू पाठक, शुभ्रा पांडे और मंजू शर्मा, आरसी से ओम प्रकाश शर्मा, एफओ से देवानंद सिंह, जन साहस फाउंडेशन से सुप्रिया तिर्की, एफएम से मंजू कुमारी, कांति देवी, पुष्पांजलि देवी, आर्यन दीप, मनदीप राम, मल्टी आर्ट एसोसिएशन से एंजेल पारीक और पूनम विश्वकर्मा, फील्ड वर्कर राजूराम, राइजिंग ट्री से हामिद रजा, एनडीएफ से हरेंद्र और केएम साहू सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित थे।

# धान खरीदारी में गड़बड़ी को लेकर भड़के विधायक



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी / पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड पांकी के ग्राम ताल पैक्स भवन में धान अधिप्राप्ति केंद्र का क्षेत्रीय विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने निरीक्षण किया, और किसान का उचित मूल्य पर धान खरीद करने के लिए चेतावनी दिया। विधायक ने कहा कि ताल पैक्स और पांकी के नूरू धान अधिप्राप्ति केंद्र में किसानों से जानकारी मिली थी कि धान वजन के हिसाब से प्रति किंटल पर 5 kg कटौती किया जा रहा है। जांच के दौरान धान पैक्स के अध्यक्षों द्वारा अनेकों प्रकार की गड़बड़ी पाया गया है, इसे लेकर पैक्स अध्यक्ष को फटकार लगाया और इसकी शिकायत उपविकास आयुक्त और जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी से जांच कर जल्द कारवाई करने को कहा। धान अधिप्राप्ति केंद्र ताल पैक्स के अध्यक्ष शिव प्रसाद साव और धान अधिप्राप्ति केंद्र नूरू पैक्स के अध्यक्ष भोला प्रसाद गुप्ता को फटकार लगाया। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा के सभी प्रखंड में धान अधिप्राप्ति केंद्र के पैक्स का गड़बड़ी करने का सुचना मिलता है तो अध्यक्षो पर कार्रवाई करेंगे।

# पैक्स अध्यक्ष संघ ने वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन किसानों की समस्याओं के निदान की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के वित्त मंत्री व संसदीय मंत्री राधाकृष्ण किशोर को ज्ञापन सौंपा। संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा के नेतृत्व में सौंपे गये ज्ञापन में प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि हम लोगों ने माननीय मंत्री को किसानों से संबंधित समस्याओं के निदान को लेकर ज्ञापन सौपा है। दिये गये ज्ञापन में सभी पैक्सों को सुदृढ़ करने के लिए आर्थिक सहायता एवं पैक्स में कार्यरत ऑपरेटर, लेखपाल एवं अध्यक्षों को मानदेय लागू करने, पैक्स द्वारा धान अधिप्राप्ति कार्य के लिए कमीशन कम से कम 50 रुपये प्रति किवंटल करने, धान अधिप्राप्ति के लिए में पलाम में राइस मिल की संख्या बढ़ाने व किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध कराने की मांग शामिल है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि पलामू जिला में वर्षो से झारखंड कोऑपरेटिव बैंक बंद हो जाने के कारण किसानों एवं पैक्स को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है,उन्होंने पलामू में ऑपरेटिव बैंक की स्थापना की माँग की। इन सभी बिंदुओं पर माननीय मंत्री से प्रतिनिधि मंडल ने पैक्स अध्यक्षों एवं किसानों की समस्या समाधान करने काआग्रह किया। प्रतिनिधि मंडल में अरविंद कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, सूराज दुबे, कृष्णा गिरी, बीरबल पांडे, राजू रंजन सिंह, शैलेंद्र, अभिमन्यु सिंह सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

# पैक्स चुनाव में नामांकन वापसी के दिन नहीं पंहुचे पदाधिकारी, प्रत्याशियों ने नाराजगी जतायी

आजाद सिपाही संवाददाता




**पांकी (पलामू)।** पलामू जिला के पांकी प्रखंड अंतर्गत डंडार कला मे पैक्स अध्यक्ष का चुनाव होना है। जिसका नामांकन 26 दिसंबर को पूरी कर ली गयी थी, लेकिन नामांकन वापसी का निर्धारित समय 28 दिसंबर अपराह्न 10 बजे से पूर्वाहन 01 बजे का था। कार्यालय सहायक निबंधक सहयोग समितियां मेदिनीनागर पलामू के द्वारा पत्र जारी कर प्रत्याशीयों को सूचना दिया गया था। निर्धारित समय पर सभी प्रत्याशीयों ने निर्धारित स्थल पंचायत सचिवालय मे मौजूद रहे। लेकिन निवार्ची पदाधिकारी नहीं पहुचे। जिसे प्रत्याशी धनंजय कुमार, लक्ष्मण यादव, कमलेश प्रजापति, बिनोद चौहान ने नाराजगी जताते हुए वापस चले गये। निर्वाचन संपन्न कराने हेतु संजय कुमार और निर्वाचन पदाधिकारी आशीष खलखो को विभाग के द्वारा नियुक्त किया गया था। वहीं पंचायत के मुखिया प्रदूमण सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने निर्वाची पदाधिकारी से मांग किया है कि पारदर्शिता के साथ चुनाव सम्पन्न कराया जाये। उन्होंने पदाधिकारियों पर आरोप भी लगाया की चुनाव टेबल पर ही मनमानी तरीके से कर दिया जाता है। लेकिन मैं अपने पंचायत में इस तरह की मनमानी नहीं चलने दूंगा। निर्वाची पदाधिकारी संजय कुमार और आशीष खलखो से फोन से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया तो संजय कुमार का मोबाईल ऑफ बताया और आशीष खलखो ने फोन रिसीव नहीं किया। प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी निशितोष ठाकुर ने कहा कि इसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

# पुरानी चाणक्या कोचिंग संस्थान में सम्मान समारोह का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला रेलवे स्टेशन के समीप पुरानी चाणक्या कोचिंग सेंटर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान जी मेंस 2024 में चयनित 17 विद्यार्थियों को संस्थान के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अखिलेश सर और आनंद सर ने मौजूद विद्यार्थियों को भविष्य में बेहतर तैयारी के टिप्स भी दिए और उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने सम्मान समारोह को भविष्य की परीक्षा में शामिल होने वाले युवाओं के लिए उत्साहवर्धक करार दिया।उन्होंने कहा कि यहां के छात्र-छात्राएं काफी प्रतिभाशाली है,जरूरत है इन्हें सही मार्गदर्शन की।पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों में सुप्रिया, प्रियांशु, नेहा, निशु, शिवम, अक्षय सुधांशु, विकास, लवकुश, अभय, मनीष, राकेश, पंकज, बादल, रमेश, आकाश व बिट्टू कुमार का नाम शामिल है। पुरस्कार पाकर विद्यार्थी काफी खुश दिखे।इस अवसर पर कोचिंग संस्थान के सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पलामू का बेटा अयोध्या में करेगा काव्यगोष्ठी, ट्रस्ट से मिला निमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरीवा पंचायत के टोला पानेरीबांध निवासी शिक्षक सह कवि आचार्य धनंजय पाठक ने अपना पुस्तक समरोपदेश प्रबंध काव्य प्रकाशित किया है, जिसका लोकार्पण भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में किया जा रहा है। साथ ही कवि आचार्य धनंजय पाठक को भगवान की नगरी में 'सोशल एंड मोटिवेशनल ट्रस्ट' के बैनर तले रविवार को पलामू जिला के उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत करते हुए सम्मानित किया जाना है। श्री पाठक ने बताया कि पूर्व प्रकाशित पुस्तकों में हिंदी पूजा विधि, बत्तीसा सेवापराध, सारस्वत काव्य संग्रह सम्मिलित हैं। इसी कार्यक्रम में सम्मान समारोह एवं भव्य काव्यगोष्ठी आयोजित किया जाना है। जिसमें देश-विदेश के अनेकों कवि-कवयित्री काव्यपाठ करेंगे एवं सम्मानित भी होंगे। इसी समारोह में साझा संग्रह 'श्री राम का गुणगान है' का लोकार्पण ट्रस्ट द्वारा होना है। साथ ही उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम की नगरी में ट्रस्ट ने मुझे कवि सम्मेलन में भाग लेने का मौका दिया है, जो कि पलामू की धरती को गौरवान्वित करने वाली बात हैं।

# खेल से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है : शैलू



**कंकारी पंचायत के हुकवा गांव में विकास समिति द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद् सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलू आदि अन्य ने संयुक्त रूप से किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर (पलामू)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कंकारी पंचायत के हुकवा गांव में विकास समिति द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व जिला परिषद् सदस्य शैलेंद्र कुमार शैलू, भीष्म चौरसिया, अमलेश चौरसिया, शिव कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए शैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के आयोजनों से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है। साथ ही साथ सुदूरवर्ती इलाके के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका भी मिलता है, क्योंकि गांव के युवाओं में प्रतिभा छिपी होती है। जिन्हें इस तरह के आयोजन से अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। वहीं मौके पर भीष्म चौरसिया ने कहा कि खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में असीम संभावनाएं छिपी है। जरूरत है अब इस क्षेत्र में अपना मंजिल बनाने की। इस अवसर पर अरुण पांडे, सीता राम चौधरी,अखिलेश पाल, रविंद्र यादव, नीतीश सिंह, अनुराग सिंह, सुरेंद्र चौरसिया सहित दर्जनों संख्या में ग्रामीण जनता मौजूद थे।

# प्रखंड में नहीं चलेगी लाभुकों से कमिशन खोरी : रंजन दुबे

**बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे ने बताया कि प्रखंड चैनपुर में मनरेगा के कार्यो में लाभुक से प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ और रोजगार सेवक, मुखिया ने 50 प्रतिशत लाभुकों से पैसों की उगाही कर रहे हैं**



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड में मनरेगा से हो रहे कार्य में लाभुकों से पैसा का उगाही को लेकर बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे ने बताया कि प्रखंड चैनपुर में मनरेगा के कार्यो में लाभुक से प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ और रोजगार सेवक, मुखिया ने 50 प्रतिशत लाभुकों से पैसों की उगाही कर रहे हैं। वैसे पदाधिकारी को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई सरकार स्तर से करायी जायगी साथ ही उन्होंने कहा कि इसकी सूचना मौखिक रूप से उप विकास आयुक्त एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,को दिया हैं कि चैनपुर प्रखंड कार्यालय का मनरेगा के प्रखंड समन्वयक अरविंद सिंह के द्वारा लाभुकों से पैसों की वसूली की जा रही हैं और उन्होंने कहा कि हाल ही में 10-12-2024 दिन मंगलवार को चैनपुर प्रखंड के सभी मनरेगा वेंडर के खाते में करोड़ों रुपये का भुगतान हुई हैं लेकिन अभी तक लाभुकों को मनरेगा वेंडर के द्वारा राशि का भुगतान नहीं हुआ है कुछ लाभुकों का 50 प्रतिशत पैसों की कटौती कर उन्हें मनरेगा वेंडर के द्वारा भुगतान किया गया है और वेंडर लाभुकों को बताया कि हमारे द्वारा प्रखण्ड में बीपीओ और पंचायत में मुखिया व रोजगार सेवक को पैसों का भुगतान कर दिया गया है इसलिए हम अपने घर से पैसों का भुगतान आपको नहीं कर सकते हैं।

## स्पोर्ट्स



मेलबर्न टेस्ट का तीसरा दिन- नीतीश की पहली संेचुरी: वॉशिंगटन के साथ 8वें विकेट के लिए 127 रन जोड़े, भारत को फॉलोऑन से बचाया

# नीतीश की पहली संेचुरी, वॉशिंगटन के साथ 127 रन जोड़ भारत को फॉलोऑन से बचाया

एजेंसी



**मेलबर्न।** नीतीश रेड्डी के शतक के दम पर भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी कर ली है। एक समय उस पर फॉलोऑन खेलने का खतरा मंडरा रहा था। फिलहाल, टीम 116 रन से पीछे है। भारत ने मेलबर्न में शनिवार को तीसरे दिन स्टंप्स तक पहली पारी में 9 विकेट पर 358 रन बनाए। रेड्?डी 105 और मोहम्मद सिराज 2 रन पर नाबाद हैं।

टीम इंडिया ने सुबह 164/5 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। ऋषभ पंत ने 6 और रवींद्र जडेजा ने 4 रन से अपनी-अपनी पारी को आगे बढ़ाया। पहले सेशन में पंत 28 और रवींद्र जडेजा 17 रन बनाकर आउट हुए। तब टीम इंडिया का स्कोर 221/7 था। यहां से नीतीश रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर ने 8वें विकेट के लिए 285 बॉल पर 127 रन की साझेदारी करके फॉलोऑन टाला। सुंदर 162 बॉल पर 50 रन बनाकर आउट हुए।

ऑस्ट्रेलिया से पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 3-3 विकेट झटके। नाथन लायन को 2 विकेट मिले। एक दिन पहले शुक्रवार, 27 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 474 रन बनाए थे।

**नीतीश रेड्डी के पिता बोले**

यह हमारे लिए बहुत ही स्पेशल मोमेंट है। इस दिन को कभी नहीं भूलेंगे। आज हम काफी खुश हैं। जब से वे अंडर 14, अंडर 16 लेवल पर क्रिकेट खेल रहे थे। तब से हम सब ने काफी मेहनत की है। जब सिराज बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हम सब की दिल की धड़कने बढ़ गईं थीं।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
**Email Id- rwdsimdega@gmail.com**

पत्रांक :......................... सिमडेगा/दिनांक :........../............/....................

प्रेस विज्ञप्ति आवश्यक सूचना

इस प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा इस प्रमण्डल, के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत ननेसेरा से टिम्बा टोली होते हुए चेनाबारी तक पथ निर्माण कार्य (लं0– **3.2**कि0मी0) के संवेदक **Md. Yasin Construction Pvt. Ltd, Anish Shad, S/o Md. Yasin College Road Simdega, Dist, Simdega- 835223.** को सूचित किया जाता है, कि उक्त कार्य के एकरारित अवधि समाप्त हो जाने के बावूजद आपके द्वारा पूर्ण नहीं किया गया है, जो एकरारनामा का उल्लंघन है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 21-02-2023 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 20-05-2024 है। आपको कार्य पूर्ण करने के लिए इस कार्यालय का पत्रांक 1829 दिनांक 30-09-2023, पत्रांक 985 दिनांक 05-06-2024, पत्रांक 1033 दिनांक 13-06-2024 एवं पत्रांक 1698 दिनांक 19-09-2024 के द्वारा पत्र लिखा गया है परन्तु आप पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। लम्बें समय तक जान बूझकर कार्य को पूर्ण नहीं करना एवं मनमाने ढंग से कार्य को बंद रखना, आपके लापरवाही, उदासीनता एवं उदण्डता का परिचायक है। आपके द्वारा एकरारनामा की शर्तो का अनुपालन नहीं किया गया। आपको अन्तिम रूप से प्रेस के माध्यम से निदेश दिया जाता है कि कार्य को यथाशीघ्र प्रारंभ करते हुए गुणवत्ता एवं विशिष्टियों के अनुरुप पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा बाध्य होकर एकरारनामा में निहित कंडिकाओं के अनुसार उचित अग्रेतर कार्रवाई करते हुए पथ का अन्तिम मापी तथा आपके निबंधन को काली सूची में डालने की अनुशंसा उच्चाधिकारियों से की जायेगी।

| क्र0 | प्रखंड | पथ का नाम | लम्बाई (कि0मी0) | संवेदक का नाम | एकरारनामा संख्या | एकरारनामा एवं कार्य प्रारंभ की तिथि | एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि | वर्तमान में कार्य संपादन की स्थिति | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | सिमडेगा सदर | ननेसेरा से टिम्बा टोली होते हुए चेनाबारी तक पथ। | 3.2 | Md. Yasin Construction Pvt. Ltd. | 12 F2 of 2022-23 | 21-02-2023 | 20-05-2024 | पुल/ पुलिया मिट्टी कार्य किया गया है। GSB एवं WMM कालीकरण कार्य शेष है। | आपके द्वारा पथ में मिट्टी कार्य किया गया है। लम्बे समय से कार्य बन्द रहने के कारण किया गया कार्य अधिकांश जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 343059 Rural Work Department(24-25)D

## दिव्यांग बच्चों ने इस्कॉन मंदिर में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त किया



### नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट के पहला कदम स्कूल की अनूठी पहल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** जगजीवन नगर स्थित नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित पहला कदम स्कूल के विशेष बच्चों ने शनिवार को इस्कॉन मंदिर का दौरा किया। इस पहल का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्रदान करना था।इस दौरान बच्चों ने मंदिर की भव्यता का आनंद लिया और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। इस्कॉन मंदिर के पुजारियों और कार्यकताओं ने बच्चों का स्वागत किया और भगवान श्रीकृष्ण की महिमा से परिचित कराया। बच्चों को भक्ति गीत और आरती में भी शामिल होने का अवसर मिला, जिससे उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। पहला कदम स्कूल की सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को समाज के साथ जुड़ने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद मिलती है। बच्चों के साथ उनके शिक्षक और ट्रस्ट के सदस्य भी मौजूद थे, जिन्होंने इस अनुभव को स्मरणीय बनाने में योगदान दिया। मंदिर विजिट के बाद बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया। पहला कदम स्कूल ने इस पहल को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया है ताकि विशेष बच्चों को समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिल सके। नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट की यह पहल सराहनीय है और समाज के प्रति सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

## राष्ट्र प्रेम, सादगी-विद्वता के लिए सदा याद किये जायेंगे डॉ मनमोहन सिंह : सतपाल सिंह



**झरिया (आजाद सिपाही )।** पूर्व प्रधान मंत्री प्रख्यात विद्वान अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन पर बड़ा गुरुद्वारा परिसर बैंक मोड़ में सिख समाज के हर उम्र के लोगों ने श्रद्धांजलि दी। गुरुद्वारे में उनकी आत्मा की शांति के लिए अरदास की गयी। पूर्व उपाध्यक्ष सतपाल सिंह ने कहा मनमोहन सिंह जी उन दिग्गजों में से एक थे जो देश के वित्त मंत्री रिजर्व बैंक आफ इंडिया के गवर्नर और योजना आयोग के प्रमुख महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए राष्ट्र की सेवा में जो योगदान दिया है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। उनका निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है उनका व्यक्तित्व सरलता शालीनता सादगी विद्वता और देश के प्रति समर्पण का प्रतीक था। श्रद्धांजलि देने वालों में सतपाल सिंह ब्रोका, तेजपाल सिंह, मनजीत सिंह, पाथरडीह तीरथ सिंह गुरचरण सिंह माझा दलबीर सिंह इंद्रजीत सिंह ज्ञान सिंह बजिंदर सिंह सत्येंद्र सिंह नरेंद्र सिंह हरपाल सिंह जीतपाल सिंह, श्रेया कौर, पम्मी कौर, रविंदर कौर, सनी सिंह, हरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, राजप्रीत सिंह, हरप्रीत सिंह, जसमीत सिंह ,बलजीत सिंह, मोहन सिंह आदि सैंकडों जन थे।

## अस्पताल और इनमोसा ने संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया



**धनसार (आजाद सिपाही )।** बस्ताकोला ऑफिसर्स कलब मे शनिवार को बीसीसीएल सेन्ट्रल अस्पताल और इनमोसा ने संयुक्त रूप से रक्त दान शिविर का आयोजन किया। शिविर में बीसीसीएल के विभिन्न यूनिट से पहुंचे इनमोसा के सदस्यों ने तीस यूनिट ब्लड दान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीटी ओपी संजय कुमार सिंह, डीपी मुरली कृष्ण रमैया, डायरेक्टर फाइनेंस ने कर्मियों का उत्साहवर्धन किया, कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान कर हम दूसरे के जीवन को बचा सकते है। वही इन इनमोसा के महामंत्री कुश कुमार ने कहा कि इनमोसा कोयला उत्पादन के साथ समय समय पर बीसीसीएल कर्मियों की जान बचाने के लिए रक्तदान शिविर का भी आयोजन करती है। रक्तदान शिविर ने दान किये गये रक्त को केंद्रीय अस्पताल में देकर मरीजों की जान बचाई जायेगी। कार्यक्रम में सीएमओ वंदना कुमारी बस्ताकोला महाप्रबंधक अनिल कुमार सिन्हा, एपीएम अभिषेक राय, देवाशीष बाग, देशराज कुमार सहित विभिन्न कोलियरी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एमडीओ की सीएसआर योजना के तहत 44 प्रशिक्षुओं को मिला प्रशिक्षण प्रमाण पत्र




**सिंदरी/धनबाद (आजाद सिपाही )।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के कोलियरी डिवीजन, तासरा प्रोजेक्ट के एमडीओ (टीएमपीएल) के सहयोग से सीएसआर योजना के तहत 44 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिए गये हैं। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षुओं को उनके द्वारा बनाये गये उत्पादों के लिए चेक और पुरस्कार भी दिए गये। साथ ही, 50 नये प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण किट भी दिया गया। सेल के कार्यपालक निदेशक, संजीव कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, स्वरोजगार, स्वावलंबन और सामाजिक विकास की दिशा में एक अच्छा प्रयास है।

## टुंडी में लगातार हाथियों का आतंक लोगों का जीना हुआ मुहाल



**टुंडी (आजाद सिपाही )।** टुंडी में इन दिनों लगातार हाथियों के आंतक से परेशान कर रखा है। इसका जीता जागता उदाहरण कल देखने को मिला जब मनियांडीह थाना क्षेत्र के झिनाकी निवासी संतोष राय पिता मंझलू अपने सारे कामों को निपटा कर खाना खाकर अपने घरों में विश्राम कर रहे थे। तभी अचानक रात दस बजे पांच छह हाथियों का झुंडों से उनके घर में दबिश दिया और अनाज के खोज में घर को तोड़ डाला। बताया जाता है कि टुंडी में आये दिन गजराज महाराज का आगमन होते रहता है जिससे किसानों को इनके द्वारा किए गये तोड़-फोड़ से ज्यादा नुकसान हो रहा है। संतोष राय ने टुंडी वन विभाग के प्रभारी फोरेस्टर शहीद अली और प्रकाश टुडू जो घटना की खबर पर घटनास्थल पहुंचे थे। उन्हें क्षतिग्रस्त घर का सही आकलन कर कागजी कारवाई करते हुए उचित मुआवजा दिलाने का मांग किया है।

## भारत ने एक महान अर्थशास्त्री को खो दिया : प्रवीण कुमार जायसवाल



टुंडी (आजाद सिपाही )। पूर्व प्रधानमंत्री अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर टुंडी प्रखंड उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार जायसवाल ने दु:ख व्यक्त किया है। जायसवाल ने कहा कि देश ने एक महान अर्थशास्त्री और राजनेता को खो दिया जिसकी भरपाई कर पाना बहुत ही कठिन है। जायसवाल ने कहा कि जब देश आर्थिक संकट से गुजर रहा था उस समय तक डॉ मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री रहते हुए आर्थिक संकट से भारत को निजात दिलायी थी। जायसवाल ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह एक ईमानदार और कुशल व्यक्तित्व वाले व्यक्ति थे।मौके पर कांग्रेस नेता शंकर प्रजापति, रमन कुमार मिश्रा, निशा सिंह, असद कलीम, योगेश प्रसाद रजक, मजीद अंसारी, रजाउदीन अंसारी, इलियास अंसारी, आनंद कुमार मोदक, रोहित सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

## किसानों का धान क्रय के लिए करें पंजीकरण: एसी



बोकारो (आजाद सिपाही )। समाहरणालय स्थित सभागार में को एसी मो मुमताज अंसारी ने धान अधिप्राप्ति कार्य की समीक्षा बैठक की। मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, सभी प्रखंड बीसीओ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, संबंधित पैक्सों के अध्यक्ष, संबंधित राइस मीलों के मालिक आदि उपस्थित थे। कहा कि धान क्रय के लिए जो चिन्हित पैक्स हैं, उसका व्यापक प्रचार करें। उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य 2400 प्रति क्विटंल की जानकारी दें। वहीं धान क्रय केंद्रों से संबंधित पैक्सों का निरीक्षण प्रतिनियुक्त बीसीओ/जन सेवक को नियमित करने और साप्ताहिक धान क्रय मीलिंग आदि का प्रतिवेदन जिला को समर्पित करने का निर्देश दिया। बैठक में राइस मीलों के संचालक/प्रतिनिधियों, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी/प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी आदि को धान अधिप्राप्ति के लक्ष्य को प्राप्त करने को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया। राईस मिलर द्वारा ससमय सीएमआर जमा करने को कहा।



### समाहरणालय, लातेहार
### (भू–अर्जन शाखा)

### समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अधिसूचना

(देखें नियम 6 का उप–नियम(1))

संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधनों के तहत् सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–217 दिनांक– 07.06.2024 के द्वारा **राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** के लिए M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 के द्वारा उक्त परियोजना हेतु S.I.A.(Social Impact Assessment) करने के लिए सहमति दी गई है। एतद् द्वारा **राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** हेतु ग्राम–डडैया चादर–I में भूमि का रकबा–**215.44** एकड़ भूमि का सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचना निर्गत की जाती है।

1. परियोजना का नाम :– **राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक** मौजा– डडैया अंचल–चन्दवा जिला लातेहार
2. ग्राम का नाम :– डडैया चादर–I थाना नं0–247 राजस्व, थाना–चन्दवा पुलिस स्टेशन–चन्दवा, जिला लातेहार
3. भूमि की विवरणी :–

| क्र० सं० | ग्राम का नाम | खाता संख्य I | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 96 | डडैया चादर–I | 28 | 292 | धान दो | 0.16 | 0.16 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–निज दक्षिण–निज |
| 97 | डडैया चादर–I | 28 | 293 | धान दो | 0.70 | 0.70 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–निज दक्षिण–निज |
| 98 | डडैया चादर–I | 28 | 296 | टांड़ दो | 0.25 | 0.25 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–निज दक्षिण–निज |
| 99 | डडैया चादर–I | 28 | 311 | टांड़ दो | 0.13 | 0.13 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–निज दक्षिण–निज |
| 100 | डडैया चादर–I | 28 | 315 | टांड़ एक | 0.61 | 0.61 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–महाविर उरांव दक्षिण–जग्गु उरांव |
| 101 | डडैया चादर–I | 28 | 317 | धान दो | 0.36 | 0.36 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–निज दक्षिण–बद्री उरांव |
| 102 | डडैया चादर–I | 28 | 327 | धान एक | 0.14 | 0.14 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–निज दक्षिण–बद्री उरांव |
| 103 | डडैया चादर–I | 28 | 329 | धान दो | 0.10 | 0.10 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–निज दक्षिण–बद्री |
| 104 | डडैया चादर–I | 28 | 387 | मकान मय शहन | 0.04 | 0.04 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर– दक्षिण– |
| 105 | डडैया चादर–I | 28 | 388 | टांड़ एक | 0.21 | 0.21 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–रास्ता दक्षिण–रास्ता |
| 106 | डडैया चादर–I | 28 | 391 | टांड़ एक | 1.60 | 1.60 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–निज दक्षिण–दक्ष यादव |
| 107 | डडैया चादर–I | 28 | 815 | धान एक | 0.78 | 0.78 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–बांध दक्षिण–बबल यादव |
| 108 | डडैया चादर–I | 28 | 918 (P) | धान दो | 0.45 | 0.15 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–मोहित यादव दक्षिण–बाबुलाल गंझु |
| 109 | डडैया चादर–I | 28 | 919 (P) | धान एक | 0.30 | 0.10 | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | तिवारी उराँव, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व मणिलाल उराँव वो लक्ष्मीलाल उराँव, पिता–जितन उराँव एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली व गनौरी उराँव, पिता–दुखन उराँव दो अंश, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम टोला कुशुम टोली | उत्तर–तपेश्वर यादव दक्षिण–बाबुलाल यादव |
| 110 | डडैया चादर–I | 29 | 220 | टांड़ दो | 0.77 | 0.77 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–निज दक्षिण–निज |
| 111 | डडैया चादर–I | 29 | 237 | टांड़ दो | 0.10 | 0.10 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–निज दक्षिण–निज |
| 112 | डडैया चादर–I | 29 | 272 | धान दो | 0.04 | 0.04 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–निज दक्षिण–निज |
| 113 | डडैया चादर–I | 29 | 285 | धान दो | 0.17 | 0.17 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–मोटिआर दक्षिण–निज |
| 114 | डडैया चादर–I | 29 | 291 | धान दो | 0.25 | 0.25 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–किनु गंझु दक्षिण–बांध |
| 115 | डडैया चादर–I | 29 | 297 | धान दो | 0.58 | 0.58 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–बिहार सरकार दक्षिण–महाविर उरांव |
| 116 | डडैया चादर–I | 29 | 309 | टांड़ एक | 0.48 | 0.48 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–रामचरण उरांव दक्षिण–रास्ता |
| 117 | डडैया चादर–I | 29 | 310 | मकान मय शहन | 0.18 | 0.18 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– दक्षिण– |
| 118 | डडैया चादर–I | 29 | 316 | टांड़ एक | 0.04 | 0.04 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–महाविर उरांव दक्षिण–निज |
| 119 | डडैया चादर–I | 29 | 362 | धान दो | 1.21 | 1.21 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–पुरानी परती दक्षिण–पुरानी परती |
| 120 | डडैया चादर–I | 29 | 363 | टांड़ दो | 0.08 | 0.08 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–करमा उरांव दक्षिण–निज |
| 121 | डडैया चादर–I | 29 | 364 | टांड़ दो | 0.23 | 0.23 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–बद्री उरांव दक्षिण–निज |
| 122 | डडैया चादर–I | 29 | 366 | टांड़ दो | 0.41 | 0.41 | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति–उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | तिवारी भगत, पिता–बड़का बिरसा एक अंश, जाति, उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व मणिलाल वो लक्ष्मीलाल, पिता–किशुनदयाल भगत एक अंश समान, जाति– उराँव, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–निज दक्षिण–तिवारी उरांव |
| 123 | डडैया चादर–I | 31 | 579 | धान दो | 0.16 | 0.16 | दुखनी देवी वो नकनी देवी, पिता–भरवा महतो अंश समान जाति यादव, निवासी निज ग्राम | दुखनी देवी वो नकनी देवी, पिता–भरवा महतो अंश समान जाति यादव, निवासी निज ग्राम | उत्तर–निज दक्षिण–फुनेश्वर यादव |
| 124 | डडैया चादर–I | 33 | 392 | टांड़ दो नई परती | 0.82 | 0.82 | धिरीक्ष यादव, पिता–गेन्दा यादव एक अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व रामसेवक यादव वो भगेश्वर यादव वो कपिश्वर यादव, पिता–बंसत यादव एक अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | धिरीक्ष यादव, पिता–गेन्दा यादव एक अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व रामसेवक यादव वो भगेश्वर यादव वो कपिश्वर यादव, पिता–बंसत यादव एक अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–सुर्या उरांव दक्षिण–निज |
| 125 | डडैया चादर–I | 33 | 449 | टांड़ दो | 0.09 | 0.09 | धिरीक्ष यादव, पिता–गेन्दा यादव एक अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व रामसेवक यादव वो भगेश्वर यादव वो कपिश्वर यादव, पिता–बंसत यादव एक अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | धिरीक्ष यादव, पिता–गेन्दा यादव एक अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व रामसेवक यादव वो भगेश्वर यादव वो कपिश्वर यादव, पिता–बंसत यादव एक अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर– दक्षिण– |
| 126 | डडैया चादर–I | 33 | 452 | धान एक | 0.16 | 0.16 | धिरीक्ष यादव, पिता–गेन्दा यादव एक अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व रामसेवक यादव वो भगेश्वर यादव वो कपिश्वर यादव, पिता–बंसत यादव एक अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | धिरीक्ष यादव, पिता–गेन्दा यादव एक अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व रामसेवक यादव वो भगेश्वर यादव वो कपिश्वर यादव, पिता–बंसत यादव एक अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–निज दक्षिण–धिरीक्ष यादव |
| 127 | डडैया चादर–I | 33 | 770 | धान दो | 0.39 | 0.39 | धिरीक्ष यादव, पिता–गेन्दा यादव एक अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व रामसेवक यादव वो भगेश्वर यादव वो कपिश्वर यादव, पिता–बंसत यादव एक अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | धिरीक्ष यादव, पिता–गेन्दा यादव एक अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व रामसेवक यादव वो भगेश्वर यादव वो कपिश्वर यादव, पिता–बंसत यादव एक अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | उत्तर–रास्ता दक्षिण–निज |
| 128 | डडैया चादर–I | 33 | 771 | टांड़ एक | 1.04 | 1.04 | धिरीक्ष यादव, पिता–गेन्दा यादव एक अंश, जाति अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन व रामसेवक यादव वो भगेश्वर यादव वो कपिश्वर यादव, पिता–बंसत यादव एक अंश समान, जाति–अहीर, निवासी–निज ग्राम पत्रालय होलन | सुदामा यादव, पिता–फनेश्वर यादव | 0º62 |
| 129 | डडैया चादर–I | | | | | | | मुरली यादव वो सन्तु लाल यादव, पिता–सरयु यादव, जाति–ग्वाला | |
| 130 | डडैया चादर–I | 36 | 816 | टांड़ एक | 0.33 | 0.33 | बड़हन महतो वो लखन महतो वो कुलेश्वर महतो, पिता– चमन महतो अंश समान, जाति–यादव, निवासी–निज ग्राम टोला बरवाटोली | बड़हन महतो वो लखन महतो वो कुलेश्वर महतो, पिता– चमन महतो अंश समान, जाति–यादव, निवासी–निज ग्राम टोला बरवाटोली | उत्तर–बांध दक्षिण–हरिलाल महतो |

PR 343119 (Land Reforms) 24-25 (D)

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार।

# पीएम मोदी ने की भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश से मुलाकात, विजेता को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश से मुलाकात की और उन्हें विश्व शतरंज चैंपियनशिप का खिताब जीतने के लिए बधाई दी। इस दौरान गुकेश के माता-पिता भी मौजूद रहे। बता दें कि, इसी महीने गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 14वें और अंतिम दौर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर खिताब अपने नाम किया था। लिरेन को हराकर वह सबसे युवा विश्व शतरंज चैंपियन बन गये। 18 वर्ष की उम्र में उन्होंने इतिहास रच दिया। गुकेश ने पीएम को दिया खास तोहफा पीएम आवास में हुई इस मुलाकात के दौरान गुकेश ने पीएम मोदी को खास तोहफा भी दिया। उन्होंने पीएम को शतरंज की बिसात भेंट की। पीएम ने इसकी तस्वीर साझा करते हुए अपने एक्स हैंडल पर लिखा- मुझे गुकेश से उस खेल की असली शतरंज की बिसात पाकर भी बहुत खुशी हुई, जिसमें उन्होंने जीत हासिल की थी। शतरंज की बिसात, जिस पर उनके और डिंग लिरेन दोनों के हस्ताक्षर हैं, एक अनमोल स्मृति है।

## भवानीपटना में भीषण ट्रक दुर्घटना में दो ट्रक चालकों की जलकर मौत



**कालाहांडी (आजाद सिपाही)।** कालाहांडी जिले के सदर थाना क्षेत्र के भवानीपटना के पास शनिवार को कोयला लदे ट्रक ने चावल लदे ट्रक को टक्कर मार दी, जिससे दो चालक जलकर खाक हो गये। ट्रकों के टकराने के बाद भीषण आग लग गयी, जिससे चालक भी झुलस गये। जानकारी के अनुसार, भवानीपटना में ट्रक दुर्घटना शनिवार सुबह करीब 4 बजे हुई। चावल ले जाने वाला ट्रक खड़ा था, तभी कोयले से लदा ट्रक उसमें जा घुसा। घटना के बाद कोयले से लदे ट्रक में आग लग गयी, जिसमें चालक की जलकर मौत हो गयी। आग इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रक जलकर राख हो गये। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन भीषण आग ने दो ड्राइवरों की जान ले ली। हालांकि, दुर्घटना के पीछे की असली वजह का अभी पता नहीं चल पाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जले हुए ट्रकों को जब्त कर लिया है और मृतकों के शव बरामद किये हैं। पुलिस अभी तक मृतकों की पहचान नहीं कर पाई है। भवानीपटना में हुए ट्रक हादसे में लगी आग की भयावहता को देखकर स्थानीय लोग दहशत में हैं।

## मलकानगिरी में जंगल से 8 लाख रुपये के इनामी तीन कट्टर महिला माओवादी गिरफ्तार




**मलकानगिरी ( आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के मलकानगिरी जिले में शनिवार को एक बड़ी सफलता मिली, जहां तीन कट्टर महिला माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। उन्हें मलकानगिरी जिले के चित्रकोंडा पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत गुंथाबेड़ा जंगल से गिरफ्तार किया गया। दक्षिण पश्चिम डीआइजी नितीशेखर ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार तीन महिला माओवादियों की पहचान स्वप्ना, कमला और सुष्मिता के रूप में हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने तीन कट्टर महिला माओवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस और डीवीएफ जवानों के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान उन्हें पकड़ा गया। इनमें से हर एक महिला आतंकी के सिर पर 8 लाख रुपये का इनाम घोषित था। स्वप्ना पर 4 लाख रुपये, कमला और सुष्मिता पर 2-2 लाख रुपये का इनाम था।

## ओड़िशा में बड़ा फेरबदल : 208 पुलिस निरीक्षकों का तबादला




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा पुलिस में बड़ा फेरबदल करते हुए एक साथ 208 पुलिस इंस्पेक्टरों का तबादला कर दिया गया है। सभी 208 पुलिस इंस्पेक्टरों को ओड़िशा के अलग-अलग जिलों में स्थानांतरित कर दिया गया है। कुछ अन्य को अपराध शाखा, सतर्कता, राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी), खुफिया विभाग और अंगुल स्थित पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में स्थानांतरित किया जायेगा। इसके साथ ही कमिश्नरेट पुलिस से 25 पुलिसकर्मियों को रिलीव कर दिया गया है। भुवनेश्वर में हवलदार, कांस्टेबल और सिपाही कार्यक्रम में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री मोहन माझी ने बताया कि हवलदार, कांस्टेबल और सिपाही को एक महीने का वेतन अग्रिम मिलेगा और वह भी बढ़ी हुई मजदूरी दर के अनुसार। हवलदार और कांस्टेबल के लिए साइकिल भत्ता 300 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह, वर्दी, जूते के लिए उन्हें पहले 5,000 रुपये के मुकाबले 10,000 रुपये मिलेंगे। इससे पहले 24 नवंबर को ओड़िशा सरकार ने ओएएस कैडर में मामूली फेरबदल करते हुए कुल 19 अधिकारियों को नयी नियुक्तियां दी थीं।




# डॉ भारती कश्यप को आइएमए नेशनल प्रेसिडेंटस बेस्ट सोशल एक्टिविटी एप्रेसिअशन अवार्ड मिला

## डॉ बीपी कश्यप एमजी गर्ग अवार्ड से हुए सम्मानित

- 33 वर्षो से 'दृष्टि सुरक्षा' अभियान चला रहीं हैं डॉ भारती कश्यप
- प्रशिक्षित मानव संसाधन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी

आजाद सिपाही संवाददाता



हैदराबाद में अवार्ड से सम्मानित डॉ भारती कश्यप और डॉ बीपी कश्यप।

**हैदराबाद।** नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ भारती कश्यप को 27 दिसंबर को सेंटेनरी कन्वेंशन सेंटर, इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया, गच्चीबौली, हैदराबाद में नेशनल आइएमए द्वारा आयोजित वार्षिक कांफ्रेंस नेटकोन 2024 के एक भव्य समारोह में आइएमए नेशनल प्रेसिडेंटस बेस्ट सोशल एक्टिविटी अप्रेसिअशन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान नेशनल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के नेशनल प्रेसिडेंट डॉ आरवी अशोकन एवं सेक्रेटरी डॉ अनिल नायक द्वारा उनके द्वारा समाज सेवा के लिए निरंतर किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया। साथ ही डॉ बीपी कश्यप को एमजी गर्ग अवार्ड से किया गया सम्मानित।

**सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन अभियान :** वर्ष 2014 से डॉ भारती कश्यप लगातार पलामू प्रमंडल, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, कोल्हान प्रमंडल और संथाल परगना प्रमंडल में मेगा महिला स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान चला रहीं हैं जिसका मुख्य उदेश्य सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन है। 2024 में एक साल में कोल्हान के गुआ, गोल्केरा और टोंटो में महिला स्वास्थ्य और दृष्टि सुरक्षा पर केन्द्रित मेगा स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान चलाया गया।

झारखंड में पहली बार अप्रैल 2021 से अक्टूबर 2024 के बीच प्रजनन आयु वर्ग की कुल 4,44,301 महिलाओं की गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की जांच की गई। डॉ भारती कश्यप के प्रयासों से झारखंड में धीरे-धीरे एक बड़ा सामाजिक बदलाव आ रहा है क्योंकि दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में महिलाएं न केवल प्रजनन स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रही हैं बल्कि हजारों अन्य लोगों को गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर जैसी घातक बीमारियों के प्रति जागरूक भी कर रही हैं।

डॉ भारती कश्यप के द्वारा प्रशिक्षित मानव संसाधन का एक विशाल नेटवर्क तैयार किया जा रहा है ताकि स्थानीय लोगों का इलाज स्थानीय डॉक्टरों के द्वारा हो सके। मेगा महिला स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान के शिविरों में स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सरकारी डॉक्टरों को डिजिटल वीडियो कोल्पोस्कोप गाइडेड क्रायो ट्रीटमेंट का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि सरकारी अस्पतालों में स्थानीय लोगों को यह इलाज लगातार मिल सके।

**दृष्टि सुरक्षा अभियान :** अब तक करीब बीस लाख से अधिक स्कूली छात्रों को इसका फायदा झारखंड में मिला है। वह अपने नेत्र शिविरों में हजारों लोगों का इलाज कर चुकी हैं, जिनमें आदिम जनजाति समूह के लोग, मानव तस्करी के शिकार लोग, अखबार बेचने वाले, मधुमेह रोगी, वृद्धाश्रम में रहने वाले लोग, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोग, स्पास्टिक बच्चे, खिलाड़ी और यहां तक कि ट्रक चालक भी शामिल हैं। इस वर्ष अभी तक कश्यप मेमोरियल आई बैंक में 116 नेत्र प्रत्यारोपण किये जा चुके हैं। संपूर्ण झारखंड राज्य को एक साल में 150 कॉर्निया ट्रांसप्लांट का लक्ष्य है। कश्यप मेमोरियल आई बैंक में अब तक करीब 1000 नेत्र प्रत्यारोपण किये जा चुके है।

# ओड़िशा में जीरो नाइट सेलिब्रेशन: नहीं दिया जायेगा कोई अस्थायी शराब लाइसेंस

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने हाल ही में एक प्रेस वार्ता में कहा कि राज्य में जीरो नाइट समारोहों पर सख्त नियम लागू किये जायेंगे। उन्होंने आगे कहा कि नये साल की पूर्व संध्या पर समारोहों के लिए कोई अस्थायी शराब लाइसेंस नहीं दिया जायेगा। रिपोर्ट के अनुसार, कानून मंत्री ने आगे कहा कि शराब की अवैध बिक्री या बिना लाइसेंस के शराब की बिक्री के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जायेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले स्थानों की सख्त जांच की जायेगी और उन पर प्रतिबंध लगाया जायेगा। ये प्रतिबंध 31 जनवरी, 2025 तक लागू रहेंगे। उम्मीद है कि इस बार नये साल के जश्न में खूब मौज-मस्ती होगी, इसलिए नियम और कानून और सख्त होंगे। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि जीरो नाइट के लिए कोई अस्थायी लाइसेंस नहीं दिया जायेगा। अगर किसी भी जगह, रेस्टोरेंट या क्लब में अवैध रूप से शराब बेची जाती है तो सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। कानून मंत्री ने कहा कि कोई भी आयोजक जीरो नाइट सेलिब्रेशन का बहाना बनाकर अवैध शराब नहीं बेच सकता। विभाग को अगले जनवरी के अंत तक सख्त जांच करने के निर्देश दिए गये हैं। कानून मंत्री ने कहा कि इस संबंध में हर जिले को सूचित भी कर दिया गया है। उपरोक्त प्रतिबंधों के अलावा, ओड़िशा आबकारी विभाग नये साल से पहले मादक पदार्थों की तस्करी पर कड़ी नजर रखेगा। विभाग को विभिन्न स्रोतों से जानकारी मिली है कि कुछ जगहों पर जीरो नाइट की तैयारी चल रही है, हालांकि इन आयोजकों को इसके लिए अनुमति नहीं मिली है। आबकारी आयुक्त नरसिंह भोला ने चेतावनी दी है कि विभाग जल्द ही इसे रोकने के लिए कदम उठायेगा।

आबकारी विभाग ने कहा है कि मादक पदार्थों की तस्करी को कम करने के लिए जांच जनवरी के मध्य तक जारी रहेगी। बताया जा रहा है कि जिला कलेक्टरों को भी साल के इन आखिरी दिनों में मादक पदार्थों की तस्करी पर नजर रखने के निर्देश दिए गये हैं। एसटीएफ और आबकारी विभाग विभिन्न संदिग्ध ठिकानों पर संयुक्त छापेमारी करेंगे। इस संबंध में एक बड़ी टीम का गठन किया गया है।

## भुवनेश्वर में लूट की कोशिश के आरोप में चार धोखेबाज बाबा हिरासत में लिये गये



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एक चौंकाने वाली घटना में, चार धोखेबाज बाबाओं को लोगों को लूटने की कोशिश करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। यह घटना भुवनेश्वर के मैत्री विहार में हुई। स्थानीय लोगों को कुछ गड़बड़ का आभास हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह भगवा रंग के कपड़े पहने चार लोग घर-घर जाकर भिक्षा मांग रहे थे। हालांकि, कुछ घरों में वे अधिक भिक्षा मांग रहे थे। इससे स्थानीय लोगों को संदेह हुआ। फर्जी बाबा बनकर घूम रहे चारों लोगों के पहनावे, बातचीत करने का तरीका और हाव-भाव संदिग्ध लगे। नतीजतन स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने चारों फर्जी बाबाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चारों लोग राजस्थान के हैं। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।




# केआइआइटी ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय योगासन चैंपियनशिप 2024-25 में दो पदक जीते

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कौशल और समर्पण के शानदार प्रदर्शन में, (केआइआइटी) विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय योगासन चैंपियनशिप (पुरुष और महिला) 2024-25 में दो पदक हासिल किए - पारंपरिक व्यक्तिगत महिला वर्ग में एक स्वर्ण और महिलाओं की पारंपरिक टीम स्पर्धा में एक कांस्य। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ, पदक विजेताओं ने प्रतिष्ठित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2024-25 के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है, जिससे उत्कृष्टता के एक और अध्याय की शुरूआत हो गयी है। 28 दिसंबर 2024 को बीजू पटनायक मल्टीपर्पज इंडोर स्टेडियम, (केआइआइटी) में संपन्न हुई इस चैंपियनशिप में देश भर से बेहतरीन योगासन प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया। अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय योगासन चैंपियनशिप (पुरुष और महिला) 2024-25 के भव्य समापन समारोह के दौरान, योगासन भारत के महासचिव डॉ जयदीप आर्य ने केआइआइटी, केआइएसएस और केआइएमएस के माननीय संस्थापक प्रोफेसर अच्युत सामंत की हार्दिक प्रशंसा की, तथा विश्व स्तरीय खेल अवसंरचना को बढ़ावा देने के लिए उनके अटूट समर्पण और राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर खेल एवं योग के विकास के प्रति उनके अथक समर्थन की सराहना की। इस समारोह में केआइआइटी डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर देबाशीष बंद्योपाध्याय और केआइआइटी और केआइएसएस के आयोजन सचिव और खेल एवं योग महानिदेशक डॉ गगनेंदु दाश की गरिमामयी उपस्थिति ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई, जिन्होंने इस प्रतिष्ठित आयोजन के निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रो अच्युत सामंत ने पदक विजेताओं और भाग लेने वाले सभी एथलीटों को बधाई दी और उन्हें आशीर्वाद दिया और हर स्तर पर खेल और एथलीटों को सशक्त बनाने के लिए अपने दृढ़ समर्पण पर जोर दिया। इस वर्ष तीन प्रमुख राष्ट्रीय विश्वविद्यालय चैंपियनशिप- तीरंदाजी, योगासन और एथलेटिक्स-की सफलतापूर्वक मेजबानी करने वाले केआआइटी विश्वविद्यालय ने 15,000 से अधिक एथलीटों की भागीदारी के साथ, अकादमिक प्रतिभा के साथ खेल उत्कृष्टता को एकीकृत करने में एक प्रेरक मानदंड स्थापित करना जारी रखा है। योगासन चैंपियनशिप 28 दिसंबर 2024 को समाप्त हुई, जबकि एथलेटिक्स चैंपियनशिप का भव्य समापन समारोह 30 दिसंबर 2024 को निर्धारित किया गया है, जो राष्ट्रीय मंच पर प्रतिभा, समर्पण और खेल कौशल का एक और महत्वपूर्ण उत्सव मनाने का वादा करता है।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**